राष्ट्रीय दैनिक अख़बार

दैनिक शुभ भास्कर

भारत के सभी राज्यों से जिला ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर विज्ञापन प्रभारी जुड़ने के लिए संपर्क करे

संपर्क सूत्र -
बिहार, झारखण्ड - +91 7764978689
उत्तर प्रदेश - +91 9625958256
अन्य राज्य - 8804707324 , 9625958256

# दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

• वर्ष : 1 • अंक : 179 • नई दिल्ली, शुक्रवार 06 अक्टूबर 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737



3 ग्राम पंचायतों में जन संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन...

## लालू-राबड़ी-तेजस्वी महाभ्रष्टः जेपी नड्डा, तीनों कल ही जमानत कराकर आए हैं

दैनिक शुभ भास्कर । पटना

जेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गुरुवार को पटना पहुंचे। बापू सभागार में कैलाशपति मिश्र की 100वीं जयंती के कार्यक्रम में उन्होंने 31 मिनट तक भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने I.N.D.I.A गठबंधन और लालू परिवार पर हमला बोला। नड्डा ने कहा कि I.N.D.I.A गठबंधन तीन आधार पर टिका है। पहला-परिवारवाद, दूसरा- भ्रष्टचार और तीसरा- तुष्टिकरण पर टिका है। बिहार में एक ही परिवार के लालू, राबड़ी, तेजस्वी और मीसा भारती हैं। उन्होंने कहा कि बाप, बेटा, मां और बेटी ये महाभ्रष्ट हैं। चारों कल ही तो जमानत कराकर आए हैं। उन्होंने गठबंधन में शामिल सभी पार्टियों को गिनाया और कहा कि ये परिवार की पार्टी हैं। पहले ये बनती हैं क्षेत्रीय पार्टियां, फिर बनती हैं पारिवारिक पार्टियां, पारिवारिक पार्टियों का समाप्त होना निश्चित है। उन्होंने कहा कि अब बीजेपी बिना किसी के कंधे पर बैठे चुनाव लड़ेगी और राज्य में सरकार बनाएगी। नड्डा ने कहा कि दरभंगा में मोदी जी ने एम्स दिया। मैं हेल्थ मिनिस्टर था। नीतीश जी से जमीन मांगते-मांगते थक गया। आज भी उसका पैसा रखा हुआ है। जैसे ही जमीन मिलेगी।





कम शुरू हो जाएगा। भ्रष्टाचार से जो आकंठ डूबा हो और तुष्टिकरण करे, ऐसी सरकार को गुड बॉय कहने क समय आ गया है। नड्डा ने ओबीसी मामले पर I.N.D.I.A गठबंधन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ओबीसी को संवैधानिक दर्जा देने का काम नरेन्द्र मोदी जी ने किया। केंद्रीय योजनाओं का सबसे ज्यादा लाभ ओबीसी को मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि जितने कांग्रेस के सांसद हैं, उससे ज्यादा बीजेपी में ओबेसी के सांसद हैं। 27 ओबीसी मंत्री, 85 ओबीसी सांसद और 1000 से ज्यादा ओबीसी विधायक हैं। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि अगर 2024 लोकसभा चुनाव बीजेपी जीत गई तब बिहार सरकार कितने दिन चलेगी देखते रहिए। इसके पहले नड्डा का एयरपोर्ट पर रिसीव करने काफी संख्या में कार्यकर्ताओं और पार्टी नेता पहुंचे थे। नड्डा आज पटना में 7 घंटे तक बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ मंथन करेंगे। इस दौरान वे बिहार में पार्टी की जीत का फॉर्मूला निकालेंगे। 9 महीने के अंदर वो दूसरी बार बिहार दौरे पर हैं। अपने दौरे के दौरान बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश के सभी शक्ति केंद्र प्रमुख, मंडल अध्यक्ष और कमेटी सदस्य को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही वे जनसंघ और बीजेपी के पुराने नेताओं को सम्मानित भी करेंगे। जेपी और कैलाशपति मिश्र के घर जाकर उनके परिजनों से मिलेंगे। बापू सभागार में कार्यक्रम के समापन के बाद जेपी नड्डा दोपहर तीन बजे बीजेपी के प्रदेश कार्यालय पहुंचेंगे।

### पार्टी के पुराने नेताओं को फिर से राज्य में एक्टिव करेंगे नड्डा

बीजेपी कैलाशपति मिश्र की जयंती के बहाने पुराने नेताओं को मोर्चे पर लाने की तैयारी कर रही है। नड्डा के कार्यक्रम में जनसंघ और बीजेपी के सभी पुराने कार्यकर्ताओं को भी बुलाया गया है। यहां उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा। पॉलिटिकल एक्सपर्ट की मानें तो जो बुजुर्ग लगातार पार्टी में नजर अंदाज किए जाने के बाद पार्टी गतिविधियों से दूर होने लगे थे। ऐसे में पार्टी इस सम्मान कार्यक्रम के माध्यम उन्हें एक बार फिर से एक्टिव करेगी। ये पार्टी भी जानती है कि बिहार में अगर उन्हें अपनी पकड़ मजबूत बनानी है तो उन्हें सभी को अपने साथ लेकर चलना होगा। बिहार में पिछला प्रदर्शन दोहराना भाजपा के लिए बड़ी चुनौती, इसलिए भी बार-बार आ रहे बड़े नेता जेपी नड्डा के बार-बार बिहार आने के सवाल पर वरिष्ठ पत्रकार अरुण कुमार पांडेय कहते हैं कि बिहार बीजेपी के लिए एक अहम राज्य है। यहां संसद की 40 सीटें हैं। पिछली बार नीतीश कुमार के साथ मिलकर एनडीए गठबंधन को 40 में से 39 सीटें मिली थी।

## संक्षिप्त समाचार

### Indian Navy ने विकसित किया एंटी स्वार्म ड्रोन हथियार



**नई दिल्ली**। आज के समय की पारंपरिक लड़ाईयों में ड्रोन्स काफी अहम हो गए हैं और रूस-यूक्रेन युद्ध ये यह बात साबित भी हो गई है। यही वजह है कि विभिन्न देशों की सेनाएं ऐसे हथियार विकसित कर रही हैं, जो उन्हें ड्रोन्स के हमले से बचाएं। भारतीय नौसेना ने भी इस दिशा में बड़ी कामयाबी हासिल की है। दरअसल नौसेना ने एक ऐसा हथियार विकसित किया है जो उसके युद्धक जहाजों को ड्रोन के हमले से बचाएगा। भारतीय नौसेना ने 30 एमएम का एक ऐसा हथियार विकसित किया है जो स्वार्म ड्रोन्स के हमले से बचाएगा। इस हथियार की खासियत ये है कि यह हवा में युद्धक जहाज के आसपास एक रक्षा कवच बना सकता है, जिससे स्वार्म ड्रोन्स को खत्म किया जा सकता है। कमांडर एमएन पाशा ने बताया कि यह हथियार 300 स्टील की बॉल्स छोड़ता है जो जिससे इस एक हथियार से एक ही बार में कई ड्रोन्स को निशाना बनाया जा सकता है। इस हथियार को एके-630 वेपन सिस्टम से फायर किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि यह हथियार स्वार्म ड्रोन्स के खिलाफ हमले में काफी प्रभावी पाया गया है और इसके लैब ट्रायल्स भी पूरे हो गए हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के मुख्य सचिव को 9 अक्टूबर को तलब किया



**नई दिल्ली**। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले 20 वर्षों से कर्मचारियों को वेतन देने से संबंधित मामले में झारखंड के मुख्य सचिव को तलब किया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने 9 अक्टूबर को राज्य सरकार के सर्वोच्च नौकरशाह की व्यक्तिगत मौजूदगी का आदेश दिया, क्योंकि यह पाया गया कि कई बार नोटिस दिए जाने के बावजूद झारखंड सरकार की ओर से कोई पेश नहीं हुआ। आदेश में कहा गया है, "इतने संवेदनशील मामले में झारखंड सरकार सो रही है और एक वकील नियुक्त करने की भी परवाह नहीं कर रही है। झारखंड के मुख्य सचिव 09.10.2023 को इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित रहें।" शीर्ष अदालत ने पिछले साल नवंबर में केंद्र सरकार, बिहार और झारखंड सरकारों और अन्य को नोटिस जारी किया था। मंगलवार को शीर्ष अदालत ने राज्य के एक पैनल अधिवक्ता द्वारा मुख्य सचिव को नहीं बुलाने के अनुरोध को यह कहते हुए स्वीकार करने से इनकार कर दिया कि मामला अभी तक किसी भी वकील को नहीं सौंपा गया है और पैनल अधिवक्ता ने केवल बचाव के लिए अच्छे विश्वास में बयान दिया है। कहा गया कि बिहार ने पहले ही अपना जवाब दाखिल कर दिया है और केंद्र सरकार को इस मामले में जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। मामले की आगे की सुनवाई 9 अक्टूबर को होगी।

### ममता सरकार में मंत्री रथिन घोष के 13 ठिकानों पर ED की छापेमारी

**कोलकात्ता**। ईडी ने आज सुबह पश्चिम बंगाल सरकार में मंत्री रथिन घोष के आवास पर छापेमारी की है। नगर पालिका में कथित भर्ती घोटाले के सिलसिले में यह छापेमारी की जा रही है। ईडी मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में ममता के मंत्री के घर सहित कोलकाता में 13 स्थानों पर तलाशी ले रही है। आपको बता दें कि रथिन घोष मध्यमग्राम नगर पालिका के अध्यक्ष हैं। उनके खिलाफ सरकारी नौकरियों में अयोग्य उम्मीदवारों की भर्ती घोटाले में शामिल होने का आरोप है। ईडी उन आरोपों की जांच कर रही है जिसमें कहा गया है कि रथिन घोष और उनके सहयोगियों ने नौकरियों के बदले उम्मीदवारों से रिश्वत ली थी। छापेमारी जारी है। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। रथिन घोष पहले मध्यमग्राम नगर निगम के अध्यक्ष थे। फिर उन्होंने 2011 में मध्यमग्राम विधानसभा सीट जीती। 2014 से 2018 के बीच मध्यमग्राम सहित राज्य की विभिन्न नगर पालिकाओं में भर्ती भ्रष्टाचार की शिकायतें आई हैं। नगर पालिकाओं की करीब 1500 रिक्तियां ईडी की जांच के दायरे में हैं।

## सुप्रीम कोर्ट का खुलासा, हमने किसी को आरोपी बनाने के लिए नहीं कहा

एजेंसी। नई दिल्ली

### दिल्ली शराब घोटाला केस में चल रही सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने दी जानकारी



सुप्रीम कोर्ट ने खुलासा किया है कि उसने किसी को आरोपी बनाने के लिए नहीं कहा। ईडी अपना काम कर रही है, जांच में सबूत के आधार पर कार्रवाई होगी। यह बात दिल्ली शराब घोटाला केस के आरोपी मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई के दौरान जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच कही। गौरतलब है कि बैंच इस मामले की सुनवाई कर रही है। वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी शीर्ष अदालत में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और पटपड़गंज से आम आदमी पार्टी के विधायक मनीष सिसोदिया का पक्ष रखते हुए केस से जुड़े तथ्यों को कोर्ट के सामने रखा। अभिषेक मनु सिंघवी ने जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच के सामने एक चार्ट रखा जिसमें सीबीआई और ईडी की ओर से दर्ज केस में हुई कल की गिरफ्तारियों और सह आरोपियों को जमानत मिलने की तारीख का ब्यौरा था। सिंघवी ने अपनी दलील में कहा- मेरे मुवक्किल का विजय नायर से मेरा कोई संबंध नहीं है। वह आम आदमी पार्टी का एक वॉलंटियर था, जो आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करता था। मनीष सिसोदिया के खिलाफ जो भी आरोप लगाए गए हैं, वे सुनी-सुनाई बातों पर आधारित हैं, उनको साबित करने के लिए जांच एजेंसियों के पास ठोस सबूत नहीं है। सिंघवी ने कहा कि जिन बयानों के चलते मनीष सिसोदिया के खिलाफ केस होने का दावा किया जा रहा है, उनमें खुद विरोधाभास है। अभिषेक मनु सिंघवी ने दिल्ली शराब घोटाला केस में आम आदमी पार्टी को आरोपी बनाए जाने की चर्चाओं का जिक्र करते हुए कहा कि अखबारों में हेडलाइन है कि सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से पूछा है कि आप को आरोपी क्यों नहीं बनाया? ज्यादातर समाचार चैनल चला रहे हैं कि ईडी आम आदमी पार्टी को इस केस में आरोपी बनाना चाहती है। इस पर जस्टिस खन्ना ने कहा- हम अदालत में कई सवाल पूछते हैं। हम मीडिया रिपोर्ट से प्रभावित नहीं होते। ईडी के वकील एसवी राजू ने कहा कि अगर सबूत हैं तो हम किसी को नहीं छोडेंगे। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पीएमएलए के तहत हमने जो सवाल पूछा था उसका आधार ये था कि सी-डी को आरोपी बनाया एक-बी को क्यों नहीं बनाया? यह एक कानूनी सवाल था, जिसका जवाब हमने ईडी से मांगा। शीर्ष अदालत ने साफ किया- हमने ईडी से यह नहीं पूछा था कि आप किसी को आरोपी बनाइए। हमने सिर्फ एक कानूनी सवाल पूछा था कि अगर ए को फायदा पहुंचा है, तो क्या बी या सी के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है?

जस्टिस खन्ना ने कहा कि ईडी के अनुसार आरोप है कि 30 करोड़ दिनेश अरोड़ा को दिए गए, 35% इंडोस्पिरिट को दिया गया और होलसेलर को 65% मिला। ईडी की तरफ से कहा की पॉलिसी बनाने के फैसले को चुनौती नहीं दी गई है। इस पर जस्टिस खन्ना ने पूछा कि आपके अनुसार नीतिगत निर्णय व्यक्तिगत लाभ के लिए प्रेरित था, तो क्या इसका मतलब यह नहीं होगा कि आप नीतिगत फैसले को चुनौती दे रहे? एसवी राजू ने कहा कि हमारा कहना है कि नीति थोक विक्रेताओं को लाभ पहुंचाने के लिए बनाई गई थी, हम बताएंगे कि कैसे इसको तैयार किया गया था और इसमें मनीष सिसोदिया की क्या भूमिका थी।

## रविशंकर प्रसाद ने लगाया जाति आधारित गणना की प्रामाणिकता पर प्रश्नचिन्ह

दैनिक शुभ भास्कर । पटना



भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने बिहार में जाति आधारित गणना पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। उन्होंने कहा कि जब मेरे घर परिवार में कोई सर्वे करने ही नहीं आया तो यह संदेहपूर्ण है। उन्होंने जाति आधारित गणना कराने में नीतीश कुमार सरकार द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया और इस सर्वेक्षण की प्रामाणिकता पर संदेह जताते हुए इस कार्य में शामिल गणनाकारों के कार्य को भी मनगढ़ंत बताया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर ने संवाददाताओं से कहा कि भाजपा ने शुरू से ही राज्य में जातिगत सर्वेक्षण का समर्थन किया। भाजपा देश में दलितों, गरीबों और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन हम पूछना चाहते हैं कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार ने राज्य में किस तरह का सर्वेक्षण (जातिगत जनगणना) कराया है, आंकडा कैसे एकत्र किया गया, यह सवाल जरूर पूछा जाएगा। मैं पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित सांसद हूं, लेकिन गणनाकर्ता इस अभ्यास के दौरान न तो मुझसे और न ही मेरे परिवार के सदस्यों से मिले। उन्होंने कहा कि इसलिए इस सर्वेक्षण को करने में राज्य सरकार द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया और इस सर्वेक्षण की प्रामाणिकता पर निश्चित रूप से सवाल उठाया जाएगा। रविशंकर ने कहा कि हम सरकार से सर्वेक्षण रिपोर्ट के आंकड़ों को सार्वजनिक करने की मांग करते हैं ताकि लोगों को पता चल सके कि गणनाकारों ने कितने परिवारों से संपर्क किया और कुल कितने हस्ताक्षर परिवार के मुखिया के लिए गए। उन्होंने कहा कि गणनाकर्ताओं को अभ्यास के दौरान परिवार के मुखिया के हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान लेना था। मेरे मामले में ऐसा नहीं किया गया। मुझे पता चला है कि कोई (गणनाकर्ता) आया और मेरे घर के बाहर खड़े एक व्यक्ति से मेरे परिवार के बारे में पूछा और चला गया।

## भेदभाव के खिलाफ मणिपुर में कुकी-जो ने निकाली ताबूत रैली

एजेंसी। इंफाल



कुकी-जो समुदाय द्वारा कई स्थानों पर अहिंसक प्रदेशों की श्रृंखला को संचालित किया जा रहा है। चूरा चांदपुर में ताबूत रैली निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में जनजाति के लोग शामिल हुए। यह प्रदर्शन पूर्णता शांतिपूर्ण था। जनजाति संगठनों का आरोप है कि राज्य सरकार और जांच एजेंसियां एक समान बर्ताव नहीं कर रही हैं। कुकी समुदाय के ऊपर भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जा रहा है। कुकी समुदाय के ऊपर लगातार अत्याचार हो रहे हैं। पिछले एक सप्ताह में 7 जनजाति लोगों की गिरफ्तारी की गई है। उसके बाद से गिरफ्तारियां का विरोध किया जा रहा है। गिरफ्तारियां के विरोध में न्याय लिखे पुतले को एक सदी पुराने एंग्लो- कुकी युद्ध की याद में बने गेट पर लटका कर कुकी समुदाय ने अपना विरोध जताया है। मणिपुर सरकार और केंद्र सरकार द्वारा एक जाति विशेष के ऊपर विशेष कृपा और एक जाति विशेष का उत्पीड़न किए जाने के कारण, एक बार फिर मणिपुर घाटी अशांत हो रही है।

### मणिपुर मानवाधिकार आयोग ने छात्रों के आंदोलन के दौरान पुलिस की ज्यादती पर रिपोर्ट मांगी

**इंफाल** । हाल ही में दो छात्राओं की हत्या के खिलाफ छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान पैलेट गन के कथित इस्तेमाल पर विवाद के बीच मणिपुर मानवाधिकार आयोग (एमएचआरसी) ने इंफाल पश्चिम जिले के पुलिस अधीक्षक को एक रिपोर्ट सौंपने को कहा है और पूछा है कि इंफाल में रैलियां कर रहे छात्रों के खिलाफ अत्यधिक बल प्रयोग करने का आदेश किसने दिया? अध्यक्ष न्यायमूर्ति उत्पलेंदु बिकास साहा (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता वाले आयोग ने आयुक्त (गृह) से यह भी बताने को कहा कि मामले की सुनवाई की अगली तारीख तक या उससे पहले घायल छात्रों को कितना अंतरिम मुआवजा दिया जा सकता है। एमएचआरसी के सूत्रों ने कहा कि आयोग ने सिंगजामेई ओकराम लीकाई के निंगथौजम जीत सिंह और असम के शिवसागर के मुकुल फुकोन की दो शिकायतों के आधार पर मामला उठाया, शिकायतों का विषय छात्रों के शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन पर सशस्त्र बलों और सुरक्षा बलों द्वारा अमानवीय और क्रूर दुर्व्यवहार था।

## चंद्रयान-3 से मिली जानकारियां कई रहस्य उजागर करेंगी

एजेंसी। नई दिल्ली



इसरो के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-3 चांद पर भेजकर बडी सफलता हासिल की है। चांद दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान 3 की सफल लैडिंग ने पूरी दुनिया को हैरत में डाल दिया है। अब माना जा रहा है कि विक्रम लैंडर ने जो जानकारियां यहां भेजी हैं वो भविष्य में काफी काम आने वाली है। कई लोगों को उम्मीद थी कि यह अभियान अपनी 15 दिन की छोटी सी अवधि के आगे भी काम करेगा, लेकिन ऐसा संभव नहीं हो पाया। इसके बाद भी इसरो ने अपने अभियान को पूरी तरह से सफल घोषित किया है। इसरो ने कहा है कि 15 दिनों में इस अभियान के जरिए बहुत सारे आंकड़े हासिल कर लिए गए हैं। इस अभियान के दौरान बीच में विक्रम लैंडर के उछलने का एक अप्रत्याशित प्रयोग हुआ था, जिसे हॉप प्रयोग कहा जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह प्रयोग भविष्य में चंद्रमा के लिए इसरो के अभियानों के लिए बहुत अधिक उपयोगी सिद्ध होगा।जब चंद्रयान-3 की लैंडिंग के बाद जब प्रज्ञान रोवर विक्रम लैंडर से अलग होकर काम कर रहा था, तब अचानक विक्रम लैंडर अपने स्थान पर कूद पड़ा था। रिपोर्ट के मुताबिक चंद्रयान-3 के प्रोजेक्ट निदेशक पी वीरामुथुवेल ने बताया कि विक्रम लैंडर का चंद्रमा पर कूदने का यह प्रयोग नियोजित नहीं था। वीरामुथुवेल ने बताया की विक्रम का उछलना अभियान के निर्धारित उद्देश्यों के पूरी तरह से बाहर की घटना थी। कूदने का यह प्रयोग पहले से नियोजित नहीं था। विक्रमलैंडर ने बीते 23 अगस्त को चंद्रमा की सतह पर लैंडिंग की थी जिसके बाद से प्रज्ञान रोवर ने उससे निकलकर चंद्रमा पर बहुत सी जानकारी जुटाने का काम किया और उसके लिए जरूरी प्रयोग किए।

## विधानसभा चुनाव से पहले पीएम ने दी करोड़ों की सौगात



**जोधपुर**। विधानसभा चुनाव की तैयारियों से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को राजस्थान का दौरा किया। पीएम मोदी ने राजस्थान में सड़क, रेल, विमानन, स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा जैसे क्षेत्रों की राजस्थान में 5900 करोड़ रुपए की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इसमें जोधपुर आईआईटी, एम्स ट्रॉमा सेंटर एलसेंटर और नया एयरपोर्ट टर्मिनल भी शामिल हैं। जोधपुर में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ...राजस्थान वह राज्य है जहां प्राचीन भारत के गौरव के दर्शन होते हैं, जिसमें भारत के शौर्य, समृद्धि और संस्कृति झलकती है, कुछ समय पहले जोधपुर में जी 20 की जो बैठक हुई उसकी तारीफ दुनिया भर के मेहमानों ने की। इन परियोजनाओं के तहत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर में 350 बिस्तरों वाला ट्रॉमा सेंटर और क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक और पूरे राजस्थान में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) के तहत सात क्रिटिकल केयर ब्लॉक विकसित किए जाएंगे। इसमें ट्राइएज, डायग्नोस्टिक्स, डे केयर, वार्ड, निजी कमरे, मॉड्यूलर ऑपरेटिंग थिएटर, गहन चिकित्सा कक्ष और डायलिसिस कक्ष जैसी विभिन्न सुविधाएं शामिल होंगी।यह रोगियों को बहु-विषयक और व्यापक देखभाल प्रदान करके ट्रॉमा और आपातकालीन मामलों के प्रबंधन में एक समग्र दृष्टिकोण लाएगा। समूचे राजस्थान में विकसित किए जाने वाले क्रिटिकल केयर ब्लॉक्स से राज्य के लोगों को जिला स्तर पर क्रिटिकल केयर अवसंरचना का लाभ मिलेगा। इतना हीं नहीं पीएम मोदी ने जोधपुर हवाई अड्डे पर अत्याधुनिक नई टर्मिनल बिल्डिंग की आधारशिला भी रखी। कुल 480 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली नई टर्मिनल बिल्डिंग लगभग 24,000 वर्गमीटर क्षेत्र में विकसित होगी और व्यस्त समय के दौरान 2,500 यात्रियों को सेवाएं प्रदान करने के लिए पूरी तरह सुसज्जित होगी। यहां साल भर में 35 लाख यात्रियों को सेवा प्रदान की जा सकेगी, जिससे कनेक्टिविटी में सुधार होगा और क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी आईआईटी जोधपुर परिसर भी राष्ट्र को समर्पित करने वाले हैं।

### संघ ने भी माना... लगातार विरोध के कारण नुकसान हो रहा भाजपा का

**भोपाल**। भाजपा के विधायकों के लगातार विरोध का मुद्दा कल भाजपा और संघ की समन्वय बैठक में भी उठा। संघ के पदाधिकारियों ने माना कि लगातार हो रहे विरोध के कारण भाजपा की छवि पर गलत असर पड़ रहा है। बैठक में संघ के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। सह-सरकार्यवाह अरुण कुमार के साथ राष्ट्रीय सहसंगठन मंत्री शिवप्रकाश, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, मध्य क्षेत्र के प्रचारक दीपक विस्पुते के साथ भाजपा की ओर से महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, उपाध्यक्ष जीतू जिराती तथा गुजरात से जीतू बागानी बैठक में शामिल हुए। बैठक दो भागों में हुई। पहले दौर में अरुण कुमार ने संबोधित किया। इस बैठक में संघ के आनुषंगिक संगठनों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। विधानसभा चुनाव के ऐन पहले हुई इस बैठक में संघ और संगठन के समन्वय पर बात हुई। हालांकि संघ समय-समय पर संगठन और सत्ता के लोगों से बैठक करता रहता है, लेकिन अभी जो राजनीतिक घटनाक्रम प्रदेश में घट रहा है, विरोध में कुछ बड़े नाम भी लगातार शामिल हो रहे हैं, इसलिए इनसे भी चर्चा करने के लिए कहा गया।

### शरद पवार और अजित पवार को चुनाव आयोग का नोटिस

**मुंबई**। महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर बड़ी हलचल होने की संभावना है. एनसीपी में फूट के बाद अब चुनाव आयोग ने एनसीपी प्रमुख शरद पवार और उपमुख्यमंत्री अजित पवार को पेश होने के लिए नोटिस जारी किया है. मालूम हो कि चुनाव आयोग में पार्टी चिन्ह और पार्टी के नाम को लेकर शरद पवार गुट और अजित पवार गुट के बीच लड़ाई चल रही है. वहीं, चुनाव आयोग ने दोनों गुटों के नेताओं को नोटिस जारी किया है. चुनाव आयोग ने शरद पवार और अजित पवार को नोटिस जारी कर शुक्रवार 3 बजे दिल्ली में पेश होने का आदेश दिया है. संगठन किसका इस बारे में चुनाव आयोग को निवेदन सौंपा जाने वाला है. इसलिए शरद पवार और अजित पवार को चुनाव आयोग के सामने पेश होना होगा. दरअसल एनसीपी के विभाजन के बाद दोनों गुटों ने चुनाव आयोग के समक्ष लिखित रूप में अपना निवेदन पेश किया है। इस संबंध में चुनाव आयोग को शपथ पत्र के जरिए जानकारी दी गई है. अब अगला कदम यह है कि दोनों नेताओं को चुनाव आयोग के सामने पेश होना होगा।

## ख़ास ख़बर

### पर्यावरण मित्र अवार्ड से सम्मानित होंगे राजेश शर्मा

**जोगबनी** । सीमांचल व इसके सीमावर्ती नेपाल के इलाकों में व्यापक तौर पर पर्यावरण के प्रति पौधारोपण को बढ़ावा देने के साथ ही आम लोगो के बीच पर्यावरण संरक्षण अभियान चला रहे जोगबनी नगर परिषद वार्ड संख्या 27 निवासी श्री शर्मा को पटना में एक कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण मित्र अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा । इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप में उद्घाटनकर्त्ता जगद्गुरू शंकराचार्य, स्वामी श्री अधोक्षजानंद देवतीर्थ जी महाराज, गोवर्धन पीठ होंगे ।

### संयुक्त निदेशक ने किया कीटनाशी इनपुट डीलरों का 12 दिवसीय एनआईपीएचएम कोर्स का उद्घाटन



**अररिया**। जिला कृषि कार्यालय स्थित सभागार में आज आत्मा अररिया के सौजन्य से कीटनाशी इनपुट डीलरों का 12 दिवसीय एनआईपीएचएम कोर्स का उद्घाटन संयुक्त निदेशक, पूर्णिया प्रमंडल पूर्णिया श्री सुदामा महतो और उपस्थित कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया गया। इस मौके पर संयुक्त निदेशक द्वारा बताया गया कि यह प्रशिक्षण कीटनाशी विक्रेताओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है इस प्रशिक्षण में किटनाशी विक्रेताओं को कीट और रोग की पहचान और दवा की सही जानकारी और कितना मात्रा में कौन सा दवा किसानों को प्रयोग करना है इसके बारे में विस्तार से बताया जाएगा। उप परियोजना निदेशक आत्मा अररिया द्वारा इनपुट डीलरों को संबोधित करते हुए बताया गया कि इस कोर्स के दौरान 06 दिन फील्ड विजिट भी कराया जाएगा, जिसमें बीमारी की पहचान और कीड़ा की पहचान कर सही दवा की जानकारी दी जायेगी। वहीं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर संजीत कुमार द्वारा कीटनाशी दवाएं का सही मात्रा के बारे में विस्तार से बताया गया डॉक्टर ए .के. मौर्य द्वारा बीमारी और सूक्ष्म पोषक तत्व के कमी के बीच अंतर को विस्तार से बताया गया। मौके पर संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप का मामला, दोषियों के खिलाफ शिकायत दर्ज



**सुपौल** । मेले के दौरान एक नाबालिग लड़की के साथ चार युवकों ने दरिंदगी की घटना सामने आई है। घटना छातापुर थाना क्षेत्र में घटित हुई, जहां पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई है। 13 वर्षीया पीड़िता ने बताई कि है जन्माष्टमी मेले को देखने के लिए गई हुई थी। उन्हें मेला देखने के बाद राजकुमार झा , पवन सहनी व अन्य दो युवकों ने जबरदस्ती उठाया और तालाब के किनारे ले गए, जहां उनके साथ गैंगरेप किया गया। पीड़िता के होश आने पर, उन्होंने घटित घटना की जानकारी दी और परिजनों के साथ छातापुर थाना पहुंची। नामजद राजकुमार झा व पवन सहनी दो दोषियों की पहचान कर ली गई है। इधर महिला थाना अध्यक्ष अंगिसा कुमारी ने बताया कि शिकायत दर्ज कर ली गई है। दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए मामले की जांच हो रही है।

मिथिला स्टूडेंट यूनियन व दर्जनों सामाजिक संगठनों के बैनर तले एयरपोर्ट के निमित्त बैठे अनशनकारियों का भूख हड़ताल खत्म

# दिसंबर 24 तक उड़ान सेवा शुरू करवाने का सांसद ने दिया वचन

**पूर्णियां**। विगत 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन से पूर्णियां के थाना चौक पे मिथिला स्टूडेंट यूनियन व दर्जनों सामाजिक संगठनों के बैनर तले चल रहे जन सत्याग्रह आंदोलन सह अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल का आज समापन हो गया। अनशन के चौथे दिन पूर्णियां सांसद श्री संतोष कुशवाहा जी अनशन स्थल पर पहुंचकर पूर्णियां एयरपोर्ट के निमित्त बैठे अनशनकारियों से व इस अभियान के तमाम समर्थकों और सहयोगी सामाजिक संगठनों से खुले मंच पर तमाम प्रेस और मीडिया कर्मियों व जनमानस के समक्ष इस वर्ष दिसंबर 2023 के अंत तक पूर्णियां एयरपोर्ट से पोर्टा केबिन के तहत हवाई सेवा शुरू करवाने का वचन दिया गया है। और इसके बाद सांसद ने अपने हाथों से जूस पिलाकर इस अनशन में बैठे मिथिला स्टूडेंट यूनियन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री अविनाश कुमार मिश्र व उनके साथियों को अनशन समाप्त करने का आग्रह किया। जिसके बाद अंततोगत्वा यह अनशन उसके आश्वासन पर आज समाप्त हो गई। अब देखना यह दिलचस्प होगा कि पूर्णियां सांसद श्री संतोष कुशवाहा अपने इस बयान पर कितना खड़ा उतर पाते हैं और किस हद तक वो अपने जनता



जनार्दन को अपने वचनों और कर्तव्यों का निर्वहन करके संतोष करने में सफल हो पाते हैं। सभी सम्मानित संस्था प्रबुधजनो पत्रकार बंधुओ का हृदय से आभार धन्यवाद।

## बीएनएमयू : आर्थिक क्षतिपूर्ति की राशि हेतु पत्र



**मधेपुरा**। बिहार सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा सामान्य पाठ्यक्रमों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के सभी विद्यार्थियों (छात्र-छात्राओं) तथा सभी कोटि की छात्राओं को स्नातकोत्तर स्तर की शिक्षा में प्रत्येक स्तर पर नामांकन के समय सभी प्रकार के शुल्क नहीं लिए जाने का निर्णय संसूचित है। विभाग द्वारा शुल्क से सम्बन्धित आर्थिक क्षतिपूर्ति का प्रावधान है। तदनुसार शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालय को अविलंब अद्यतन प्रतिवेदन समर्पित करने का आदेश दिया है। उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ससमय प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु प्रतिबद्ध है।

**7 अक्टूबर तक भेजें विवरणी**: कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव के आदेशानुसार कुलसचिव प्रो. (डॉ.) मिहिर कुमार ठाकुर ने सभी प्रधानाचार्यों एवं विभागाध्यक्षों के पत्र प्रेषित किया है। पत्र में अनुरोध किया गया है कि शैक्षणिक सत्र 2019-20, 2020-21 2021-22 तथा 2022-23 में नामांकित छात्र-छात्राओं की संख्या तथा शुल्क से सम्बन्धित विवरणी पूर्व प्रेषित प्रपत्र में भरकर अध्यक्ष, छात्र कल्याण कार्यालय को 7 अक्टूबर, 2023 तक निश्चित रूप से हस्तगत करवायी जाए। निर्धारित समय-सीमा के अन्दर वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने की स्थिति में संस्थान आर्थिक क्षतिपूर्ति की राशि से वंचित रहेंगे, जिसकी सारी जवाबदेही संस्था के प्रधान ( विभागाध्यक्ष, प्रधानाचार्य / प्रभारी प्रधानाचार्य) की होगी। इसे अतिआवश्यक समझा जाए।

**4 सितंबर को भी भेजा गया था पत्र** : डॉ. शेखर ने बताया कि शिक्षा विभाग के विभागीय संकल्प संख्या-1457 दिनांक 24.07.2015 द्वारा संदर्भ निर्णय संसूचित है और बीएनएमयू में भी इसका अनुपालन किया जा रहा है। इसके संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा लगातार आवश्यक निदेश जारी किए गए हैं। गत 4 सितंबर को भी विश्वविद्यालय अन्तर्गत सभी स्नातकोत्तर विभागाध्यक्षों तथा अंगीभूत एवं सम्बद्ध महाविद्यालय को पत्र प्रेषित किया गया है। पत्र में कहा गया है कि विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए निदेश का अनुपालन कठोरता से करें तथा किसी भी परिस्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क नहीं लें।

## छात्र छात्राओं के हित में लागू की गई है नई शिक्षा नीति



**मधेपुरा**। बीएन मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के कुलपति प्रो.(डा.) राजनाथ यादव के निदेशानुसार 5 अक्टूबर 2023 गुरूवार को मधेपुरा कालेज मधेपुरा के शिक्षक प्रकोष्ट में नई शिक्षा नीति आधारित बिषय को लेकर परिचर्चा आयोजित की गयी।परिचर्चा कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रिंसिपल डा. पूनम यादव ने की। परिचर्चा को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्या डा. पूनम यादव ने कहा कि छात्र छात्राओं के हित में नई शिक्षा नीति लागू की गयी है।उन्होंने महाविद्यालय में नामांकित छात्र छात्राओं को निदेशित करते कहा कि नामांकित छात्र छात्राएं अविलंब महाविद्यालय पहुंचकर पठन पाठन में जुट जाएं।जबकि उनके अभिभावकों से आग्रह करते कहा गया कि बच्चों के भविष्य को संवारने खातिर अपने अपने नामांकित बच्चों को अविलंब महाविद्यालय जाने खातिर विशेष पहल शुरू करें।विश्वविद्यालय और महाविद्यालय द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान में सभी नामांकित बच्चों के अभिभावकों की बड़ी भूमिका है। प्रिंसिपल डा. पूनम यादव ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत अब स्नातक पाठ्यक्रम के लिए समेस्टर प्रणाली का प्रावधान निर्धारित किया गया है।प्रति समेस्टर अंतर्गत 6 माह के भीतर ही दो परीक्षा होगी।जबकि प्रति वर्ष दो समेस्टर अंतर्गत चार परीक्षा होगी।उन्होंने जोर देकर कहा कि जो नामांकित छात्र छात्राएं नियमित रूप से महाविद्यालय पहुंचकर क्लास नहीं करेंगे, उन्हें परीक्षा प्रपत्र भरने से वंचित कर दिया जाएगा। महाविद्यालय में पिछले 29 सितम्बर से ही वर्ग आरंभ है।लेकिन अभी भी बहुत अधिक छात्र छात्राएं महाविद्यालय नहीं आ रहे हैं।जबकि सभी शिक्षक नई तकनीक के साथ छात्र छात्राओं को पढ़ाने के लिए तैयार हैं। प्रधानाचार्या डा. पूनम यादव ने कहा कि गर्व की बात है कि नई शिक्षा नीति को रोजगारोपरक बनाई गयी है।इस नीति के तहत बच्चों को यह छूट मिली है कि वे अपनी पसंद का बिषय चुन सकते हैं।ऐसे में वे एक साथ वैश्विक स्तर का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। नई शिक्षा नीति अंतर्गत सेमिनार संगोष्ठी, वाद विवाद प्रतियोगिता आदि को अनिवार्य रूप से शामिल किया गया है।इस व्यवस्था के लागू होने से छात्र छात्राओं को वैश्विक विकास के पथ पर चलने में मार्ग प्रशस्त करेगा। परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन संयोजक ब्रजेश कुमार मंडल ने किया।कार्यक्रम में उपाचार्य डा. भगवान कुमार मिश्र,प्रो. सच्चिदानंद सचिव, प्रो.मनोज कुमार झा, प्रो.मनोज भटनागर प्रो. अरविन्द कुमार यादव, प्रो. सदानंद यादव, प्रो. विनय कुमार झा, प्रो. विवेकानंद कुमार, डा. कामेश्वर यादव,प्रो.भीम कुमार,प्रो.सत्य नारायण यादव, प्रो. सुबोध कुमार, प्रो. अमरेंद्र कुमार अमर, मो.आरिफ हुसैन, प्रो. सोएब आलम,प्रो.रविन्द्र कुमार,प्रो रमेश कुमार,प्रो. रीना कुमारी सहित अन्य सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### बापू सभागार के मुख्य द्वार पर राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत में रंजीत यादव की अगुवाई में डटे दिखे भाजपा अररिया की टीम




**पटना**। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश (जेपी) नड्डा 9 माह के अंदर दूसरी बार गुरुवार को पटना पहुंचे। पटना एयरपोर्ट पर बिहार भाजपा के शीर्ष नेतृत्व समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उनके स्वागत में खड़े थे। प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने उनका स्वागत किया। वहीं पटना मेयर सीता साहू ने अन्य भाजपा महिला कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जेपी नड्डा की आरती उतारी। भाजपा और भाजयुमो की ओर से पटना की सड़कों पर उनका भव्य स्वागत किया गया। पटना एयरपोर्ट से लेकर गांधी मैदान तक हजारों कार्यकर्ता ढोल-नगाड़े के साथ उनका भव्य स्वागत करने के लिए खड़े हैं। पूरे पटना को बड़े-बड़े पोस्टर और बैनरों से पाट दिया गया है। इधर अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत में भाजपा के कद्दावर युवा नेता रंजीत यादव की अगुवाई गए अररिया लोकसभा के विभिन्न पदों पर रहने वाले कार्यकर्ताओं की टीम द्वारा अध्यक्ष के बापू सभागार मुख्य द्वार पर पहुंचते हीं जिंदाबाद नारों से उनका स्वागत किया गया। फिर बापू सभागार पहुंचे ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत हुआ।

### सिकटी थाना पुलिस एवम एस एस बी के द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए 1.85 किलो गांजा के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार




**सिकटी**। सिकटी पुलिस एवं एस एस बी द्वारा 1.85 किलो गांजा के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बता दें कि जिले के सिकटी थाना पुलिस एवम एस एस बी के द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए 1.850 केजी गांजा के साथ 01 तस्कर को रंगे हाथ गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत अररिया भेज दिया गया।

### प्रो. अरविंद कुमार यादव बने राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता



**मधेपुरा**। मधेपुरा प्रखंड के चकला निवासी तथा मधेपुरा महाविद्यालय मधेपुरा के अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.अरविंद कुमार यादव को राजद शिक्षक प्रकोष्ठ का प्रदेश मुख्य प्रवक्ता के पद पर मनोनयन किया गया है। प्रोफेसर अरविंद कुमार यादव ने राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के द्वारा दो बार प्रदेश महासचिव और पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें उक्त पद से नवाजा गया। इधर शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता बनाए जाने पर राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा पूर्व मुख्यमंत्री माननीय श्री लालू प्रसाद यादव जी, पूर्व मुख्यमंत्री माननीय श्रीमती राबड़ी देवी जी, बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री आदरणीय श्री तेजस्वी प्रसाद यादव जी, राजद के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय श्री जगदानंद सिंह जी, राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय श्री कुमार राय जी, राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रधान महासचिव आदरणीय श्री योगेंद्र प्रसाद यादव जी, युवा राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता, कोसी एमएलसी प्रत्याशी डॉ नितीश कुमार यादव जी का आभार प्रकट करते हुए प्रो.अरविन्द ने कहा कि मैं राजद के विचारों तथा सिद्धांतों को शिक्षकों तथा समाज के बीच ले जाने का भरपूर प्रयास करेंगे साथ ही पार्टी हित में मजबूती के साथ काम करेंगे।

प्रतियोगिता | बालक वर्ग में खगड़िया के शुभम तो बालिका वर्ग में पूर्णिया की रोशनी कुमारी बनी चैंपियन

## आउटडोर गेम्स बैडमिंटन, बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल बालक एवं बालिका वर्ग में प्रतियोगिता आज से

**पूर्णियां**। पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया के एअर कंडीशन इंडोर हॉल में चल रहे शतरंज प्रतियोगिता के ओपन टू ऑल प्रतियोगिता में कुल 22 खिलाड़ियों ने भाग लिया। पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने कहा कि पनोरमा स्पोर्ट्स शतरंज प्रतियोगिता पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया के एअर कंडीशन इंडोर हॉल में आज ओपन टू ऑल प्रतियोगिता खेली गई। जिसमें शतरंज ओपन टू ऑल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में खगड़िया के शुभम तो बालिका वर्ग में पूर्णिया की रोशनी कुमारी बनी चैंपियन।विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पैनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा सर ने दिया बधाई एवम शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना किया। छः अक्टूबर सुबह 8: 00 बजे से पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में आउटडोर गेम्स शुरू होने जा रही है। सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। शतरंज मैच रेफरी निरोज खान (किशनगंज) एवं अमृत साजन (पूणिया) थे।इस अवसर पर उपस्थित पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा



"सर", आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा, मो नैयर अली, जितेन्द्र कुमार सिन्हा "गोपी", राजीव कुमार, बब्लू चौधरी , रितेश कुमार झा, चन्दन कुमार, पवन कुमार, ललित कुमार एवं खिलाड़ियों के अभिभावक गण एवं खेल प्रेमी गण उपस्थित थे।

## दुल्लीपट्टी में तीन दिवसीय जिमुत्वाहन पूजनोत्सव को लेकर को निकाली गई भव्य कलश शोभा यात्रा



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)**। जयनगर प्रखंड के दुल्लीपट्टी गाँव स्थित पासवान टोले में आयोजित तीन दिवसीय जिमुत्वाहन पूजनोत्सव को लेकर गुरुवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। जिमुत्वाहन पूजा समिति के तत्वावधान में निकाली गई कलश शोभायात्रा में 501 कन्याओं एवं श्रद्धालु महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा दुल्लीपट्टी पंचायत के मेघवाड़ी स्थित पौराणिक ददरी क्षेत्र में कलश भरने के साथ प्रारंभ होकर पासवान टोल स्थित जिमुत्वाहन पूजनोत्सव पण्डाल में आकर पूर्ण हुई। पण्डितों के मंत्रोच्चारण के बीच विधि विधान से कलश स्थापना के साथ ही तीन दिवसीय जिमुत्वाहन पूजनोत्सव प्रारंभ हुआ। पासवान टोल स्थित पण्डाल में जिमुत्वाहन सहित अनेक देवी देवताओं की प्रतिमा स्थापित की गई है। आयोजकों ने बताया कि बिते चार वर्षों से जिमुत्वाहन पूजनोत्सव समिति द्वारा लगातार जिमुत्वाहन पूजनोत्सव आयोजित किया जा रहा है। मिथिला में पुत्रवती महिलाएं अपने पुत्र की आयु अक्षुण्ण रखने और पुत्र पर आने वाले किसी भी संकट से बचाने के लिए जिमुत्वाहन का अखण्ड व्रत रखती हैं। पासवान टोल स्थित जिमुत्वाहन पूजनोत्सव पण्डाल में दर्शनार्थियों एवं श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। पूजनोत्सव संपन्न कराने को लेकर जिमुत्वाहन पूजनोत्सव समिति का गठन किया गया है।इस मौके पर अध्यक्ष अरुण कुमार राम,कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार साह, सचिव धर्मनाथ यादव,सुमित यादव, आपदा मित्र श्याम कुमार राम सहित अन्य मौजूद थे।

## ख़ास ख़बर

### गणपतगंज के प्रो रवीन्द्र चौधरी को मिला 'भारत गौरव सम्मान'





**संवाददाता /दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल।** जिले में राघोपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गणपतगंज निवासी प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार चौधरी को 'भारत गौरव सम्मान 2023' से नवाजा गया है। उन्हें यह सम्मान फरीदाबाद की संस्था 'इंडिया प्राउड बुक ऑफ रिकॉर्ड' द्वारा इनके शैक्षणिक, साहित्यिक एवं सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया है।बताया जाता है कि प्रो.चौधरी वर्तमान में झारखंड के जमशेदपुर स्थित घाटशिला कालेज में प्रिंसिपल हैं। बाल श्रमिकों को शिक्षा से जोड़ने हेतु ये 'ऑपरेशन शिक्षा' चलवाए। कई गांवों को गोद लेकर उसके विकास में सहयोग कर आदर्श गांव के रूप में स्थापित करवाने में महत्वपूर्ण कार्य किए। इसके साथ राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान, पौधारोपण, साक्षरता अभियान, नशा मुक्ति अभियान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिए हैं। इस सेवा कार्य के लिए इससे पूर्व प्रो चौधरी तीन बार झारखंड एवं बिहार के राज्यपाल के हाथों सम्मानित हो चुके हैं। देश के रक्षा मंत्री के हाथों इन्हें प्रशस्ति पत्र एवं मैडल मिल चुका है। झारखंड रत्न सम्मान से सम्मानित हो चुके हैं। डब्लूएचओ से भी प्रशस्ति पत्र सम्मान इन्हें मिल चुका है। प्रो डॉ चौधरी के कुशल मार्गदर्शन में 864 विद्यार्थियों को सशस्त्र सेना में नौकरी मिल चुकी है। वहीं, कोल्हान विश्वविद्यालय खेल के विकास में भी इनका अहम योगदान रहा है। वर्ष 2019 में कोल्हान विश्वविद्यालय की आर्चरी टीम नेशनल चैंपियन बनीं। तब उस टीम के मैनेजर डॉ चौधरी ही थे। इस उल्लेखनीय कार्य के लिए तत्कालीन कुलपति से इन्हें 'कुलपति प्रशंसा पत्र सम्मान' मिल चुका है। साहित्य के क्षेत्र में भी विशिष्ट योगदान के लिए प्राचार्य डॉ चौधरी को राष्ट्रीय साहित्य शिरोमणि सम्मान, झारखंड मैथिल रत्न सम्मान, मिथिला भूषण सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। वही गणपतगंज के निवासी प्रोफेसर रवीन्द्र चौधरी को 'भारत गौरव सम्मान-2023' मिलने से क्षेत्र के लोगों में अपार हर्ष है। प्रोफेसर चौधरी के गुरु सुपौल निवासी प्रोफेसर डॉ बिन्देव झा, जिला पार्षद कल्पना देवी, समाजसेवी धीरेन्द्र यादव, धरहरा पंचायत के मुखिया कमलेश साह, डुमरी पंचायत के मुखिया डॉक्टर गजेंद्र कुमार यादव, देवीपुर पंचायत के मुखिया राम प्रसाद यादव उर्फ रामबाबू, समिति सदस्य अताउर रहमान, पैक्स अध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव, बबलू चौधरी, संतोष सिंह, दयाशंकर चौधरी, शिक्षक नेता शिकेन्द्र प्रसाद यादव, राम सेवक यादव, सुमन कुमार पंकज, प्रमोद कुमार चौधरी, बैद्यनाथ पंकज, संजय पंकज, प्रतापगंज प्रखंड प्रमुख रमेश प्रसाद यादव, जगदीश यादव, अर्जुन जायसवाल, विकास, रितुराज सिंह, विजय स्वर्णकार, अरूण कुमार जायसवाल, रूपेश कुमार आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रो चौधरी को बधाई दिया है।

### राघोपुर पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, कई वाहन पकड़ाए



**संवाददाता/ दैनिक शुभ भास्कर राघोपुर सुपौल।** जिले में एसपी के निर्देश पर गुरुवार को राघोपुर पुलिस ने अपर थानाध्यक्ष भूपेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में मोटरसाइकिल वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रिपल लोडिंग कई मोटरसाइकिल पकड़े गए। इन वाहनों को थाने में जब्त कर लिया गया। वहीं, अपर थानाध्यक्ष भूपेंद्र प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि एसपी के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इन पकड़े गए वाहनों के मालिक का मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालान काटा गया। उन्होंने लोगों से कहा कि कोई भी व्यक्ति बिना हेलमेट के व ट्रिपल लोडिंग बाइक ना चलाएं, इसे कानून की रक्षा के साथ-साथ अपनी भी सुरक्षा कवच है। चेकिंग अभियान में S.I संजीत कुमार मरांडी, विनय कुमार सिंह, रितिका कुमारी तथा सशस्त्र बल मौजूद थे।

# ग्राम पंचायतों में जन संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन









**ब्यूरो/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल।** जिले के सभी अनुमंडलों में संबंधित अनुमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में अनुमंडल अंतर्गत प्रखंड के चिन्हित ग्राम पंचायतों में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।उक्त कार्यक्रम के स्थानीय प्रतिनिधिगण एवं ग्रामीण के साथ-साथ कार्यक्रम में अनुमंडल/ प्रखंड/ पंचायत स्तररीय सभी पदाधिकारी/ पर्यवेक्षीय पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के माध्यम से बिहार सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में संबंधित विभाग के पदाधिकारी द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में संबंधित पदाधिकारियों द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं विशेषकर मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना, मुख्यमंत्री वास स्थल क्रय योजना, पंचायत राज विभाग से संबंधित योजना मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना, सोलर स्ट्रीट लाईट योजना इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही विधुत, कृषि सहकारिता योजनाओं, जो किसानों के हित में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का विस्तृत विवरण की भी जानकारी दी गई। सुपौल जिला के विभिन्न अनुमंडलों यथा - अनुमंडल - सुपौल अंतर्गत प्रखंड - किशनपुर के ग्राम पंचायत - मेहासिमर के पंचायत भवन में अनुमंडल - त्रिवेणीगंज अंतर्गत प्रखंड - छातापुर के ग्राम पंचायत रामपुर के पंचायत सरकार भवन में अनुमंडल - निर्मली अंतर्गत प्रखंड- मरौना के ग्राम पंचायत बेलही के पंचायत भवन भवन के नजदीक में एवं अनुमंडल - वीरपुर अंतर्गत प्रखंड प्रतापगंज के ग्राम पंचायत - चिलौनी उत्तर के पंचायत सरकार भवन में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में आम लोगों की काफी संख्या में भागीदारी रही।

# पंचायत स्तरीय जनसंवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल।** जिले के किशनपुर प्रखंड अंतर्गत बिहार सरकार द्वारा संचालित जनसंवाद से जन समाधान कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को प्रखंड के मेहासिमर पंचायत अंतर्गत मनरेगा कार्यालय के प्रांगण में पंचायत स्तरीय जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी सुपौल इंद्रवीर कुमार के द्वारा किया गया। वही संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी राजकुमार चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के पदाधिकारी द्वारा अपने-अपने विभाग के द्वारा मिलने वाले विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गई । वहीं जनसंवाद कार्यक्रम में प्रखंड के कई पदाधिकारी की अनुपस्थित होने के कारण संबंधित विभागों की जानकारी आम लोगों तक नहीं पहुंच पाया। कार्यक्रम में अपर अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार ने संबोधित करते हुए विभिन्न विभागों के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि आपका विभाग द्वारा आपदा से मिलने वाला घटना में सरकार द्वारा उनके परिवार जनों को400000 दिया जाता है। इससे पूर्व किशनपुर अंचल अंतर्गत इस बार काफी संख्या





में अग्निकांड हुआ था। जहां सभी पीड़ित परिजनों को इसका लाभ दिया गया। उन्होंने कहा कि आपदा जैसे बाढ़, आंधी, सर्प डंस ,अग्निकांड, वज्र पात ,डूबना, सहित कई प्राकृतिक घटना में सरकार द्वारा उसे तुरंत 400000 की अनुदान दिया जाता है। सरकार द्वारा चलाए जा रहे सैकड़ो योजनाओं की जानकारी जागरूकता के अभाव में खासकर गरीब लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पाता है। इसी जागरूकता के लिए जनसंवाद कार्यक्रम पूरे जिला के हर पंचायत में लगाया जा रहा है। ताकि आम लोगों को इसका लाभ पाने के लिए किसी बिचौलिया के पास भटकना नहीं परे। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी राजकुमार चौधरी द्वारा कहा कि लोगों में आत्मविश्वास लाना बहुत जरूरी है। सरकार हमेशा आपके साथ खड़ी है। अपनी समस्याओं को लेकर आप कभी भी मिल सकते हैं। पहले बीपीएल के कारण 90% लोगों को वृद्धा पेंशन नहीं मिल पा रहा था। लेकिन अब मुख्यमंत्री पेंशन योजना के तहत हर नागरिकों को साठ साल पूरा होने पर 15 दिनों के अंदर पेंशन की राशि उनके खाते में सीधे भेजा जा रहा है। आवास योजना हेतु भूमिहीन परिवारों को60 हजार देते हैं। ताकि भूमिहीन परिवार जमीन खरीद कर अपना गुजर बसर कर सके। वही अंचल अधिकारी संध्या कुमारी ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित कई योजनाओं का लाभ समय सीमा के अंदर दिया जा रहा है। ताकि लोग घर बैठे ही जाति, आवासीय, आय, सहित अन्य योजनाओं का लाभ ले पा रहा है। अब किसी बिचौलिया के पास नहीं जाना परता है। उन्होंने कहा कि दाखिल खारिज में पूरा सबूत के साथ ऑनलाइन करने पर 45 दिनों के अंदर दाखिल खारिज हो जाता है। सभी जमाबंदी रैयतो का अब आधार कार्ड से लिंक किया जाना है। जो कार्य काफी तेजी से हो रहा है। अब रसीद ऑनलाइन काटता है। इसलिए हर पंचायत में राजस्व कर्मचारियों को भेज रहे हैं। ताकि लोग आसानी से अपना रसीद काटा सके। सर्वे का कार्य शुरू होने वाला है। अंचल से आपदा का लाभ दिया जाता है।

### दो बाइक की टक्कर में दो जख्मी



**डॉ0 विनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले में निर्मली नगर के वार्ड- 7 निवासी एक म्यूजिशियन गुरुवार को एनएच 57 पर नरहिया के पास दो बाइक की टक्कर में गंभीर रूप से जख्मी हो गया। बताया जाता है की नगर के वार्ड 7 निवासी जीवछ छोटू मधुबनी जिले के सिजोलिया से एक सांस्कृतिक कार्यक्रम करके अपने घर लौट रहा था। जिवछ छोटू व लोक गायिका कल्पना मंडल एक बाइक पर सवार होकर एनएच 57 होते हुए फुलपरास से निर्मली की ओर आ रहा था। तभी नरहिया के पास एक उल्टे दिशा में जा रहे बाइक में जोडदार टक्कर हो गई। हादसे में गायिका और म्यूजिशियन गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हादसे के बाद बड़ी संख्या में लोग घटना स्थल पर जमा हो गया। लोगो ने दोनो जख्मी को आनन फानन में फुलपरास अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने डीएमसीएच रेफर कर दिया।

### एस. एस. बी सीमा चौकी पिपराही ने नेपाली शराब को किया जब्त





**अभिषेक आनन्द /दैनिक शुभ भास्कर, वीरपुर,सुपौल।** जिले में वीरपुर अनुमंडल क्षेत्र एस एस बी 45वीं बटालियन की सीमा चौकी पिपराही और थाना रतनपुर बिहार पुलिस के संयुक्त नाका दल ने ड्यूटि के दौरान नेपाली शराब को किया जब्त ।जानकारी देते हुए 45वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट, श्री रुपेश शर्मा , उप कमांडेंट ने बताया कि विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से आसूचना मिली थी कि सीमा स्तम्भ संख्या 217/1 के क्षेत्र से नेपाल से भारत की तरफ शराब के बड़ी खेप की तस्करी होने वाली हैं। सूचना की पुष्टि करने के उपरांत सूचना को रतनपुर थाना के साथ साझा किया गया तथा तस्करों को पकड़ने के लिए एक संयुक्त नाका दल का गठन किया गया |मुख्य आरक्षी राजकुमार कौशल के नेतृत्व में एवं अन्य 05 कार्मिक एवं बिहार पुलिस के 03 कार्मिकों गस्त दल चिन्हित स्थान के लिए रवाना हुआ। निर्धारित मार्ग पर गस्त दल सतर्कता के साथ ड्युटी करने लगा | कुछ समय उपरांत गस्त दल द्वारा देखा गया कि एक व्यक्ति नेपाल प्रभाग से भारत मे अनाधिकृत तरीके से प्रवेश कर रहा है गस्त दल को देखते ही उक्त व्यक्ति सामान छोड़ कर नेपाल प्रभाग की तरफ फरार हो गया | इसी क्रम में सामान की तलाशी ली गयी तलाशी के दौरान बोरी में नेपाली शराब दिलवाले की 900 बोतल (300 Ml प्रत्येक) = 270 लीटर प्राप्त हुई। जिसे गस्त दल द्वारा जब्त किया गया। आवश्यक कागजी कार्यवाई के उपरांत जब्त की गई शराब को थाना- रतनपुर , सुपौल बिहार के सुपुर्द किया गया।

**कठिनाइयां** नगर वासियों एवं राहगीरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पर रहा

# निर्मली नगर में प्रवेश करने वाले एक भी सड़के ठीक नहीं

**डॉ0 विनीत शेखर /दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले में निर्मली नगर को मुख्य सड़क में जोड़ने वाली सभी एप्रोच जर्जर एवं कीचड़मय रहने से नगर वासियों एवं राहगीरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पर रहा है। बता दे की नगर के मुख्य सड़क से जोड़ने वाली प्रमुख तीन एप्रोच सड़क है जो जर्जर व कीचड़ से भरा पड़ा हुआ है। जिससे लोगो को प्रखंड मुख्यालय एवं बाजार पैदल व छोटी बड़ी वाहनों से प्रवेश करना दुर्लभ हो गया है। नगर में प्रवेश करने के लिए कोसी प्रोजेक्ट से होते हुए मुख्य सड़क, प्रखंड मुख्यालय से जाने वाली मुख्य सड़क एवं उत्तरी रिंग बांध कीचड़ व जर्जर स्थिति में है। इसके अलावे मुख्य सड़क को जोड़ने वाली सभी सड़के जर्जर है। बताया जाता है की इससे नगर में ट्रांसपोर्ट आदि के भारी वाहनों को प्रवेश में परेशानी होती है। जिसकारण नगर के व्यवसाय भी चिंतित है। वहीं सुदूर क्षेत्र से आने वाले ग्राहकों को भी नगर में



प्रवेश करने के लिए जर्जर सड़क व भयावह कीचड़ का सामना करना पर रहा है। जिससे इन दिनों बाजार आने वाले ग्राहकों में भी कमी देखी जा रही है। वहीं प्रखंड कार्यालय से होते हुए पश्चिमी रिंग बांध मुख्य सड़क को जोड़ने वाली सड़क में मरम्मती कार्य कराया जा रहा है। बीते 3 महीना से सड़क का निर्माण मंथर गति से चलने के कारण बारिश होने से सड़क पूर्णता कीचड़मय हो गया है। 2 महीने पूर्व स्टेट बैंक से पश्चिम सड़क निर्माण के लिए मिट्टी भराव कार्य किया गया था। बावजूद नगर पंचायत प्रशासन द्वारा कार्य पूर्ण नहीं करने से हल्की बारिश में भी सड़क पर पानी लग जाता है। जिससे सड़क में भयावह रूप से कीचड़ हो गया है। कीचड़ होकर आवाजाही करने वाले बाइक चालक अपने बाइक में धक्का मारते नजर आ रहे है। वहीं गुरुवार को कीचड़मय सड़क पर फंसे एक बाइक को कुछ स्कूली बच्चों द्वारा धक्के मारते देखा गया। नगर पंचायत में प्रवेश करने वाले एक भी अप्रोच पथ ठीक नहीं रहने से लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। लोगों का कहना है कि नगर में प्रवेश करने के लिए तीन प्रमुख सड़क मार्ग हैं। इन दिनों तीनों सड़क मार्ग जर्जर व किचड़मय होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों ने वरीय अधिकारी से तीनों एप्रोच पथ की मरम्मती कार्य करने का मांग किया है। कायपालक पदाधिकारी शशिकांत कुमार ने बताया की दो एप्रोच पथ पश्चिमी तटबंध के अधीन आता है जबकि प्रखंड कार्यालय से जाने वाली एप्रोच पथ नगर पंचायत के अधीन है। जिसका नवीनकरण कार्य के लिए टेंडर किया गया। उक्त सड़क पर संवेदक द्वारा नया मिट्टी डालने के कारण बरसात में कीचड़ हो गया है। कहा की बरसात खत्म होते ही युद्ध स्तर पर कार्य कर एप्रोच पथ को ठीक कर लिया जाएगा।

# एसएसबी ने मानव तस्करी के उद्देश्य से ले जा रहे 01 नाबालिग को मानव तस्कर से छुड़ाया

**अभिषेक आनन्द /दैनिक शुभ भास्कर, वीरपुर, सुपौल।** जिले में वीरपुर अनुमंडल क्षेत्र के एस एस बी 45वीं बटालियन की सीमा चौकी कटैय्या (भीमनगर) के जाँच दल द्वारा भारत नेपाल सीमा पर 01 तस्कर को मानव तस्करी के उद्देश्य से भारत से नेपाल ले जा रहे 01 नाबालिग लड़की के साथ किया गिरफ्तार। जानकारी देते हुए 45वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट , श्री रूपेश शर्मा , उप कमांडेंट ने बताया कि वाहिनी के मानव तस्कारी विरोधी इकाई को आसूचना मिली थी की सीमा स्तम्भ संख्या 209 के पास से मानव तस्करी होने वाली हैं मुख्य आरक्षी बृज किशोर सिंह के नेत्रत्व में एवं अन्य 06 बलकर्मी जिसमे महिला बल कर्मी भी शामिल थी सीमा स्तम्भ 209 निकट मोदिग्राम चौक के पास तैनात होकर सतर्कता के साथ ड्युटी करने लगे। कुछ समय उपरांत एस एस बी जाँच दल द्वारा देखा गया कि एक व्यक्ति एक लड़की के साथ भारत प्रभाग से नेपाल प्रभाग की तरफ जाने की कोशिश कर रहा है। पूर्व प्राप्त आसुचना के आधार पर जाँच दल द्वारा दोनों को रोककर पूछ-ताछ किया गया एवं कागजों की जांच की गई। पूछ-ताछ एवं जांच के दौरान स्पष्ट हुआ कि लड़की जो नाबालिग थी को भारत से नेपाल की तरफ बहला –फुसला कर ले जाया जा रहा था | पूछताछ के दौरान तस्कर



की पहचान सज्जन मुखिया , उम्र -34 वर्ष , पिता – नुनु लाल मुखिया, ग्राम- तिलथी पोस्ट – बेलदौर जिला- खगरिया (बिहार ) , तथा नाबालिग लड़की का नाम आशा (काल्पनिक नाम ), उम्र- 17 वर्ष, पुत्री – पांडूराम जिला – जयपुर (राजस्थान ) के रूप में कि गयी | पूछे जाने पर प्राप्त जानकारी अनुसार लड़की के पिता द्वारा इसकी FIR 29.09.2023 को थाना आमेर जिला जयपुर शहर ( उत्तर) में दर्ज कराई गई थी। एस एस बी के विशेष जाँच दल द्वारा आवश्यक कागजी कार्यवाही के उपरांत पकडे गये व्यक्ति और लड़की को उसके माता पिता तथा जयपुर पुलिस के जांच अधिकारी के सामने ओ .पी भीमनगर, सुपौल बिहार को सुपुर्द किया गया।

## ख़ास ख़बर

### इंटर का फॉर्म 11 अक्टूबर तक जबकि मैट्रिक का फॉर्म 12 अक्टूबर तक भरा जाएगा

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ (रोहतास)**। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ा दी है। जेपीके इंटर कॉलेज के प्राचार्य डॉ प्रकाश चतुर्वेदी ने बताया कि बिना विलंब शुल्क के छात्र-छात्रा इंटर का फॉर्म 11 अक्टूबर तक जबकि मैट्रिक का फॉर्म 12 अक्टूबर तक भरेंगे। आऐ उन्होंने बताया कि जिन छात्रों का परीक्षा फॉर्म अभी तक नहीं भरा गया है। वह विद्यालय जाकर अपना परीक्षा फॉर्म अवश्य भर ले। बताते चले कि पहले इंटर का फॉर्म भरने की तिथि 22 सितंबर थी। जबकि मैट्रिक का फॉर्म भरने की तिथि 30 सितंबर निर्धारित की गई थी।

### हथिया नक्षत्र ने किसानों के चेहरे पर लाया मुस्कान

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ ( रोहतास)**। हथिया नक्षत्र में खुलकर अपना रंग दिखाई तो किसानों के चेहरे पर मुस्कान छाए गई ।इस दौरान मूसा धार बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे। फसल को लेकर चिंतित हुए किसानों की आंखों की नींद गायब होने की स्थिति उत्पन्न हो गई थी परंतु हथिया नक्षत्र शुरू होने के साथ ही बारिश शुरू हो गया। आसमान के रंग को देख किसानों के साथ आम लोगों ने भी गर्मी से राहत की सास ली। किसान हरिहर राय, सुरेंद्र सिंह, रामजी राय, सुनील कुमार ,राजेंद्र सिंह, भोलानाथ मिश्र ने बताया कि इस बार काफी कम बारिश हुई थी जिसके कारण मौसम भी काफी गर्म था नतीजा खेतो में लगी फसल खराब होने लगी। परंतु हथिया नक्षत्र में हो रही बारिश से ना सिर्फ लोगों को गर्मी से राहत मिली बल्कि खेतों में लगे फसल को विटामिन भी मिला।

### डीएम ने की बाल संरक्षण ईकाई की समीक्षा बैठक

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)**। जिला बाल संरक्षण ईकाई, रोहतास की समीक्षात्मक बैठक जिला पदाधिकारी नवीन कुमार के कार्यालय कक्ष में की गई। समीक्षा के दौरान पर्यवेक्षण गृह एवं बाल गृह मे आवासियों के संबंध में समीक्षा की गई। विभागीय पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान मे पर्यवेक्षण गृह मे 37 एवं बाल गृह मे कुल 21 बच्चे आवासीत है। पर्यवेक्षण गृह मे रोहतास एवं कैमूर के बच्चे आवासीय है, जबकि बाल गृह मे रोहतास कैमूर एवं औरंगाबाद के बच्चे आवासीत है। जिला पदाधिकारी द्वारा पर्यवेक्षण गृह के आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने, बच्चो के पठन-पाठन एवं कौशल विकास की गतिविधियों को बढाने का निदेश दिया गया। साथ ही परवरिस योजना के लाभुकों के पठन-पाठन एवं यथोचित देख-भाल करने एवं नियमित निरीक्षण करने का निदेश दिया गया।

### जल जमाव को लेकर डीएम ने गहरी नाराजगी व्यक्त किया

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)**। जिला पदाधिकारी नवीन कुमार के कार्यालय कक्ष मे कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, सासाराम एवं नगर निगम, सासाराम के सिटी मैनेजर के साथ रोहतास जिला के विभिन्न स्थलों पर जल जमाव की स्थिति पर विमर्श किया तथा गहरी नाराजगी व्यक्त की जिला पदाधिकारी द्वारा कहा गया कि सर्किट हाउस के आस-पास समाहरणालय परिसर एवं शहर के अन्य स्थलों पर बरसात होने के कारण बरसात का पानी इकट्ठा हो गया है जिससे जन-समान्य को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि जेसीबी लगाकर जल जमाव क्षेत्र के नालों की तुरंत सफाई करवाएँ आवश्यकतानुसार नाले को चौड़ा करें तथा जल बहाव का नेटवर्क तैयार करें। जिला पदाधिकारी द्वारा शहर के ऐसे सभी स्थलों जहाँ जल जमाव होता है तो चिन्हित करने तथा उसके लिए प्लान चाक आउट करने का निदेश दिया।

### हिट एंड रन की घटना में मृत 33 लोगों के परिजनों को मिला दो-दो लाख मुआवजा

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)**। रोहतास जिले में विभिन्न स्थानों पर विगत माह या विगत दिनों में हिट एंड रन की घटना में मौत के शिकार हुए 33 लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रूपया मुआवजा राशि साधारण बीमा परिषद द्वारा सीधे आश्रितों के बैंक खाते में भुगतान कर दिया गया है।

### डीएम ने समाज कल्याण विभाग की दिव्यांग को लेकर की समीक्षा बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)**। समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक जिला पदाधिकारी नवीन कुमार के कार्यालय कक्ष में की गई। सहायक निदेशक, दिव्यांगजन द्वारा बताया गया कि ट्राई साईकल हेतु 1056 आवेदन प्राप्त हुये है जिसमे प्रखंड 123 आवेदनों का वेरिफिकेशन अप्राप्त है। जिला पदाधिकारी नवीन कुमार द्वारा निदेशित किया गया कि तीन दिनों के अन्दर वेरिफिकेशन कराना सुनिश्चित करें। सहायक निदेशक द्वारा बताया गया कि ट्राई साईकल हेतु प्रति माह लगभग 60 आवेदन प्राप्त होते है। जिसमे जिला पदाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए बैनर, पोस्टर, पम्पलेट के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराने का निदेश दिया गया तथा प्रत्येक प्रखंड मे एक होर्डिंग मे प्रचार-प्रसार सामग्री लगाई जाय। सामाजिक सुरक्षा की समीक्षा मे पाया गया कि तीन बुनियाद केन्द्र जिला मे कार्यरत है। जहाँ से निशुल्क वृद्धजन, दिव्यांग एवं विधवाओं को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाये प्रदान किया जाता है। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि सभी बुनियादी केन्द्र समय पर खुले यह सुनिश्चित किया जाय। यू०डी०आई०डी० कार्ड बनाने हेतु पंचायत सचिव, विकास मित्र, आशा कार्यरता के माध्यम से जागरूक कराये, जिससे सभी दिव्यांगो का यू०डी०आई०डी० कार्ड बनाया जा सके।

# डीएम ने खाद एवं कृषि यंत्र को लेकर की समीक्षा बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)**। जिला पदाधिकारी नवीन कुमार की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष मे कृषि विभाग की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक मे जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला मे उरर्वक की कोई कभी नही है। वर्तमान मे आवश्यकता 50.00 हजार मीट्रिक टन की आवश्यकता है, जबकि उपलब्धता इससे अधिक है। खाद्य का रैक प्वाईट सासाराम मे अवस्थित है, जिसके कारण थोक एवं खुदरा विक्रेताओं को खाद्य उपलब्ध कराने में कोई समास्या नही है। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि किस प्रखंड को तथा किस दुकानदार को कितनी खाद्य की मात्रा उपलब्ध करायी जानी है, इसका निर्धारण संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा किया जायेगा। जिला कृषि पदाधिकारी एक ग्रुप का निर्माण करेंगे, जिसमे प्रखंड विकास पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी एवं विभागीय पदाधिकारी जुड़ेगे। रैक आने पर तथा विक्रेताओं को उरर्वक उपलब्ध होने पर ग्रुप मे मैसेज करेंगे। दुकान से उरर्वक निकलने से पहले पॉस पर इन्ट्री होना आवश्यक है, बिना इन्ट्री के उरर्वक विक्रेता की दुकान से बाहर नही जायेगी। विक्रेता उर्वक वितरण की पंजी भी संधारित करेंगे। उर्वक निर्धारित विक्रय स्थल पर भण्डारित होगी, घर मे उरर्वक का भण्डारण विक्रेता द्वारा कदापि नही किया जायेगा। दुकान सही समय पर खुले, इसकी जिम्मेवारी जिला कृषि पदाधिकारी की होगी। अंचलाधिकारी समय - समय पर सत्यापन करेंगे विक्रेता को उर्वक उपावंटित करने से पूर्व स्थानीय विक्रेता के माध्यम से तृतीय चरण के लिए उर्वक की आवश्यकता का अकलन कर लेंगे। तत्पश्चात् आकलन के आधार पर थोक विक्रेता से उरर्वक का आवंटन किया जायेगा। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा कहाँ गया कि कृषकों को प्रशिक्षण हेतु विभिन्न स्थलों पर भेजा जाता है। प्रशिक्षण प्राप्ति के पश्चात् कआन्वर्ज का आकलन जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा किया जायेगा। उद्यान पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला मे कोई भी सेंटर आफ एक्सीलेंस कार्यरत नही है। यहाँ की भूमि बलुई / दोमट है, जो फल उत्पादन के लिए बेहतर है। अमरूद, आम, आवला, लिची के बाग लगाने की योजनाएं संचालित है, आम के बाग 9.8 हे0 के क्षेत्र मे लगाया जा चुका है। उत्पादन के प्रति उत्सुक हैं, इनको संबंधित योजना से टैग करने का प्रयास किया जा रहा है। किसान सम्मान योजना से अधिकतम किसानो को लाभांवित करने हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि कृषि समन्वयक के माध्यम से पंचायतवार किसानों की संख्या का आकलन कराते हुए प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला मे किसानो का डाटाबेस तैयार करें। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 2.10 लाख किसानो को इस योजना से लाभांवित किया जा चुका है। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा निदेशित किया गया कि बुधवार एवं बृहस्पतवार को विभाग के सभी पदाधिकारी अनिवार्यरूप से क्षेत्र भ्रमण करेंगे। किसानो की समस्याओं का निराकरण करेंगे तथा प्रतिवेदन जिला को उपलब्ध करायेगे। यांत्रिकीकरण के संबंध मे जिला पदाधिकारी द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 मे 100 प्रतिशत प्राप्त करने का सहायक निदेशक कृषि अभियंत्रण रोहतास को दिया गया। सहायक निदेशक कृषि अभियंत्रण रोहतास द्वारा बताया गया कि 110 प्रकार के यंत्र है, जिसपर अनुदान दिया जाना है। जिस हेतु 472 लाख रूपये की आवंटन की स्वीकृति प्राप्त है।

## आंगनबाड़ी भवन को लेकर की समीक्षा बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)**। आई०सी०डी०एस० विभाग की समीक्षात्मक बैठक जिला पदाधिकारी नवीन कुमार के कार्यालय कक्ष में की गई। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला मे कुल 3388 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है। जिसमे 1245 केन्द्रो की अपना भवन है तथा 200 भवन अन्य सरकारी भवनों मे संचालित है। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 67 आगनबाड़ी केन्द्रों को विद्यालय में स्थानांतरित किया गया है। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा निदेशित किया गया कि बीईओ एवं सीडीपीओ द्वारा संयुक्त जाँच की जायेगी की कौन से विद्यालय में कमरा उपलब्ध है। यदि कमरा विद्यालय मे उपलब्ध है तो आंगनबाडी केन्द्रों को विद्यालय में स्थापित किया जायेगा। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि कितने भवन अच्छे स्थिति मे है तथा कितने जर्जर स्थिति में है उसका डाटा तैयार करें। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, करगहर द्वारा बताया गया कि प्रत्येक माह 35 आंगनबाड़ी केन्द्रों का जॉच सीडीपीओ द्वारा कराते हुए आंगन ऐप मे इन्ट्री की जाती है. जिसकी मॉनिटरिंग डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर द्वारा की जायेगी। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा बताया गया कि पोषण ट्रैकर ऐप मे जितने बच्चो की संख्या दर्ज है. उतने ही बच्चो की पोषाहार राशि स्थानांतरित की जायेगी। यदि संख्या बढ़ाकर अंकित की गई तो समतुल्य राशि की कटौती आंगनबाड़ी सेविका के मानदेय से की जायेगी। डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर द्वारा बताया गया कि आंगनबाड़ी सेविका / सहायिका हडताल पर है। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा निदेशित किया गया कि क्रिटिकल आंगनबाडी सेविका / सहायिका की परियोजना वार डाटाबेस तैयार करें। डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर द्वारा बताया गया कि ग्रोथ मॉनिटरिंग-90.84 प्रतिशत तथा होम विजिट-89.80 प्रतिशत है, जिस पर जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा गहरी नाराजगी व्यक्त की गई तथा इसको 100 प्रतिशत करने का निदेश दिया गया तथा निदेशित किया गया कि बच्चो को राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तानांतरित की जायेगी। जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि 100 प्रतिशत आगनबाडी केन्द्र खुले डीपीओ आईसीडीएस सुचित करेगे। मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजनान्तर्गत जिला मे 60 प्रतिशत आवेदनों का पंजीकरण होने पर जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई तथा प्रत्येक घर-घर जाकर सर्वे करते हुए योग्य लाभुको का पंजीकरण शत प्रतिशत कराने का निदेश दिया गया। साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना मे भी योग्य लाभुकों की प्रविष्टि 15 दिनों में कराने का निदेश दिया गया। रोहतास जिला में 20 परियोजना केन्द्र है तथा सीडीपीओ की संख्या मात्र 9 है। जिस संदर्भ में जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा निदेशित किया गया कि अतिरिक्त प्रभार बगल वाली परियोजना का ही दिया जाय यदि इसमे कोई विषंगती है तो संशोधन हेतु विभाग से पत्राचार की जाय।

## स्नातक पार्ट-2 परीक्षा में नकल करते 12 परीक्षार्थी निष्कासित





**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज (रोहतास)**। स्नातक पार्ट-2 परीक्षा के दूसरे दिन गुरुवार को नकल के आरोप में 12 परीक्षार्थियों को केंद्राधीक्षक द्वारा निष्कासित किया गया। ज्ञात हो कि वीर कुंवर सिंह विश्विद्यालय,आरा द्वारा संचालित सत्र 2021-24 स्नातक पार्ट-2 परीक्षा अंतर्गत बिक्रमगंज में चार निर्धारित परीक्षा केंद्र वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय धारूपुर, अंजबित सिंह महाविद्यालय, इंदु तपेश्वर महिला महाविद्यालय सहित पटेल महाविद्यालय परीक्षा केंद्र बनाए गये हैं। जहां सबसे अधिक परीक्षार्थियों की संख्या 2966 वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर परीक्षा केंद्र में है। वही गुरुवार को संचालित परीक्षा के पहली पाली में ग्रुप-सी के कला संकाय विषय की परीक्षा में नकल करते हुए पहली पाली में 6 व दूसरी पाली में 6 सहित 12 परीक्षार्थियों को केंद्राधीक्षक डॉ० सुरेंद्र कुमार सिंह ने निष्कासित कर दिया। ज्ञात हो कि पहली पाली में विभिन्न कला संकाय विषय के सभी परीक्षार्थियों की 1154 अंतर्गत 6 परीक्षार्थी निष्कासित किए गये। जबकि दूसरी पाली में ग्रुप-डी की कला संकाय और साइंस विषय की संचालित परीक्षा में परीक्षार्थियों की संख्या 823 अंतर्गत 6 परीक्षार्थी निष्कासित किए गये। इस संबंध में वीर कुंवर सिंह परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक डॉ० सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय,आरा कुलपति शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी के दिशा निर्देश पर स्नातक पार्ट-2 परीक्षा में नकल के खिलाफ सघन जांच करते हुए प्रथम पाली व दूसरी पाली सहित सभी 12 परीक्षार्थियों को निष्कासित किया गया है। जो विश्वविद्यालय कुलपति के दिशा निर्देश पर नकल के खिलाफ सघन जांच निरंतर जारी रहेगी। जबकि परीक्षा केंद्र पर तैनात दंडाधिकारी रमाशंकर राम भी पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था की गतिविधियों पर पैनी नजर बनाये हुए है।

### शुक्रवार को लगेगा डीएम का जनता दरबार

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)**। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती पर योगदान के पश्चात् जिला पदाधिकारी श्री नवीन कुमार, भा०प्र० से० द्वारा प्रत्येक सप्ताह जनता दरबार अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जनता दरबार प्रत्येक शुक्रवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे से 2:00 बजे तक आयोजित किया जायेगा। जिसमे जनसामान्य जिला पदाधिकारी को अपनी समस्याओं परेशानियों कठिनाईयों से अवगत करा सकते हैं।

### नली गली निर्माण की समीक्षा बैठक डीएम ने किया



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)**। जिला पदाधिकारी नवीन कुमार के कार्यालय कक्ष मे नल-जल एवं नली-गली निर्माण से संबंधित कार्यो की समीक्षा जिला पंचायत राज पदाधिकारी एवं कार्यपालक अभियंता पी०एच०ई०डी० से की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी दलित बस्तियों मे नली-गली योजना को पूर्ण से अच्छादित करने का निदेश जिला पंचायत राज पदाधिकारी, रोहतास को दिया गया तथा कार्यपालक अभियंता, पी०एच०ई०डी० को निदेशित किया गया कि ऐसे नये बसावट वाले क्षेत्र जहाँ नल-जल योजना की पहुँच नही है का सर्वे कराकर गैप को चिन्हित करते हुए वहाँ नल-जल की उपलब्धता सुनिश्चित करायेंगे, यदि कहीं मेजर मेंटेनेंस की आवश्यकता है तो उसके लिए अलग से प्राक्कलन तैयार करते हुए विभाग से राशि की अधियाचना करेंगे।

### रेलवे सुरक्षा बल डेहरी ऑन सोन के द्वारा यात्रियों के बीच चलाया गया जागरुकता अभियान



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)**। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डेहरी ऑन सोन के अधिकारी एवं स्टाफ द्वारा डेहरी ऑन सोन स्टेशन प्लेटफार्म व गाडियों में समय 15:00 बजे से 16:05 बजे तक जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें यात्रियों को यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या होने पर रेलवे टोल फ्री नंबर 139 पर संपर्क करने के लिये जागरूक किया गया । महिला कोच व विकलांग कोच में अनाधिकृत रूप से यात्रा ना करने, बिना किसी उचित कारण के एसीपी ना करने, पायदान पर बैठकर या खड़े होकर यात्रा ना करने,किसी अपरिचित से मेलजोल ना बढ़ाने, ज्वलनशील पदार्थ के साथ यात्रा ना करने और ऐसे बच्चे जो अकेले भूले भटके सहमें हुए दिखाई दे तो रेलवे चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 को सूचना देनें चलती ट्रेन में पत्थर ना फेकने आदि के संबंध में जागरूक किया गया।

### संकल्प यात्रा को लेकर लोजपा रा समीक्षा बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)**। सासाराम लोक जनशक्ति पार्टी रा के जिला संयोजक कमलेश सिंह ने अकोड़ी गोला प्रखंड के मां शीला वाटिका में जिला के सभी प्रखंड के सभी प्रकोष्ठ प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं प्रदेश के पदाधिकारी के साथ 4 नवंबर बिहार फर्स्ट बिहार फर्स्ट मुहिम को लेकर संकल्प यात्रा माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष युवराज चिराग पासवान जी की आगमन को लेकर रोहतास नंबर वन पर बनाने के लिए जिला संयोजक ने सभी प्रखंड पंचायत स्तरों को मजबूत करने के लिए दौरा कर रहे हैं मिटिग की अध्यक्षता कमलेश सिंह ने किया जिसका संचालन धर्मेंद्र पासवान ने किया मुख्य अतिथि राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह अजीत राय राजीव रंजन टुटुल सभी लोगों ने अपना-अपना विचार व्यक्त किया और बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट सकल यात्रा को मजबूती के साथ 4 नवंबर को रोहतास की धरती पर भविष्य स्वागत की जाएगी और रोहतास हर समय आगे रहा है और रहेगा जिसमें सभी प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष विनोद सिंह विनोद पासवान कचहरी पासवान छोटेलाल पासवान जगनारायण शाह सुदामा पासवान उमेश प्रसाद श्रीवास्तव राकेश राय मोनू पांडे बादशाह पासवान जितेंद्र पासवान संतोष सिंह मौजूद रहे।

### डीएम ने छात्रावास को लेकर की समीक्षा बैठक

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)**। जिला पदाधिकारी नवीन कुमार के कार्यालय कक्ष मे जिला कल्याण पदाधिकारी के साथ एससी,एसटी एवं ओबीसी विद्यालय एवं छात्रावास तथा अनुसुचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत पेंशन एवं मुआवजा राशि के वितरण के संबंध में समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया की सभी 36 लोगों को पेंशन दिया जा रहा है। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि यदि कोई व्यक्ति मुआवजा लेने से इंकर करता है तो नोडल पदाधिकारी से उनकी काउंसलिंग करवायें तथा उन्हें बतायें कि यदि आप केस हार भी जाते हैं तब भी राशि वसूलनिय नहीं है। जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया की ओबीसी के 2 छात्रावास, एक बालक एवं बालिकाओं के लिए हैं। बालक छात्रावास मोकर में अवस्थित है जो 100 बेड का है तथा जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास डिहरी ऑनसोन में महिला महाविद्यलाय के प्रागंण में अवस्थित है यह भी 100 बेड का है तथा छात्राओं के लिए चिन्हित है. इस छात्रावास में मात्र 31 छात्राएँ अवासित हैं जिसपर जिला पदाधिकारी ने असंतोष व्यक्त किया तथा छात्रावास में दी जाने वाली सुविधाओं का प्रचार-प्रसार हेतु फेसबुक, यू-ट्यूब एव व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया।

**परेशानी** 60 वर्षों से होती है फसल बर्बाद चुनावी वादों को भूल जाते हैं जनप्रतिनिधि

## मूसलाधार वर्षा होने के कारण 500 एकड़ धान की खेती बर्बाद





**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास**। काराकाट प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चिकसील के कुरूर गांव के किसान का फसल बर्बाद हो गया । मूसलाधार बारिश होने एवं पानी के निकास नहीं होने के चलते लगभग 500 एकड़ भूमि में लगी फसल बर्बाद हो गई । किसान निराश और हताश है तथा जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को कोस रहे हैं । सैकड़ों किसानों ने बताया कि लगभग 60 वर्ष से फसल बर्बाद होता है विडंबना यह है कि अगर धान की फसल बर्बाद हुआ तो चैती फसल भी नहीं हो पाती है करण की उधर धान में ही पैदा किया जाता है अगर धन नहीं हुआ तो कीड़ा मकोड़ा चैती फसल के बीज को खा जाते हैं ।जिस कारण से अगर अगहनी फसल बर्बाद हुआ तो चैती फसल भी नहीं हो पाती है । किसानों ने कहा कि हम लोग खेती पर ही निर्भर हैं धान का जब खेती कर रहे थे तब मन में अनेकों अरमान थी की फसल जब होगा तब बच्ची की शादी किया जाएगा । बच्चों को पढ़ाया जाएगा अच्छा इलाज कराया जाएगा लेकिन सब पर पानी फेर दिया बार-बार जनप्रतिनिधि चुनाव के समय में वादा करते हैं कि चुनाव जीते हैं इस समस्या का हाल करेंगे ।लेकिन चुनाव जीतने के बाद जब इनको एक का हवा लग जाता है तो किसान मजदूर को शुद्ध लेना भूल जाते हैं वादा केवल वादा ही रहता है ।सैकड़ो किसानों ने स्थानीय जिला परिषद सदस्य , स्थानीय विधायक एवं स्थानीय सांसद से मांग किया कि आप विलंब बर्बाद फसल की मुआवजा दिलवाई जाए तथा पानी निकासी के लिए व्यवस्था किया जाए ताकि बर्बादी से बचाया जा सके । कुरूर गांव निवासी किसान अभय सिंह , मंजेश सिंह, गोपाल सिंह ,कलेक्टर सिंह , सुरेश सिंह , भवन शाह , भानु यादव सहित किसानों ने सरकार जन प्रतिनिधि और अधिकारियों से मांग किया कि जल्द से जल्द पानी निकासी की व्यवस्था किया जाए ताकि किसानों की समस्या हल हो सके ।

# मध्य विद्यालय चिकसिल में मध्याह्न भोजन का चावल चोरी का मामले फिर आया सामने

**ग्राम पंचायत सरपंच ने लगाया आरोप**




**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास**। काराकाट प्रखंड काफी दिनों से अपने नए-नए कारनामों से काफी सुर्खियां बटोर चुका हैं। ताजा मामला काराकाट प्रखंड क्षेत्र के संकुल संसाधन केंद्र मध्य विद्यालय चिकसिल का है । जहां ग्रामपंचायत चिकसिल के सरपंच राजेन्द्र राम और कुछ गांव के ग्रामीणों ने गुप्त सुचना के आधार पर मध्य वि० चिलसील पहुंचे जहां उनलोगो ने पाया कि 7 बरोरा पोसा हार का चावल गोदाम रूम से निकाल कर एक कावाड़ी वाला रूम में रखा हुआ था। जिसमे वर्ष का पानी भारा था। पंचायत समिति ने बताया कि जब अनलोगो द्वारा चावल रखें रूम का ताला प्रधानाध्यापक हिरा गुप्ता से खोलने को कहा तो प्रधानाध्यापक ने कहा कि इस कमरा का चाभी भूल गया है। लेकिन उस वहा उपस्थित विद्यालय के बच्चों ने दिखाया कि उस रूम मे 7 बारा चावल चोरा कर रखा गया है। सरपंच ने बताया कि मामला सामने आने के बाद हिरा कुमार गुप्ता उन्हें और वहा उपस्थित बच्चों एवम ग्रामीणों को "गाली गलौज" किया गया । जिसके बाद सरपंच राजेन्द्र राम द्वारा काराकाट थाना पर फोन लगाम लेकिन फोन नहीं लगा तब उन्होंने अनुमण्ड अधिकारी से फोन पर शिकायत किया । फिलहाल इस मामले में ग्रामपंचायत सरपंच ने रोहतास जिला अधिकारी को लिखित आवेदन दिया है। जिसपर क्या कुछ करवाई होती है देखने वाली विषय होगी। इससे पहले भी इस विद्यालय पर कई गंभीर आरोप लग चुका है। ज्ञात हो की विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुनीर आलम के द्वारा दिन में सरेआम मध्याह्न भोजन का चावल बेचने का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हुआ था । जिसपर आज तक कोई करवाई नही हुआ। वही और भी कई आरोप भी विद्यालय के शिक्षकों पर लग चुका है जिसमे, विद्यालय में उपस्थिति दर्ज कर बगैर सूचना के विद्यालय से गायब हो जाना जैसा मामला शामिल है। लेकिन प्रखंड अधिकारियों की मिली भगत से आज तक कोई करवाई नही हुआ। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि जिले में ईमानदार व स्वच्छ छवि वाले नव पदस्थापित जिलाधिकारी नवीन कुमार के द्वारा इस मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए क्या कुछ उचित कार्रवाई किया जाता है ।

## ख़ास ख़बर

### सड़क दुर्घटना में एक ही गांव के दो लोगों की मौत पसरा सन्नाटा



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कुदरा (कैमूर)**। थाना क्षेत्र के परसथुवां ग्राम वासी दो लोगों की सड़क हादसे में हुई मौत। मेरे जानकारी के अनुसार शनि देवल कुमार पिता शंभू नट व ज्योति कुमारी पिता स्वर्गीय नरेंद्र प्रजापति परीक्षा देने के लिए मोटरसाइकिल से दिनांक 04/10/2023 को खैरा कॉलेज गए हुए थे। प्रथम पाली परीक्षा देने के बाद 1:00 बजे दोपहर में बाइक से ही सासाराम जाने लगे, जाने के क्रम में उनका बाइक बाराडीह के समीप किसी अज्ञात वाहन से टकरा गई,जिससे कि शनि देवल का घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वही ज्योति कुमारी भी बुरी तरह से घायल हो गई। आसपास उपस्थित लोगों द्वारा घटना की सूचना थाना प्रशासन के साथ ही, उपस्थित दस्तावेजों के आधार पर दूरभाष के माध्यम से उनके परिजनों को सूचना दिया गया। मौके पर पहुंचे थाना प्रशासन व परिजनों के द्वारा इलाज हेतु सदर अस्पताल सासाराम ले जाया गया। जहां जांच के क्रम में डॉक्टरों द्वारा बताया गया, कि दोनों की मौत हो चुकी है। प्रशासन द्वारा शव का पंचनामा करा परिजनों को सौंप दिया गया।देर रात शव को गांव पहुंचते ही गांव में शोक पसर गया, सन्नाटा छा गया।

### हरितकृषि संयंत्र योजना के तहत बचे यंत्रों की निविदा करवाने का निर्देश दिया



**भभुआ कैमुर, शुभ भास्कर**। जिला पदाधिकारी कैमूर सावन कुमार की अध्यक्षता में सहकारिता विभाग से संबंधित बैठक की गई और निम्नवत दिशा निर्देश दिया गया। ज़िले में पैक्स कटरा कला, बढ़ुपर जैतपुर, बढ़ौना के द्वारा धान अधिप्राप्ति वर्ष 2022-23 अंतर्गत धान के समतुल्य CMR नहीं जमा किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी पैक्सों से अविलंब राशि जमा करने की कार्रवाई अन्यथा जमा न करने की स्थिति में नीलाम पत्र वाद की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। ज़िले के सभी अपूर्ण गोदामों को 31 अक्टूबर 2023 तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। हरितकृषि संयंत्र योजना के तहत बचे यंत्रों की निविदा करवाने का निर्देश दिया गया।धान अधिप्राप्ति वर्ष 2023-24 के लिए ज़्यादा से ज़्यादा प्रचार प्रसार करते हुए किसानों को पैक्सों में धान विक्रय हेतु आवेदन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी उपस्थि

### स्कूल जाने के क्रम में अध्यापिका की मोटरसाइकिल से गिर कर हुई मौत



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, कैमूर**। जिला के कुदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत झलखोरिया गांव काली मंदिर के समीप अजगरा स्कूल के अध्यापिका की, स्कूल आने के क्रम में मोटरसाइकिल से गिरने की वजह से हुई मौत। मिली जानकारी के अनुसार दुर्गावती थाना क्षेत्र के कस्थरी ग्रामवासी धायत्री देवी पति पंकज कुमार जो कि कुदरा थाना क्षेत्र के अजगरा विद्यालय में अध्यापिका के रूप में कार्यरत है। हर दिन की भांति उनके पति अपने गांव से मोटरसाइकिल पर बैठाकर स्कूल पहुंचाने के लिए जा रहे थे। की झलखोरिया गांव काली माता मंदिर के समीप के आते ही मोटरसाइकिल सड़क की गति अवरोधक पार करने के क्रम में मोटरसाइकिल से गिर पड़ी जिससे कि गंभीर रूप से घायल हो गई। उनके पति द्वारा आसपास उपस्थित लोगों की सहायता के माध्यम से मोहनियां एक अस्पताल में ले जाया गया। जहां से चिकित्सकों द्वारा तत्काल इलाज करते हुए उचित इलाज हेतु वाराणसी के लिए स्थानांतरित कर दिया गया। परिजनों द्वारा इलाज हेतु वाराणसी जाने के क्रम में अध्यापिका की मौत हो गया। कुदरा थाना प्रशासन द्वारा शव का पंचनामा कर, अन्त्य परीक्षण हेतु सदर अस्पताल भभुआं भेजा गया। जहां से अन्त्य परीक्षण के उपरांत शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया।

# सूखे की मार से जूझते बैंक कर्मियों से परेशान अब बाढ़ आगे बेबस किसान





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती (कैमूर)**। लंबे समय से धरती के घटते जलस्तर सूखे की मार से जूझता बैंकों की वसूली से परेशान किसान अभी उबर भी नहीं पाया था।की प्रकृति ने फिर एक बार किसानों के साथ ऐसा करिश्मा कर दिया जिसके कारण नदी में वर्षा के कारण बढ़ते जलस्तर किसने की फसल को पूरी तरह से अपनी आगोश में ले लिया। जिसके कारण किसानों के माथे पर एक चिंता की लकीर खींच गई। लगातार बैंक कर्मियों के द्वारा बैंकों से जारी वारंट और प्रशासन का भय दिखलाने का काम आज भी जारी है। जिसके कारण किसान की नींद रात में हराम हो गई है। अब किसानों को यह समझ आ रहा है कि लगता है की बिना जेल गए अब राहत नहीं मिलने वाली है। दुर्गावती प्रखंड के चेहरिया रोड पर पानी 2/1/2 फिट चल रहा है वही दहला के पास चोगडा रोड पर भी बाढ़ का पानी चल रहा है । प्रखंड के इशीपुर मछनहटा सरियाव खामी दौरा गोरारा बभन पूरा मराहिया समेत दर्जनों गांव आज भी बाढ़ की चपेट में है।

## अवैध रूप से संचालित आरा मशीनों को वन विभाग की टीम ने किया सील



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, कैमूर**। भभुआं खीरी एवं ओरगांव में अवैध रूप से संचालित दो आरा मशीनों को वन विभाग की टीम ने सील कर दिया है। वन विभाग के रिपोर्ट के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर भभुआं रेंज के वन प्रमंडल डीएफओ के निर्देश पर छापेमारी की गई। जहां ओरेगांव और खिरी गांव में अवैध रूप से आरा मशीनों का संचालन किया जा रहा था। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने दो आरा मशीनों को सील कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## चैनपुर पुलिस ने एक शराबी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, चैनपुर (कैमूर)**। थाना क्षेत्र के खारीगांवा चौक से पुलिस ने एक शराबी को गिरफ्तार कर चैनपुर थाना लाया गया आपको बताते चले कि चैनपुर थाना अध्यक्ष रणवीर कुमार को गुप्त सूचना मिल की एक शराबी खारीगावा चौक में शराब की नशा में हंगामा कर रहा है। जहां इस सूचना को पाते ही थानाध्यक्ष रणवीर कुमार ने गस्ती में निकले एसआई गोरेलाल बढई को फोन कर जानकारी देते हुए तत्काल पहुंचने की है निर्देश दिया जहां गोरेलाल बढई ने खरीगावा चौक पहुंचकर जैसे ही पुलिस की गाड़ी को देखा शराबी ने चकमा देकर भागने की कोशिश किया लेकिन बिहार पुलिस के जवानों ने दौड़कर गिरफ्तार कर थाना लाया गया जहां उसे पूछताछ में अपना नाम महेश राम पिता रामचंद्र राम ग्राम खारीगावा बताया पुलिस ने आगे चैनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल कराकर उस शराबी को भभुआ न्यायइक हिरासत में भेज दिया।

## न्याय यात्रा को सफल बनाने हेतु सरपंच संघ ने किया बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, कैमूर**। जिला मुख्यालय भभुआं स्थित रविदास आश्रम में न्याय यात्रा को सफल बनाने हेतु सरपंच संघ ने किया बैठक। बृहस्पतिवार को जिला सरपंच संघ द्वारा जिला मुख्यालय स्थित संत रविदास आश्रम में अपनी 11 सूत्रीय मांगों के लिए निकले न्याय यात्रा को सफल बनाने हेतु किया गया विचार विमर्श। संदर्भ में जानकारी देते हुए जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया, कि सरकार द्वारा पंचायती राज में भी सरपंचों का अधिकार छीन लिया गया है साथ ही किसी भी प्रकार का कोई सरकारी सहयोग नहीं दिया जाता है जिस संदर्भ में हम लोगों के द्वारा बीते दिनों से अपने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कई बार धरना प्रदर्शन किया गया पर सरकार द्वारा नहीं सुना गया जिसके विरुद्ध बिहार प्रदेश सरपंच संघ अध्यक्ष के द्वारा न्याय यात्रा 2 अक्टूबर को समस्तीपुर जिला के प्रखंड मुख्यालय पंचायत समिति भवजितवारपुर से निकाला गया है जिस यात्रा को सफल बनाने हेतु कैमूर जिला के सरपंच संघ द्वारा 25 नवंबर को न्याय यात्रा में सम्मिलित हुआ जाएगा। उक्त बैठक में इंद्रजीत पटेल पूनम कुमार जिला सचिव राजेश राम जिला कोषाध्यक्ष सुनील तिवारी जिला उपाध्यक्ष समीमा बीबी पप्पू रावत मीडिया प्रभारी प्रखंड कुदरा एवं मार्गदर्शन टीम के अध्यक्ष उमेश सिंह महबूब अंसारी गयासुद्दीन खान दुर्गति प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह रामगढ़ पर प्रखंड अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष फखरुद्दीन अंसारी आशुतोष यादव एवं सभी प्रखंड अध्यक्ष सभी पंच सरपंच उपस्थित रहे।

### पानी में डूबने से एक व्यक्ति की हुई मौत



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, कैमूर**। जिला के मोहनियां थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलौड़ी गांव में पानी में डूबने से एक युवक की हुई मौत। मीली जानकारी के अनुसार मोहनियां थाना क्षेत्र के बिलौड़ी गांव में, एक 20 वर्षीय युवक गांव के समीप पानी से भरें गड्ढे में गिर गया। आसपास उपस्थित लोगों द्वारा आनन फानन में गड्ढे से निकालते हुए इलाज हेतु अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा जांच के क्रम में पाया गया, कि व्यक्ति की मौत हो चुका है। प्रशासन द्वारा शव को कब्जे में लेते हुए अन्त्य परीक्षण हेतु सदर अस्पताल भभुआं भेजा गया। जहां अन्त्य परीक्षण के उपरांत शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया। मृतक कृष्णा सास पिता बसंत साह बताया जा रहा है।

### 3.8 मिलीग्राम हीरोइन के साथ दो गिरफ्तार कर भेजे गए जेल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती (कैमूर)**। स्थानीय बाजार दुर्गावती से पुलिस ने विगत शाम को दो लोगों को हीरोइन के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस को जैसे ही पता चला कि बाजार में कुछ युवक हीरोइन बेचने की धंधा करते हैं तो पुलिस तूरत सक्रिय हो गई। थाने पर ड्यूटी में तैनात थाना प्रभारी राजीव रंजन सिंह तत्काल स्वयं अपनी गाड़ी का संचालन करते एक पदाधिकारी को ले छापामारी में निकल पड़े। जैसे ही हीरोइन के विक्रेताओं ने थाने की गाड़ी आते देखी तो अपने बाइक से भगाना प्रारंभ किया। बाइक से भाग रहे हीरोइन विक्रेताओं को कुछ ही दूरी जाने के बाद थाना प्रभारी राजीव रंजन सिंह ने घर दबोचा और वहां से थाने लया। जब उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास से हीरोइन को तौलने वाला एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू300 रुपए नगद 3/8 मिलीग्राम हीरोइन बरामद की गई। हीरोइन विक्रेता जावेद अली जिनके पास से 14 पुड़िया और दूसरा फैयाज उर्फ बबलू फारूकी के पास से दो पुड़िया हीरोइन बरामद की गई। दोनों हीरोइन विक्रेता दुर्गावती बाजार के निवासी बताए जाते हैं पुलिस इस मामले पर थाने में प्राथमिक दर्ज कर आगे अनुसंधान में जुड़ गई।

### खरेन्दा गांव की मुख्य सड़क टूटने की वजह से सैकड़ों घर का आवागमन हुआ बाधित



**दैनिक भास्कर संवाददाता, रामपुर (कैमूर)**। रामपुर प्रखंड के खरेंदा पंचायत के खरेंदा में मुख्य सड़क टूटने की वजह से सैकड़ों घर का आवागमन हुआ बाधित। पहले से ही दो बीमा लगा हुआ है, लेकिन दो बीमा से पानी की निकास नहीं हो पा रही है, जिसके वजह से कई घरों में पानी दौड़ने लगी। और मुख्य सड़क टूट गया ग्रामीणों का कहना है कि सड़क टूट जाने की वजह से हम लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। कि किसी तबीयत भी खराब हो जाए तो हम लोग को निकालने के लिए कोई मार्ग नहीं है। एक मार्ग से होते हुए हम लोगों का निकलने का रास्ता था, जो कि अब टूट चुका है। इसलिए हम लोग जनप्रतिनिधि और अधिकारियों से गुहार लगाते हैं, कि यहां पुलिया बनाने का कृपा करें।

प्रेसवार्ता — दुर्गावती प्रखंड के कई गांव का दौरा कर, राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने आनंद होटल में प्रेस वार्ता की

# जनता के बीच पहुंचे जीएसटी रिटायर्ड कमिश्नर विनोद सिंह का लोगो ने किया स्वागत



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती (कैमूर)**। कभी सरकार की सेवा में तैनात रहे जीएसटी के रिटायर कमिश्नर आज दुर्गावती प्रखंड के कई गांव का दौरा कर, राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने आनंद होटल में प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता के दौरान रिटायर कमिश्नर विनोद सिंह ने बेबाकी से देश में चल रही समस्याओं लोगों के बीच पैदा किये जा रहे भेदभाव जातियों में बांटने की साजिश को राष्ट्र के हित में बड़ी बाधा करार दी।उन्होंने कहा कि आज विश्व के तमाम देश टेक्नोलॉजी और विज्ञान के चमत्कारी परिणाम के बल पर आगे बढ़ रहे हैं तो वही आज हमारा देश समाज को बांटने और प्रतिभावान नौजवानों को पीछे धकेलना का काम कर रहा है। सदियों से बिहार को मजदूरी करने वाला एक राज्य बना करके यहां के राजनीतिक दलों ने बिहार को केवल लूटने का काम किया। बिहार में न कोई उद्योग धंधे लगे न हीं कोई नेता बिहार में टेक्नोलॉजी और आईटी सेक्टर जैसे संस्थानों को विकसित कर पाया। जिसके कारण पूरे देश में बिहार को एक मजदूर का राज्य कहा जाता है। मैं बहुत दिनों तक संवैधानिक दायरे में रहकर देश की सेवा किया हूं। लेकिन अब मेरे अंदर की जो भावना है समाज सेवा के लिए उठ रही है। मैं चाहता हूं कि यदि मुझे चुनाव लड़ने का अवसर मिलेगा तो मैं जनता के साथ जुड़कर देश को आगे ले जाने का काम करूंगा। जब उनसे सवाल पूछा गया कि आप किस दल से चुनाव लड़ेंगे तो उन्होंने बताया कि देश की चल रही सरकार सही दिशा में राष्ट्र के हित में काम कर रही है इसलिए मैं भारतीय जनता पार्टी के सिपाही के तौर पर बक्सर की सेवा करने के लिए तैयार हु यदि टिकट मिला तो चुनाव मैदान में उतरूंगा। यदि पार्टी मुझे टिकट नहीं देती तो पार्टी के द्वारा लोकसभा में आए उम्मीदवार के साथ जुड़कर मैं राष्ट्र के विकास को एक कदम आगे बढ़ने का काम करूंगा। मेरा सपना समाज सेवा और राष्ट्र विकास का है। इसलिए जो सरकार राष्ट्र को विकासोउन्मुखी करने के लिए काम कर रही है उनका साथ देना मेरा परम धर्म है।

# पुलिस अधीक्षक के द्वारा अपराध निवारण गोष्टी का किया गया आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, कैमूर**। भभुआं पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक, कैमूर भभुआं द्वारा अपराध निवारण गोष्टी आयोजित की गई। इस दौरान जिले के टॉप 10 अपराध कर्मियों को गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी अभियान चलाने, ग्राम अपराध पंजी के अनुसार ग्राम स्तर पर अभियान चलाकर गिरफ्तारी करने, अपराध के मुख्य शीर्ष में फिरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी, लगातार सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने तथा अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था संधारण एवं आगामी त्योहार जैसे दुर्गापूजा, छठ एवं दीपावली की तैयारी हेतु असामाजिक तत्वों के विरुद्ध चिन्हित कर निरोधात्मक कार्यवाही करने संबंधित आवश्यक निर्देश दिए गए। विगत माह में कुल-419 कांडों प्रतिवेदित हुई तथा 425 काण्डो का निष्पादन किया गया। अधिक कांड का निष्पादन करने वाले अनुसंधानकर्ताओं को पुरस्कृत करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।अपराध गोष्टी निवारण के तुरंत बाद पुलिस केंद्र भभुआ में पुलिस सभा का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कर्मियों एवं पदाधिकारियों के समस्याओं को सुनकर समाधान हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।

## ख़ास ख़बर

### पुलिस उपाधीक्षक को राष्ट्रीय अपराध अनुसंधान खुफिया ब्यूरो के डायरेक्टर ने किया सम्मानित



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनिया गाजीपुर**। भुड़कुड़ा पुलिस उपाधीक्षक शेखर सेंगर को उनके कार्यालय में आज राष्ट्रीय अपराध अनुसंधान खुफिया ब्यूरो के डायरेक्टर सुजीत सिंह ने अंगवस्त्रम और मिष्ठान देकर सम्मानित किया तथा क्षेत्र के घटनाओं को लेकर उन्होंने चर्चा किया कि क्षेत्र में आए दिन मारपीट के मामले ज्यादातर थानों पर आ रहे हैं ।जिसमें जमीन विवाद से संबंधित रही। ऐसे में राजस्व विभाग अगर गांव में बैठकर मामले को सही निस्तारण कर दे तो पुलिस थानों पर मारपीट की मामले नहीं जाते।

### बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी जिसमे एक की मौत



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर**। वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन मार्ग पर कैथवलिया गांव के पास गलत दिशा से आ रहे पिकअप ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी जिसमे एक की मौत हो गयी और दूसरा गंभीर रुप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मरदह थाना क्षेत्र के रायपुर बाघपुर निवासी अनिल पाल उम्र 30 वर्ष जो आशीष पाल उम्र 18 वर्ष को बाइक पर बैठाकर सिलेंडर भरवाने जा रहा था। कैथवलिया के पास विपरित दिशा से आ रही पिकअप ने बाइक सवार अनिल और आशीष को धक्का मार दिया जिसके चलते अनिल पाल की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी और आशीष पाल गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए मऊ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरदह पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्ट के लिए भेज दिया।

### उत्तर प्रदेश सरकार के मा मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने आज लोकनिर्माण



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर**। उत्तर प्रदेश सरकार के मा मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने आज लोकनिर्माण विभाग के अतिथि गृह में जनता की समस्याओं को सुना तथा भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों व जिला पदाधिकारियों संग बैठक कर जिले की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार द्वारा पुरे प्रदेश में अपराध और अपराधियों के उपर कि गयी प्रभावी कार्यवाही से लोगों विश्वास की वृद्धि हुई है जिससे निवेश के लिए लोग उत्सुकता से उत्साहित हुए है और प्रदेश के राजस्व में भारी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में लिए गए लक्ष्य 35000 करोड़ का रिकॉर्ड राजस्व वृद्धि सितम्बर में ही पुर्ण हो गई है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुनील सिंह, लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय, महामंत्री ओमप्रकाश राय प्रवीण सिंह दयाशंकर पांडेय,डा प्रदीप पाठक,अवधेश राजभर, प्रो शोभनाथ यादव, विपिन सिंह, शैलेश राम,अखिलेश सिंह,अभय सिंह,शशिकांत शर्मा, अच्छेलाल गुप्ता सहित आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

# शासन की निर्मित विभिन्न योजनाओं का शुभारम्भ एवं लोकार्पण किया

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, गाजीपुर**। जनपद प्रभारी मंत्री रवीन्द्र जायसवाल की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत डहराकलां विकास खण्ड सैदपुर मे आज जन चौपाल का आयोजन किया गया । इस दौरान मा0 मंत्री जी ने करोड़ो रूपये की लागत से शासन की निर्मित विभिन्न योजनाओ का शुभारम्भ एवं लोकार्पण किया, तथा चौपाल के माध्यम से संवाद स्थापित ग्रामवासियों को समस्याओ को सुना। जन चौपाल कार्यक्रम मे जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने उपस्थित मा0 मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियो का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। प्राथमिक विद्यालय की छात्राओ द्वारा स्वागतगीत एवं नाटक के माध्यम से सबका मन मोह लिया, मा0 मंत्री जी ने प्रशन्नता जाहिर करते हुए बच्चियो को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया । जन चौपाल कार्यक्रम में मा0 राज्यमंत्री (स्व0 प्रभार) स्टाम्प एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क उ0 प्र0 प्रदेश शासन रवीन्द्र जायसवाल ने दिन गुरूवार को ग्राम पंचायत डहराकलां पहुचकर लगभग 04 करोड़ 89 लाख से निर्मित परियोजनाओ का शुभारम्भ/लोकापर्ण किया एंव ग्रामीणो से चौपाल के माध्यम से संवाद स्थापित कर उन्हे प्राप्त हो रही शासन की योजना की जानकारी ली। मा0 मंत्री जी ने अधिकारियों को शासन की समस्त लाभपरक योजनाओ को धरातल पर उताकर पात्रो को लाभ देने का निर्देश दिया। उन्होने बारी-बारी ग्रामीणो से उनकी समस्याओ को सुना और सम्बन्धित अधिकारी को उनके समस्याओ के निस्तारण का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि जो पात्र व्यक्ति आयुष्मान कार्ड, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, राशन कार्ड, वृद्धा पेशन, मुख्यमंत्री/प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना एवं शासन की अन्य योजना से वंचित है उसका आवेदन कराते हुए उसे लाभ दिया जाये। उन्होने कहा कि अगले सप्ताह फिर से चौपाल का आयोजन कर इसकी समीक्षा की जायेगी जिसमे कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओ से वंचित न रहने पाये। उन्होने कहा आज इस चौपाल का मतलब है कि आप लोगो से आमने सामने बात हो सके, और जान सकुँ कि धरातल पर आखिर क्या चल रहा है। इस सम्बन्ध जो रिपोर्ट दिल्ली व लखनऊ भेजी जा रही वह कितना सही है इसी उद्देश्य से आपके सम्मुख उपस्थित हुआ हूॅ। आप लोगो को जो भी शिकायते है उसे आप लोग बेहिचक मुझसे कह सकते है। यदि शासन की किसी भी योजनाओ मे पात्रो से किसी भी कार्मिक, प्रधान, सचिव या अधिकारी द्वारा पैसा मागने की कोशिश की जा रही है तो उसे मुझे अवश्य अवगत कराये, उनके विरूद्ध तत्काल कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि गॉव में पानी की समस्या थी और एक मात्र साधन कूऑ था जिससे गॉव की महिलाओ को भोजन बनाने में काफी दिक्कते होती थी लेकिन आज इस पानी की टंकी के शुभारम्भ होने से गॉव के सैकड़ो परिवार तक पाईप लाईन के माध्यम से घर-घर पानी पहुचाने का काम किया गया है। उन्होने कहा कि पानी को टेस्ट करने के लिए इसी गॉव के 05 महिलाओ को प्रशिक्षित भी किया गया जो बराबर इसकी जॉच करती रहेगी। यदि पानी मे किसी प्रकार की समस्या आती है तो वो तत्काल रिपोर्ट कर सम्बन्धित अधिकारी को अवगत करायेगी। चौपाल के दौरान मा0 मंत्री जी 02 करोड़ 85 लाख की लागत से पानी की टंकी का फीता काटकर शुभारम्भ एवं 02 करोड़ 04 लाख की लागत से कुल दस कार्यो का लोकार्पण भी किया। जिसमें हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर विक्रमपुर, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय भवन निर्माण भुंवरपुर एवं फुलवरियां खुर्द, राजकीय आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी/आयुष हेल्थ वेलनेस सेन्टर विक्रमपुर, ग्राम पंचायत मंझारिया मे सकल नारायण के घर से सूर्य नाथ यादव के घर तक ढक्कनदार नाली निर्माण कार्य, ग्राम पं0 शिवसिंहचक मे देवसरन के घर से रामकरन चौहान के घर तक इण्टर लांकिग कार्य, विकास खण्ड देवकली के अन्तर्गत साधन सहकारी समिति देवचन्दपुर का मरम्मत व नवीनीकरण कार्य, ग्रामपंचायत एकावसपट्टी में लालजी बिन्द के घर से पिन्टू यादव के खेत तक इण्टर लॉकिंग कार्य, पंचायत भवन ग्राम पं0 रमरेपुर एवं पंचायत भवन ग्राम पं0 औड़िहार मे कराये गये कार्यो का लोकार्पण किया। कार्यक्रम के अन्त मे मंत्री जी पात्रो व्यक्तियो मे आयुष्मान कार्ड एवं किसानो मे तोरिया बीज के मिनी किट का वितरण का लाभान्वित उन्हे किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष सैदपुर सुशीला सोनकर, नगर पालिका अध्यक्षत जमानिया, जिलाध्यक्ष भाजपा सुनील सिंह, मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, उप जिलाधिकारी सैदपुर, जिला विकास अधिकारी , परियोजना निदेशक , समस्त जिलास्तरीय अधिकारीगण, पार्टीपदाधिकारी, भारी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित थे। उसके उपरान्त मा0 मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने भुतहियाटाड़ चौराहा, प्रकाश नगर (सैनिक चौराहा) पर सैनिक की लगी प्रतिमा का अनावरण कर उस चौराहे का मा0 मंत्री जी ने लोकार्पण किया।



### भारतवर्षः ईनाम पूर्व सांसद राधेमोहन सिंह को पांच करोड़ में मेघबरन सिंह स्टेडियम के विस्तारीकरण

**गाजीपुर**। योगी प्रेम का पहला ईनाम पूर्व सांसद राधेमोहन सिंह को पांच करोड़ रुपये में मेघबरन सिंह स्टेडियम के विस्तारीकरण व सुंदरीकरण के लिए मिला है। यह जानकारी पूर्व सांसद राधेमोहन सिंह के पुत्र अनिकेत सिंह ने पत्रकार वार्ता में मीडिया को आज गुरुवार को दी है। ज्ञातव्य है कि पूर्व सांसद अफजाल अंसारी के समाजवादी पार्टी में बढ़ते प्रभाव और वर्चस्व को देखते हुए वह दो बार लोकसभा का टिकट नहीं मिलने से नाराज राधेमोहन सिंह ने समाजवादी पार्टी से नाता तोड़ लिया था। इसके बाद गाजीपुर हॉकी के द्रोणाचार्य तेजबहादुर सिंह का निधन हो गया। तब हाकी खिलाड़ियों और मेघबरन सिंह हॉकी स्टेडियम का पूरा कार्यभार पूर्व सांसद राधेमोहन सिंह देखने लगे। लगभग राजनीति से किनारा कस लिया है लेकिन भाजपा के दिग्गज मंत्रियों, नेताओं और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से व्यक्तिगत मिलकर हॉकी खिलाड़ियों की उपलब्धि बताते रहे। योगी सरकार में मेघबरन सिंह स्टेडियम के नवीनीकरण व सुधारीकरण के लिए उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा गठित टीम ने मुल्यांकन एवं औचित्य का परीक्षण डीएम गाजीपुर के नेतृत्व में हुआ। अनुमानित लागत 4 कराड़ 87 लाख 68 हजार रुपया प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति हुआ जिसके क्रम में दो करोड़ 43 लाख रुपये की स्वीकृति निर्गत करने का शासन ने आदेश दे दिया है इसके लिए पूर्व सांसद राधेमोहन सिंह व उनके पुत्र अनिकेत सिंह ने सीएम योगी के प्रति आभार प्रकट किया है।

## यादव महासभा गाजीपुर के जिला सँरक्षक बने रामनगीना यादव

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर**। प्रदेश अध्यक्ष श्री कप्तान सिंह यादव जी ने यादव महासभा गाजीपुर का जिला सँरक्षक राम नगीना यादव को मनोनीत किया जिनके सम्मान कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सुजीत कुमार यादव के नेतृत्व में यादव महासभा के ब्लॉक अध्यक्ष व समाज के प्रमुख लोगो ने माला पहनाकर प्रमाण -पत्र सौपा इस अवसर पर नवनियुक्त जिला सँरक्षक राम नगीना यादव ने बताया कि समाज मे एकता भाई चारा की जरूरत ये जिम्मेदारी के साथ हम सबका कर्त्तव्य बनता है समाज के प्रति उंन्होने प्रदेशाध्यक्ष कप्तान सिंह यादव जी का आभार ब्यक्त किया और बताया कि हम सबकी पहली प्राथमिकता है गाजीपुर के सभी ब्लॉक अध्यक्ष की घोषणा करना फिर समाज की कुरीतियों को गोश्ठी ब्लाक लेबल पर करके समाज को दिशा देने की और सुजीत कुमार यादव जिलाध्यक्ष यादव महासभा गाजीपुर ने बताया की



रामनगीना यादव गाजीपुर में लगातार समाज मे रह कर लोगो के लिए अपना जीवन का हर पल दे रहे है मेरा सौभाग्य है इनके नेतृत्व में काम करने का मौका मिला इस अवसर पर सेवानिवृत्त डीआइजी बलिकरन यादव सपा के जिला कोषाध्यक्ष पूर्व प्रधान नारी पंचदेवरा राम बच्चन यादव सैदपुर विधानसभा प्रभारी पूर्व ग्राम प्रधान मिर्जापुर छोटे लाल यादव सादात ब्लॉक से कट्या ग्राम प्रधान रमेश यादव सैदपुर ब्लॉक से ग्राम लूडीपुर के पूर्व प्रधान शिवपूजन यादव देवकाली ब्लाक अध्यक्ष पूर्व प्रधान तुरना रामअवध यादव करण्डा ब्लाक अध्यक्ष ग्राम प्रधान बक्शा मोती यादव सैदपुर ब्लॉक अध्यक्ष देवेश यादव देवकली ब्लाक उपाध्यक्ष मास्टर अर्जुन यादव सेक्टर प्रभारी सिंघासन यादव ग्राम प्रधान बरया छांगुर यादव कोटे के पूर्व प्रधान राम दास यादव सहेड़ी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आसुतोष यादव नेता राजेश यादव उर्फ राजू पूर्व प्रधान सरया रामबचन यादव सिकन्दर पुर से बलराम यादव गुसन्दे पुर पूर्व बीडीसी मुन्ना यादव श्रीगंज रविन्द्र यादव अतरशुवा ग्राम प्रधान मुन्ना यादव पूर्व प्रधान बड़ेगाव विनोद यादव पूर्व प्रधान अशोक यादव बूथ प्रभारी प्रमोद उर्फ टुन्नू यादव विनोद ठेकेदार फ़ौजी सुरेंद्र यादव आदि लोग उपस्थित थे।

### वांछित अभियुक्त के घर पुलिस ने करायी नोटिस चस्पा



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर**। अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना रामपुर माँझा पुलिस द्वारा अभियुक्त राजू यादव उर्फ रजनीश उर्फ रंजन यादव पुत्र रामजनम यादव निवासी ग्राम लमही मटखन्ना थाना रामपुर माँझा जनपद गाजीपुर के विरुद्ध न्यायालय द्वारा जारी आदेश के क्रम में, उसके घर पर स्थानीय लोगों की मौजूदगी में धारा82 द0प्र0सं0* के अनुपालन में थाना रामपुर माँझा पुलिस के द्वारा अभियुक्त उपरोक्त के घर पर धारा 82 के उद्घघोषणा की कार्यवाही की गयी। यह कार्रवाई फौजदारी मुकदमें स्टेट बनाम राजू यादव उर्फ रजनीश उर्फ रंजन धारा 307 भा0द0वि0 के अभियोग में अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय एफटीसी प्रथम / न्यायिक मजिस्ट्रेट गाजीपुर से निर्गत आदेश के अनुपालन में किया गया। कार्यवाही करने वाले पुलिस टीम में थानाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक हंसराज मिश्र व सुरेश कुमार मिश्र, मुख्य आरक्षी राजेन्द्रधर पाण्डेय, आरक्षी मुकेश वर्मा, अभिजीत सिंह, गौरव कुमार तथा महिला आरक्षी प्रियंका कुमारी व ममता कन्नौजिया शामिल रहीं।

### योगी सरकार में बारिश के पानी में पढ़ने जाते बच्चे



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रमेश प्रसाद सोनी, दुल्लहपुर गाजीपुर** । दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के धर्मागतपुर गांव में स्थित भरपूर्वा प्राथमिक विद्यालय परिसर में डेढ़ फुट बारिश का पानी भरी होने से बच्चो के पढन पाढन पर असर पड़ रहा है। मालूम हो कि भरपूर्वा मोजे में प्राथमिक पाठशाला पोखरे के करीब बनाया गया है ।खाल होने की वजह से पोखरी और नाली की पानी प्राथमिक विद्यालय के बाउंड्री में इकट्ठा हो जाती है ।जिसे पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को इसी गंदे पानी में से आने जाने पड़ते हैं। जिससे काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ।इस सिलसिले में खंड शिक्षा अधिकारी निर्लेंदु चौधरी ने बताया कि विद्यालय का कायाकल्प तो किया गया लेकिन मिट्टी नहीं डालने से पानी बाउंड्री में पानी इकट्ठा हो जा रही है। इसको लेकर कई बार खंड विकास अधिकारी और ग्राम प्रधान को भी बताया गया लेकिन अब तक बाउंड्री में मिट्टी नहीं पाटी गई ।जिससे बारिश में पानी जलजमाव हो जा रही है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजय राजभर ने कहा कि पूर्व के प्रधानों द्वारा मिट्टी बाउंड्री में नहीं पाटने से ऐसी स्थिति है ।जल्द ही खंड विकास अधिकारी से वार्ता कर मिट्टी डाला कर रास्ता को ऊंचा किया जाएगा।

### चोरी की घटना में पुलिस ने दर्ज किया केस, फॉरेंसिक टीम ने लिया फिंगरप्रिंट

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रमेश प्रसाद सोनी, दुल्लहपुर गाजीपुर**। दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के देवा गांव स्थित स्टेट हाईवे के पास बीते बुधवार की रात विकास जायसवाल के इलेक्ट्रानिक की दुकान का पीछे से दरवाजा तोड़कर चोर अंदर प्रवेश किया। जिसमें 40 बैटरी ,10 पेटी मोबिल, डीवीआर और वाहन के टायर की चोरी हुई थी ।जिसमें पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए फॉरेंसिक टीम ने सघन जांच कर आगे की कार्यवाही में जुट गई। दुल्लहपुर थाना अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि चोरी की घटना में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है फोरेंसिक टीम भी जांच पड़ताल में जुटी हुई है जल्द इसका खुलासा किया जाएगा।

### नदी में ईट फेंकने पर मछली मार रहे लोगों ने युवक को पीटा, फटा सर



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रमेश प्रसाद सोनी, दुल्लहपुर गाजीपुर**। भुडकुड़ा थाना क्षेत्र के बिजहरी गांव के उदंती नदी में नीरज,हिमांशु,ब्यूटी,मछली पकड़ने के लिए तार डाले थे तभी गांव के मनीष कुमार 18वर्ष ने नदी में ईट फेंक दिया जिससे आक्रोशित युवकों ने मनीष को डंडे से पिटाई कर दिया।जिसमे सर फट गया। भुडकुड़ा थाने पर तहरीर दी।पुलिस ने घायल मनीष को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराए। तथा आगे की कार्यवाही में जुट गए।

**बैठक** सदर विधानसभा के अध्यक्ष तहसीन अहमद की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय पर बैठक आयोजित

# समाजवादी पार्टी के सदर विधानसभा के कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर**। समाजवादी पार्टी के सदर विधानसभा के कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक सदर विधानसभा के अध्यक्ष तहसीन अहमद की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय लोहिया भवन पर आयोजित हुई। इस बैठक में मतदाता सूची में नाम बढ़ाने,संगठन को और मजबूत बनाने पर 2गंभीर चर्चा की गयी। बैठक में राज्यसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी और मोदी सरकार की नीतियों और भाजपा नेताओं के विचारों से इत्तेफाक न रखने वाले पत्रकार प्रवीर पुरकायस्थ, उर्मिलेश , अभिसार शर्मा आदि पत्रकारों की गिरफ्तारी और उनके साथ कई गयी दुर्भावनपूर्ण कार्यवाही की निन्दा करते हुए कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार को जमकर कोसा। इस बैठक में पीजी कालेज और सहजानंद डिग्री कालेज में छात्रसंघ का चुनाव कालेज प्रशासन से जल्द से जल्द कराने की मांग किया गया। पीजी कॉलेज और सहजानंद डिग्री कालेज में छात्रसंघ चुनाव न करायें जाने पर कालेज प्रशासन की घोर निन्दा की गयी और कालेज प्रशासन को लोकतंत्र विरोधी बताते हुए बैठक में उपस्थित छात्र नेताओं ने कालेज प्रशासन को यह चेतावनी दिया कि यदि कालेज प्रशासन ने जल्द से जल्द चुनाव की घोषणा नहीं किया तो वह एक बड़े छात्र आंदोलन का सामना करने के लिए तैयार रहें और यदि इस आंदोलन से शहर की आबोहवा खराब होती है तो इसकी सारी जिम्मेदारी जिला एवं कालेज प्रशासन की होगी। इस बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सदर विधायक माननीय जै किशन साहू ने देशके राजनीतिक हालात पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि देश में अघोषित आपातकाल है। उन्होंने भाजपा राज की तुलना इंदिरा जी के शासनकाल में लगायें गये आपातकाल से करते हुए कहा कि जिस तरह से इमरजेंसी में इंदिरा जी की तानाशाही हुकूमत के दौरान सारे राजनीतिज्ञों को जेल में ठूंस दिया गया था ठीक उसी तरह आज की मोदी -योगी सरकार सीबीआई,ईडी का ग़लत इस्तेमाल करते हुए विरोधी दलों के नेताओं को जेलों में ठूंसने का काम कर रही है। इमरजेंसी के दौरान भी प्रेस पर सेंसरशिप लागू थी ठीक उसी तरह आज भी सरकार की नीतियों और भाजपा नेताओं के विचारों से इत्तेफाक न रखने वाले पत्रकारों को जेलों में डाला जा रहा है।

# वीरांगना महारानी दुर्गावती की 499 वीं जयंती

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाज़ीपुर**। वीरांगना महारानी दुर्गावती की 499 वीं जयन्ति आज वृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय छावनी लाइन पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष विनोद खरवार के नेतृत्व में पुरे श्रद्धा सम्मान से मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि यह देश वीरों और समाज सेवियों का सदैव धनी रहा है जिनके संघर्षों की कथाएं आज भी प्रासंगिक है। जिसमें मातृ शक्ति की भूमिका भी सदैव बराबर की रही है। उन्होंने कहा कि महारानी दुर्गावती के वीरता का लोहा इतिहास ने भी माना है जहां वह समाज सेवा के क्षेत्र में कुशल समाजसेवी शासक थी तो वही वह वीर योद्धा कि तरह मुगल शासकों के लिए कठिन चुनौती थी। हमे अपने इस वीरांगना के जीवन से राष्ट्र रक्षा के संकल्पो का अनुकरण ही आज उनके जन्म दिवस पर हमारी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा



जिलाध्यक्ष विनोद खरवार ने कहा कि रानी दुर्गावती का जन्म पांच अक्टूबर वर्ष 1524 में बांदा जिले के चंदोलवंश के राजा कृति सिंह के वहां हुआ था। विवाह गोंडवाना साम्राज्य के राजा संग्राम सिंह के पुत्र दलपत शाह से हुआ, लेकिन दुर्भाग्यवश चार वर्ष बाद ही राजा दलपत शाह का निधन हो गया। पति के निधन के समय दुर्गावती का पुत्र नारायण तीन वर्ष का ही था, इसलिए रानी को स्वयं शासन संभालना पड़ा। वर्तमान जबलपुर उनके राज्य का केंद्र था। रानी ने 16 वर्ष तक इस क्षेत्र में शासन किया। इनके कुशल प्रशासक और शौर्य के चर्चे अधिक थे। 24 जून, 1564 को वह युद्धभूमि में लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुईं। इनके संघर्षों से आज की युवा पीढ़ी और बालिकाओं को प्रेरणा लेने की जरूरत है।। वीरांगना महालक्ष्मी दुर्गावती को नमन करते हुए अपने समाज की रक्षा और समाज के विकास में रुकावट बन रही जाति प्रमाण पत्र के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ ही अपने समाज के लोगों से आग्रह किया। इस दौरान उनकी साहस और वीरता की जहां चर्चा की गई, वहीं उनके संघर्षों से प्रेरणा लेने का संकल्प भी लिया गया।। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुनिल सिंह ने और प्रदेश कार्यकारिणी जनजाति मोर्चा के जितेंद्र गौड़ ने महारानी दुर्गावती जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया।

## ख़ास ख़बर

### डीएम नेहा शर्मा अब सरकारी कर्मचारियों से करेंगी सीधा "संवाद"

**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा ।** गोंण्डा जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने ग्राम चौपाल और नगर चौपाल के माध्यम से जनपद की आम जनता की शिकायतों और परेशानियों को सुना। अब बारी सरकारी मशीनरी से संवाद की है। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, संग्रह अमीन, लेखपाल, आशा बहू, उचित दर विक्रेता से लेकर जनपद में जमीनी स्तर पर काम कर रहे हर विभाग के कर्मचारियों से सीधे संवाद करने का फैसला लिया है। शुरुआत आगामी 13 अक्टूबर को नेहरू युवा केन्द्र से की जा रही है। जिलाधिकारी कार्यालय से इस संवाद कार्यशाला के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है। प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत 13 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक 13 अलग-अलग विभागों में जमीनी स्तर पर काम करने वाले कर्मचारियों से जिलाधिकारी खुद संवाद करेंगी। सभी विभागों को अपने स्तर पर तैयारी करने के निर्देश भी दिए गए हैं। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, आशा बहू, स्वयं सहायता समूहों, सीएससी ऑपरेटर्स, उचित दर विक्रेता, एफपीओ, होमगाड्र्स, पीआरडी जवान, नेहरू युवा केन्द्र व युवक मंगल दल के स्वयं सेवकों सहित अन्य थग्राम स्तरीय कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

### जिला मजिस्ट्रेट ने की गुंडा एक्ट व जिला बदर की कार्रवाई

**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा ।** गोण्डा जिला मजिस्ट्रेट नेहा शर्मा ने कई अपराधियों के खिलाफ गुंडा एक्ट व जिला बदर की कार्रवाई की है। उन्होंने छोटू निवासी ग्राम सिंगारीपुरवा थाना मोतीगंज, तिलकराम सिंह एवं रामसागर निवासी माधवपुर चकत्ता थाना कोतवाली नगर को गुंडा घोषित करते हुए उनके खिलाफ 6 माह के लिए जिला बदर की कार्यवाही की है। इसके अलावा सीताराम निवासी ग्राम कुड़िया ठकुरापुर थाना कोतवाली देहात व शरीफ अली निवासी मंशापुरवा थाना धानेपुर को तो गुण्डा घोषित करते हुए 6 माह की अवधि तक प्रत्येक माह की 15 व 30 तारीख को सम्बंधित थाने के प्रभारी निरीक्षक के समक्ष उपस्थित होने के आदेश दिए हैं।

### मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में अयोध्या संरक्षण एवं विकास निधि समिति की हुई बैठक



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या ।** मण्डलायुक्त अध्यक्ष गौरव दयाल की अध्यक्षता में अयोध्या संरक्षण एवं विकास निधि समिति की बैठक मण्डलायुक्त कार्यालय में आयोजित की गयी। जिसमें पूर्व की बैठक के अनुपालन आख्या की बिन्दुवार समीक्षा की गयी तथा अयोध्या स्थित भजन संध्या स्थल,राम कथा संकुल में ऑडीटोरियम मुक्ताकाशी प्रेक्षागृह के व्यवसायिक संचालन हेतु ई-टेण्डर के माध्यम से चयनित फर्मो के साथ एमओयू के निष्पादन हेतु प्रारूप पर चर्चा की गयी। समिति द्वारा अयोध्या में दीपोत्सव के आयोजन में राम की पैड़ी एवं अन्य प्रमुख मंदिरों पर विभिन्न अवसरों पर प्रज्जवलित दीपों को संकलित कर ई-दीपोत्सव प्रसाद मोबाइल एप्लीकेशन का निर्माण कर विक्रय करने की सेवाओं के सम्बंध में भी चर्चा की गयी। अयोध्या संरक्षण एवं विकास निधि समिति द्वारा भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र पर आधारित म्युजिकल एलबम बनाये जाने के सम्बंध में विचार किया गया। मण्डलायुक्त ने म्यूजिक एलबम निर्माण में जिलाधिकारी संतकबीरनगर महेंद्र सिंह तंवर एवं प्रसिद्ध साहित्यकार,लेखक यतीन्द्र मोहन मिश्र एवम अन्य प्रमुख साहित्यकारो से भी सहयोग लिये जाने के लिए कहा।

### सीएचसी इटियाथोक पर मनाया गया कन्या जन्मोत्सव



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा ।** गोंण्डा महिला कल्याण विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीएचसी अधीक्षक डा. सुनील पासवान ने कहा कि लैंगिक असमानता दूर करने के लिए कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया जाता है। संरक्षण अधिकारी चन्द्र मोहन वर्मा ने कहा कि बेटा बेटी में असमानता नहीं करनी चाहिए, बल्कि उन्हें समान भाव से शिक्षा व प्यार देना चाहिए एवं समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करना है। प्रभारी महिला कल्याण अधिकारी ज्योत्सना सिंह इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत में निरंतर घट रही महिलाओं की जनसंख्या के अनुपात को संतुलित करने के साथ-साथ उनके हक एवं अधिकारों की पूर्ति करना भी है। भारतीय संविधान द्वारा महिलाओं को प्रदत्त अधिकार जैसे शिक्षा का अधिकार, समान सेवा का अधिकार तथा सम्मान के साथ जीने के अधिकार को सुनिश्चित करता है। जिला समन्वयक राजकुमार आर्य ने कहा कि जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी के निर्देशन में उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना भारत सरकार द्वारा संचालित है, जिससे बेटियों व महिलाओं के उत्थान हेतु जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इटियाथोक में जन्म लेने वाली बच्चियों को हिमालय बेबी किट एवं कपड़े वितरित की गई एवं उनकी माताओं को बधाई दी गई।इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता पंकज राव, अभिषेक वर्मा, एसपी द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

# अधिवक्ताओं ने उप जिलाधिकारी कार्यालय के सामने दिया धरना



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ बीकापुर- अयोध्या।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी बीकापुर विशाल कुमार की कार्यप्रणाली से गुरुवार को तहसील के अधिवक्ताओं में नाराजगी फैल गई। नाराज अधिवक्ताओं द्वारा गुरुवार दोपहर उप जिलाधिकारी न्यायालय के सामने धरने पर बैठकर प्रदर्शन किया जाने लगा और अधिवक्ता एकता जिंदाबाद के नारे लगाए जाने लगा। बताया गया कि गुरुवार सुबह रजिस्ट्री कार्यालय के 55 वर्षीय दस्तावेज लेखक प्रेमचंद राय के निधन हो जाने के चलते बार एसोसिएशन बीकापुर के अधिवक्ताओं ने शोक सभा का आयोजन कर एक दिन शोक मनाने का निर्णय लेते हुए न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आबाद अहमद खां ने बताया कि शोक सभा के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिए जाने के बाद बीकापुर तहसील के सभी अदालतों को शोक प्रस्ताव भेजकर यह अवगत कराया गया कि गुरुवार को बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ता शोक मनाते हुए न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। तथा सभी अदालतों से सामान्य तिथि निर्गत किए जाने की अपील की गई। जिसके बाद बीकापुर तहसील के उपजिलाधिकारी न्यायालय को छोड़कर शेष सभी अदालतों द्वारा गुरुवार के मुकदमो में सामान्य तिथियां निर्गत कर दी गई। जिसकी जानकारी मिलने पर बार अध्यक्ष आबाद अहमद खा ने उपजिलाधिकारी को स्थिति से अवगत कराते हुए वादों में सामान्य तिथि लगवाए जाने का आग्रह किया। लेकिन उपजिलाधिकारी द्वारा न्यायालय पर बैठकर वादों की सुनवाई प्रारंभ कर दी गई। जिसे लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश फैल गया। तहसील के अधिवक्ता बार अध्यक्ष आबाद अहमद खान की अध्यक्षता में उप जिलाधिकारी न्यायालय के सामने ही धरने पर बैठ गए। धरना प्रदर्शन तथा नारेबाजी के बाद उपजिलाधिकारी विशाल कुमार अपने न्यायालय से उठकर सरकारी वाहन से जिला मुख्यालय की तरफ चले गए। धरना प्रदर्शन के बाद बार अध्यक्ष आबाद अहमद खा ने बताया कि उपजिलाधिकारी का कार्य व्यवहार गलत है। उनकी कार्यप्रणाली को देखते हुए शुक्रवार को सभी अदालतो पर कार्य बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है। धरना प्रदर्शन में मंत्री ब्रह्मानंद मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम नारायण पांडे, पूर्व अध्यक्ष राम तेज वर्मा, सदानंद पाठक, अरुण कुमार मिश्रा, पुष्पेंद्र मिश्रा, बृजेश तिवारी उमेश पांडे, राम जगत तिवारी, आलोक सिंह ,मोइनुद्दीन, बैजनाथ तिवारी , बृजेश यादव, अरविंद पांडेय, अंबिका मिश्रा, सुशील पांडेय , संजय पांडेय, अखिल यादव कालिंदी पाल सहित तहसील के तमाम अधिवक्ता शामिल रहे। उप जिलाधिकारी विशाल कुमार द्वारा अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य से विरत रहने का कारण अपर्याप्त बताया गया। और कहा गया कि अधिवक्ताओं को उनके साथ बैठकर वार्ता किया जाना चाहिए था।

## डीएम ने किया सीएचसी कटरा का औचक निरीक्षण



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा ।** गोंण्डा बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा बाजार का औचक निरिक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सबसे पहले जिलाधिकारी ने वहां का उपस्थिति रजिस्टर चेक किया, जिसमें पाया गया कि राज मिश्रा आरोग्य मित्र पिछले एक माह से अनुपस्थित चल रहे हैं। इसके साथ ही पर्चा काउंटर पर जाकर जानकारी की गई कि यहां पर पर्चा काटने व देने में किसी प्रकार की मरीजों व तीमारदारों को कोई दिक्कत तो नहीं होती है। इसके बाद उन्होंने प्रसव कक्ष , जननी सुरक्षा वार्ड, रिकॉर्ड रुम, दवा वार्ड, कोल्डचेन वार्ड, वैक्सीनेशन वार्ड, कम्प्यूटर कक्ष आदि का पूरी गहनता के साथ निरीक्षण किया। साथ ही निरीक्षण के दौरान सभी जगहों पर साफ-सफाई की और बेहतर करने के निर्देश सीएचसी अधीक्षक को दिये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पर्चा काउंटर पर उपस्थित मरीजों / तीमारदारों से वार्ता करते हुए जानकारी ली कि यहां पर पर्चा देने में कोई समस्या तो नहीं होती है। इसके साथ ही उन्होंने जननी सुरक्षा वार्ड में जाकर वार्ड में भर्ती जच्चा व बच्चा के स्वास्थ्य की जानकारी ली ।

## वीरांगना रानी दुर्गावती जी की 500वीं जन्म जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अयोध्या महानगर के संयोजन में झुनझुनवाला पीजी कॉलेज में वीरांगना रानी दुर्गावती जी की 500 में जन्म जयंती पर संगोष्ठी आयोजित की गई, संगोष्ठी कार्यक्रम का शुभारंभ अभाविप अवध प्रांत की प्रांत छात्रा प्रमुख डॉ मोनिका परमार महानगर उपाध्यक्ष डॉ अनुराधा गर्ग महानगर सहमंत्री अर्पित श्रीवास्तव,व मुख्य वक्ता शिवम जी ने माँ सरस्वती स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर दीप प्रज्ज्वन और पुष्पार्चन कर किया। मुख्यवक्ता शिवम जी ने पंक्तियों में बताया चन्देलों की बेटी थी, गौंडवाने की रानी थी,चण्डी थी, रणचण्डी थी, वह दुर्गावती भवानी थी। नारीशक्ति के शौर्य और स्वाभिमान की प्रतीक, धर्म एवं मातृभूमि की रक्षा के लिए स्वयं का बलिदान करने वालीं महान वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती पर अभाविप पूरे देश में आयोजन कर रहा है प्रांत छात्रा प्रमुख डॉ मोनिका परमार ने बताया कि रानी दुर्गावती के अदम्य साहस, पराक्रम और बलिदान समस्त देशवासियों को युगों-युगों तक प्रेरित करता रहेगा। महानगर उपाध्यक्ष डॉ अनुराधा गर्ग ने कहा की एबीवीपी सिर्फ आंदोलन ही नहीं करती है उसके साथ साथ रचनात्मकता के कार्य्रक्रम भी करती है।

# 01 साल से भटक रहा था फरियादी, डीएम ने 01 दिन में किया समस्या का समाधान



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा ।** गोण्डाः 80 साल के बुजुर्ग श्यामलाल। गोण्डा के रेतवागाड़ा गांव के रहने वाले श्यामलाल को मृतक बताकर लेखपाल और राजस्व निरीक्षण ने खतौनी से नाम गायब कर दिया। बीते 01 साल के वह लगातार कचहरी के चक्कर लगा चुके थे लेकिन, कोई समाधान नहीं मिला।हिम्मत जुड़ाकर श्यामलाल मंगलवार को सीधे जिलाधिकारी नेहा शर्मा के जनता दर्शन कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट पहुंच गए। उन्होंने जिलाधिकारी नेहा शर्मा के सामने अपना प्रकरण प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने भी उनकी शिकायत को बेहद गंभीरता से सुना। तत्काल संबंधित अधिकारियों को जांच कर कार्यवाही सुनिश्चित करने के संबंध में सख्त निर्देश दिए। इतना ही नहीं, खुद जिलाधिकारी ने 24 घंटे में ही श्यामलाल की समस्या का समाधान भी सुनिश्चित किया। श्यामलाल बताते हैं कि संबंधित प्रकरण में जून 2022 में ही लेखपाल, कानूनगो तथा नायब तहसीलदार द्वारा अपनी आख्या लगा दी गई थी। बावजूद, इस प्रकरण के संबंध में आदेश जारी नहीं किए जा रहे थे। जिस समस्या को लेकर वह साल भर से चक्कर काट रहे थे, डीएम साहिबा ने उसका समाधान 24 घंटे में कर दिया। श्यामलाल अब बेहद खुश हैं ।

**ट्राइसाइकिल पाकर खिला बुजुर्ग का चेहरा :** यह प्रकरण सिर्फ बानगी भर है। जिलाधिकारी के जनता दर्शन में पहुंचने वाले फरियादी की शिकायत का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। बीते दिनों जनता दर्शन में ग्राम माधवपुर राय के दिव्यांग बुजुर्ग श्री राम सुमेरन द्वारा ट्राइसाइकिल उपलब्ध न कराए जाने के संबंध में शिकायत की गई। जिलाधिकारी ने शिकायत को सुना और तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जांच की गई। जांच में 45 % दिव्यांगता की पुष्टि होने पर तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया गया। सरकारी अफसरों ने अगले ही दिन बुजुर्ग को ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई।

**झटपट समाधान के कारण जनता में लोकप्रिय :** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बीती 12 जून को गोण्डा की कमान संभाली थी। करीब चार महीने छोटे से ही समय में उन्होंने अपनी कार्यप्रणाली के चलते जनता के दिलों में जगह बना ली है। जनता दर्शन कार्यक्रम में पहुंचने वाले हर फरियादी की बात को सुनना और उसका समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। नतीजा, जनपदवासियों का भरोसा उनपर बढ़ता जा रहा है। उनकी झटपट समाधान की कार्यप्रणाली जनता में काफी लोकप्रिय हो रही है।

### मंडलायुक्त ने अवैध संपत्ति की जांच के दिये निर्देश



ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा । गोण्डा नगर पालिका परिषद गोंडा के सफाई कर्मचारी संतोष कुमार जायसवाल द्वारा आयुक्त कार्यालय के नजारत के सरकारी अभिलेख व उपकरण अपने घर ले जाने पर मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने अपर आयुक्त प्रशासन को जांच करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा मंडलायुक्त ने सफाई कर्मचारी की संपत्तियों की जांच के भी निर्देश दिए हैं साथ उन्होंने कहा है कि यदि कर्मी द्वारा आलोच्य अवधि में अवैध ढंग से संपत्तियां अर्जित करने की पुष्टि होती है तो इस प्रकरण को भ्रष्टाचार निवारण संगठन व सतर्कता विभाग को कार्रवाई हेतु भेजा जाएगा। मंडलायुक्त द्वारा सफाई कर्मचारी द्वारा कितनी अवधि तक नजारत में कार्य करने, उसे किस प्रकार अनियमित रूप से नाजिर का प्रभार देने एवं उसके द्वारा नजारत संबंधी किये गये कार्यों की जांच कर एक सप्ताह में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

### ग्राम पंचायत में ही जल जीवन मिशन के पानी टंकी स्थापित किए जाने की मांग

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** बीकापुर विकासखंड के क्षेत्र के भरहू खाता ग्राम पंचायत में ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्थापित होने वाली पानी की टंकी ग्राम पंचायत से काफी दूर स्थापित किए जाने का प्रस्ताव पारित होने पर ग्रामीणों में नाराजगी प्राप्त है। ग्राम प्रधान मथुरा प्रसाद सहित तीन दर्जन ग्रामीणों द्वारा अधिशासी अभियंता जल निगम, जिला अधिकारी और उप जिलाधिकारी को शिकायत मांग पत्र भेज कर पानी की टंकी का निर्माण ग्राम पंचायत में कराए जाने की मांग की है। बताया है कि ग्राम पंचायत प्रयागराज हाईवे के किनारे स्थित है। यहां जल जीवन मिशन के अंतर्गत पानी की टंकी निर्माण का प्रस्ताव प्रस्तावित है। भूमि का प्रस्ताव हो चुका है। लेकिन छोटे-छोटे पेड़ होने के चलते विभाग के लोग समस्या बता रहे हैं। उनके ग्राम पंचायत से करीब 3 किलोमीटर दूरी पर जमोली खुर्द ग्राम पंचायत है।

### 10 दिवसीय रामलीला मंचन का शुभारंभ

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ बीकापुर- अयोध्या।** विकासखंड क्षेत्र के उमरनी पिपरी चौराहे पर आयोजित होने वाले 10 दिवसीय रामलीला मंचन का बुधवार देर शाम को शुभारंभ किया गया। पहले दिन रावण की तपस्या एवं भगवान शंकर और रावण के प्रसंग का मंचन किया गया। पुरोहित पंडित चंद्रप्रकाश की मौजूदगी में आदर्श रामलीला समिति के प्रबंधक विश्राम वर्मा द्वारा फीता काट कर एवं दीप प्रज्वलित करके रामलीला मंचन का शुभारंभ किया गया। डायरेक्शन मोहम्मद जहीर द्वारा किया गया। रामलीला मंत्र का शुभारंभ करते हुए प्रबंधक विश्राम वर्मा ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम ने अपने सामाजिक जीवन में सामाजिक समरसता का संदेश दिया है सभी लोगों को व्यवहारिक जीवन में उनके आदर्श जीवन चरित्र का अनुसरण करना चाहिए। पहले दिन रामलीला मंचन के दौरान बूंदाबांदी होने से मंचन में कुछ व्यवधान भी पैदा हुआ।

### स्वास्थ्य एवं आजीविका में औषधीय पौधों का अधिक महत्व

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ मिल्कीपुर- अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय द्वारा औषधीय सगंध एवं पान शोध परियोजना अंतर्गत अनुसूचित जाति के किसानों को पौध वितरण एवं जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशन में यह कार्यक्रम छेतारी, गाजनपुर गांव में आयोजित किया गया। इस मौके पर भारी संख्या में ग्रामीणों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. संजय पाठक ने कहा कि एलुवेरा, सतावर, अश्वगंधा के प्रयोग को प्रतिदिन करें। उन्होंने कहा कि औषधीय एवं सुगंधित पौधे स्वास्थ्य और आजीविका सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डा. पाठक ने किसानों से आहवान किया कि वे औषधीय पौधों की खेती करें इससे उनकी आय में भी वृद्धि हो सकती है। परियोजना के मुख्य अन्वेषक डा. राम सुमन मिश्रा ने कहा कि हजारों किसान औषधीय एवं सुगंध पौधों की खेती करके अधिक मुनाफा कमा सकते हैं जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी।

### अवध विवि में नैक एवं एनआईआरएफ पर चिंतन शिविर का आयोजन

शि**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में गुरूवार को पूर्वाह्न 11 बजे नैक एवं एनआईआरएफ (राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क) विषय पर एक दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सीआरआईएसपी यूपी के स्टेट हेड एवं पूर्व कुलपति डॉ0 राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय लखनऊ के प्रो0 बलराज चौहान ने सभागार में समस्त संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों को नैक एवं एनआईआरएफ में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षण संस्थानों को शैक्षिक गुणवत्ता पर ध्यान देना होगा। तभी अन्य उच्च शैक्षिक संस्थानों की बराबरी कर पायेंगे। इसमें सभी की पहल जरूरी है। कार्यक्रम में सीआरआईएसपी यूपी के परामर्शदाता राहुल एवं दिव्या ने नैक एवं एनआईआरएफ की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि सभी संस्थाएं नैक एक्रीडिटेशन और एनआईआरएफ रैंकिंग में सहयोग करें। इसके उपरांत 8-9 जुलाई 2023 का कानपुर विश्वविद्यालय में आयोजित शिक्षा मंथन कार्यक्रम के नैक एवं एनआईआरएफ से सम्बन्धित वीडियो सभागार में दिखाया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र द्वारा अतिथियों को स्वागत करते हुए चिंतन शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का संचालन आईक्यूएसी समन्वयक डॉ0 पी0 के0 द्विवेदी ने किया। अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो0 नीलम पाठक द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रो0 एस एस मिश्र, प्रो0 आशुतोष सिन्हा, प्रो0 नीलम पाठक, प्रो0 गंगा राम मिश्र, डॉ0 सुरेंद्र मिश्र, डॉ0 आशीष कुमार पांडे एवं संबद्ध महाविद्यालयों के 50 से अधिक प्राचार्य मौजूद रहे।

### अवैध कब्जेदारों पर तीसरे दिन भी गरजा बुलडोजर



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा, गोण्डा।** शहर के अम्बेडकर चौराहे के पास नजूल जमीन पर कब्जा कर बनाए अवैध निर्माण पर जिला प्रशासन की ओर तीसरे दिन भी अतिक्रमण का मुहिम चलता रहा। लगातार चल रहे अतिक्रमण मुहिम में गुरुवार को जेसीबी के साथ पोकलैंड मशीनों से बड़ी इमारतों को ढहा दिया गया। अवैध कब्जेदारों पर गिर रही बुलडोजर की गाज से अवैध कब्जेदार फरियाद लगाते रहे। लेकिन मौके पर मौजूद अधिकारियों के दिल नहीं पसीजे। गुरुवार को अम्बेडकर चौराहे पर बने अवैध मकान व दुकानों पर जिला प्रशासन की ओर से चल रही बुलडोजर कार्यवाही तीसरे दिन भी जारी रही। सुबह 10 बजे से शुरू हुई कार्यवाही के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट चंद्रशेखर, सीओ सिटी विनय कुमार सिंह व अन्य विभागों के कर्मचारियों के बीच बुलडोजर गरजना शुरू हो गया। जिसमें अवैध निर्माण की जद में आए शहर के प्रसिद्ध रेस्टोरेंट सेकेंड वाइफ को पोकलैंड मशीन ने ध्वस्त करना शुरू कर दिया। उसी बीच बिल्डिंग के मालिक विष्णु शुक्ला व रेस्टोरेंट के मालिक धीरेंद्र सिंह मौके पर पहुंच अधिकारियों से और समय मांगने की फरियाद करने लगे। लेकिन मौके पर मौजूद सिटी मजिस्ट्रेट ने एक न सुनी। बिल्डिंग के लोगों का कहना है कि उन्हें बुधवार को नोटिस दी गई और आज उनकी इमारत को ढहाना शुरू कर दिया। उसका कहना है कि उसकी बिल्डिंग जो बनी है वो फ्रीहोल्ड है। जबकि नपाप व पीडब्ल्यूडी ने एनओसी दे रखी है। उसके बावजूद निर्माण को ढहाया जा रहा है।

**निर्माण** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले भक्त हवाई यात्रा के माध्यम से श्रीराम एयरपोर्ट में उतरेंगे

# श्रीराम इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण कार्य लगभग 90% पूरा ,डे और नाइट दोनों लैंडिंग की सुविधा



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या ।** सीएम योगी का लक्ष्य जल्द ही पूर्ण होने वाला है क्योंकि श्रीराम इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण कार्य लगभग 90% पूरा हो गया है। एयरपोर्ट की टर्मिनल बिल्डिंग का काम बाकी है। निर्माण कार्य को तीन फेस में किया जा रहा है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले भक्त हवाई यात्रा के माध्यम से श्रीराम एयरपोर्ट में उतरेंगे। जिसके बाद रामलला का दर्शन करेंगे।श्रीराम एयरपोर्ट की टर्मिनल बिल्डिंग राम मंदिर की तर्ज बनाया जा रहा है। टर्मिनल बिल्डिंग में 500 यात्रियों के रुकने की सुविधा होगी। एयरपोर्ट में 22 50 मीटर की रनवे बनकर तैयार है। यह एयरपोर्ट कई सारी अत्यधिक खूबियों से लैस होगा। इस एयरपोर्ट को डे और नाइट लैंडिंग के लिए तैयार किया जा रहा है। एयरपोर्ट का निर्माण तीन फेस में किया जा रहा है। पहले फेस में श्री राम एयरपोर्ट के रूप में जाना जाएगा। जिसमें घरेलू उड़ान की सुविधा होगी। पूरे देश के एयरपोर्ट से अयोध्या की कनेक्टिविटी होगी। यहां पर 500 यात्रियों के एक बार में आने और जाने की सुविधा होगी। टर्मिनल 1 की बिल्डिंग में 250 यात्री आ-जा सकते है। इस तरीके की 500 यात्रियों की सुविधा होगी। श्री राम एयरपोर्ट में आठ एयरक्राफ्ट खड़ा होने की व्यवस्था की गई है। इस तरीके के एप्रेन बनाए गए हैं। इस एयरपोर्ट में भगवान श्री राम के मंदिर के मॉडल पर आधारित टर्मिनल वन की बिल्डिंग होगी। 6600 स्क्वायर मीटर में फेस वन की बिल्डिंग का निर्माण किया गया है। संयुक्त महाप्रबंधक परियोजना राजीव कुलश्रेष्ठ के अनुसार फेस वन के बाद फेस टू की बिल्डिंग के लिए निर्माण कार्य शुरू होगा। यह बिल्डिंग 50 हजार स्क्वायर मीटर की होगी । जिसमें अंतरराष्ट्रीय उड़ान भरी जाएगी। इसके लिए रनवे 3750 मी के करीब का होगा। सबसे पहले घरेलू उड़ानों को शुरू किया जाएगा। उसके बाद अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए एयरपोर्ट का विस्तार कर निर्माण किया जाएगा। एयरपोर्ट के संयुक्त महाप्रबंधक राजीव कुलश्रेष्ठ के अनुसार घरेलू उड़ान के लिए बने श्री राम एयरपोर्ट में 2250 मीटर का रनवे बनकर तैयार है। जब यह एयरपोर्ट मिला था तो 1500 मी का रनवे मिला था। अब यहां पर डे और नाइट दोनों लैंडिंग की सुविधा उपलब्ध की जा रही है। इसके लिए 45 मीटर चौड़ा रनवे बनाया गया है। आने वाले समय में एयर कनेक्टिविटी और यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए इसको अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित किया जाएगा।

# नहर के पास खतरनाक गड्ढा बन रहा दुर्घटना का कारण

**संवाददाता मो0 अबूबकर, रुदौली अयोध्या ।** पटरंगा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गेरौंढा से अपने घर जा रहा बाइक सवार एक महिला को बचाने के चक्कर मे बाइक से गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे ससुराल वालों ने एम्बुलेंस से सीएचसी रुदौली पहुंचाया घायल की हालत गम्भीर देखते हुए डाक्टरों ने जिला अस्पताल से रेफर कर दिया।जानकारी के अनुसार रुदौली कोतवाली क्षेत्र के खैरनपुर निवासी अयाज अहमद पुत्र रिजवान अहमद 30 वर्ष बुधवार को पटरंगा थाना क्षेत्र के गेरौंढा गांव निवासी स्व,मोहम्मद कलीम के यहां अपनी ससुराल गया था।मोहम्मद अयाज गुरुवार की सुबह लगभग सात बजे बाइक से अपने घर के लिए निकला वह जैसे ही गेरौंढा गांव से निकलकर इचौलिया मोड़ पर बने नहर से सटे खतरनाक गड्ढे के पास पहुंचा तभी अचानक सामने आई एक महिला को बचाने के चक्कर बाइक सहित नहर में गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया।इस घटना की सूचना मिलते ही ससुराली जनों ने पहुंचकर तत्काल 108एंबुलेंस को सूचना दी।सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से घायल को सीएचसी रुदौली लेकर गए जहां घायल की हालत गम्भीर देखते हुए डाक्टरों ने जिला अस्पताल अयोध्या रेफर कर दिया। वहीं घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि इचौलिया मोड़पर के निकट एक खतरनाक जानलेवा गड्ढा काफी दिनों से है जिससे उस जगह पर निकलकने वाले राहगीरों के लिए खतरा बना रहता है।ग्रामीणों ने बताया कि इस गड्ढे की मरम्मत के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग को कई बार शिकायत की लेकिन इस सम्बंधित विभाग द्वारा इसे दुरुस्त नहीं किया गया है जिससे इस मोड़ पर आए दिन कोई न कोई चुटहिल हुआ करता है।

## ख़ास ख़बर

### पेंशन शंखनाद रैली में शामिल हुए एनएमओपीएस /झारोटेफ हज़ारीबाग के कर्मी






**दैनिक शुभ भास्कर सोहैल किरमानी हज़ारीबाग।** पुरानी पेंशन योजना लागू करने हेतु राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बंधु के आवाहन पर पेंशन शंखनाद महारैली रामलीला मैदान नई दिल्ली में पूरे देश के हजारों शिक्षक एवं कर्मी शामिल हुए. झारखंड के विभिन्न जिलों से प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत सिंह एवं महासचिव उज्जवल तिवारी के नेतृत्व में हजारों कर्मी महारैली में शामिल हुए. हजारीबाग जिले का नेतृत्व जिला अध्यक्ष रंजीत वर्मा ने किया. जिलाध्यक्ष रंजीत वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य कर्मचारियों का NSDL से पैसा जल्द से जल्द वापस करे और पूरे देश में पुरानी पेंशन योजना बहाल करें. देश के कर्मचारी उन्हीं के साथ होंगे जो पूरे देश में पुरानी पेंशन योजना लागू करेगा. पेंशन महारैली में हज़ारीबाग जिले से प्रांतीय मुख्य संगठन सचिव रविंद्र चौधरी, प्रांतीय प्रवक्ता शिल्पा सुहासिनी, प्रांतीय मुख्य सलाहकार सुनील कुमार, संगठन सचिव रोशन मरांडी, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अख्तरी खातून, जिला सचिव किशोरी महतो, जिला कोषाध्यक्ष गणेश प्रसाद, मधुसूदन सिंह, अनूप मेहता, लालका मुंडा,प्रकाश कुमार,सुभाष महतो, बिपिन कुमार, रामप्रवेश महतो, रवि रंजन एवं अन्य कर्मियों ने अपनी भागीदारी दी

### "चलो करें आवास पूरा" अभियान के तहत ग्रामीण विकास विभाग के राज्य स्तरीय टीम ने फतेहपुर, नाला एवं जामताड़ा में किया निरीक्षण



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** गुरुवार को राज्य ग्रामीण विकास विभाग अनुसमर्थन दल के सदस्यों ने जामताड़ा जिला अंतर्गत फतेहपुर, नाला एवं जामताड़ा प्रखंड में "चलो करें आवास पूरा" अभियान के तहत लाभुक दिवस का निरीक्षण किया गया।उक्त निरीक्षण कार्य राज्य से आए टीम में उपनिदेशक मनरेगा अनुपम भारती, प्रशाखा पदाधिकारी, ग्रामीण विकास विभाग, मनोज कुमार, सहायक अभियंता मनरेगा प्रेम शंकर गुप्ता ने जामताड़ा जिला अंतर्गत फतेहपुर प्रखंड के पालाजोरी पंचायत, नाला प्रखंड के महुलबना पंचायत एवं जामताड़ा प्रखंड में "चलो करें आवास पूरा अभियान" अंतर्गत लाभुक दिवस का निरीक्षण किया। इस दौरान उपनिदेशक मनरेगा एवं अन्य सदस्यों ने लंबित आवास के लाभुकों को आवास समस्या के निराकरण एवं 10 अक्टूबर तक लंबित सभी आवासों को पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया।इस दौरान संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला समन्वयक पीएम आवास ग्रामीण, संबंधित प्रखंड समन्वयक, मनरेगा बीपीओ, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, जनप्रतिनिधी आदि मौजूद रहे।

### अपराध नियंत्रण को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने किया अपराध गोष्ठी



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/ जामताड़ा।** नाला अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय कक्ष में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनोज कुमार झा ने अपने अधीनस्थ पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक कर अपराध नियंत्रण को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने तथा सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिस की निगरानी रखने और असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने का निर्देश दिया। साथ ही पुराने केसों के निष्पादन करने तथा पुराने वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेजने सहित कई निर्देश दिया गया। इसके अलावा सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निरंतर वाहन जांच अभियान चलाने तथा पुलिस की गस्ती बढ़ाने का भी निर्देश दिया। इसके अलावा लंबित सभी कांडों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान सभी पुलिस पदाधिकारी को सख्त निर्देश देते हुए कहा गया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध कारोबार ना पनपने पाए इसके लिए निरंतर सूचना संकलन करने तथा विधि व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर नाला प्रभाग पुलिस निरीक्षक अब्दुल रहमान, नाला थाना प्रभारी महेश मुंडा, कुंडहित थाना प्रभारी पंकज कुमार, बिन्दापाथर थाना प्रभारी मनोज कुमार, बागडेहरी थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह, फतेहपुर थाना प्रभारी आलोक कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

# शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था की जांच



**दैनिक शुभ भास्कर सोहैल किरमानी हज़ारीबाग।** लोकसभा के लोकप्रिय सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति जयंत सिन्हा जी के द्वारा शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में व्यवस्था की जांच हेतु गठित टीम के द्वारा मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में मेडिकल कॉलेज की बहुत सारी कमियों से टीम के सदस्यों को अवगत कराया गया। सर्वप्रथम ओल्ड आईसीयू में जांच के क्रम में पाया गया की वार्ड की खिड़की टूटी हुई है, जिसके कारण वार्ड में लगे ए सी को चलाने में दिक्कत होती है। वार्ड में दो और ए सी की सख्त आवश्यकता है। आईसीयू वार्ड के बाथरूम की स्थिति काफी दयनीय नजर आई, बाथरूम में गंदगी भरा हुआ है। पैन में गंदा पानी जमा हुआ है जिसके कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इतने मरीजों के लिए एक शौचालय पर्याप्त नहीं है। डायलिसिस केंद्र के निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि डायलिसिस सेंटर में विस्तार करने की आवश्यकता है, यहां बिजली की काफी जर्जर स्थिति है। बिजली के बिना यहां कार्य करना संभव नहीं है। अगर वार्ड को सोलर लाइट कनेक्शन उपलब्ध करवा दिया जाए तो काफी हद तक समस्या का समाधान हो जाएगा। डायलिसिस सेंटर में ऑक्सीजन की भी भारी कमी नजर आई सांसद जयंत सिन्हा द्वारा उपलब्ध करवाए गए ऑक्सीजन प्लांट से पाइप के द्वारा ऑक्सीजन उपलब्ध करवाने से समस्या का समाधान हो जाएगा। ट्रामा सेंटर के आसपास बे तरतीब तरीके से गाड़ी और मोटरसाइकिल आदि लगा रहता है, जिसके कारण चिकित्सकों और एंबुलेंस के आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस व्यवस्था में सुधार करने की आवश्यकता है जिससे मरीजों और चिकत्सकों के आने-जाने की परेशानी खत्म हो। ड्रामा सेंटर में एक चुस्त दुरुस्त गार्ड की आवश्यकता है, यहां पर एक बूढ़े और सुस्त होमगार्ड की ड्यूटी लगी हुई है जो काफी गलत प्रतीत होता है। बच्चों के टीकाकरण केंद्र के निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि यहां पर मरीजों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होने में काफी दिक्कत आ रही है नेट काम नहीं से बच्चों के टीकाकरण हेतु रजिस्ट्रेशन में काफी दिक्कत हो रही है, अगर टीकाकरण केंद्र में वाई-फाई कनेक्शन प्रदान कर दिया जाए तो यह समस्या का समाधान हो सकता है। विदित हो कि टीकाकरण केंद्र के प्रथम ताले में तक वाई-फाई कनेक्शन किया गया है। टीकाकरण केंद्र के कर्मचारियों को बैठने के लिए कुर्सियों की भी आवश्यकता है जिसका समाधान तत्काल किया जाना चाहिए। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए इनके रजिस्ट्रेशन करने हेतु दो काउंटर बढ़ाने की भी आवश्यकता है। ट्रामा सेंटर के पास एक पूछताछ केंद्र ओपीडी के बगल में खोला जाए, जिससे आने वाले मरीजों को इलाज में सहयोग हो। ट्रामा सेंटर में आए हुए सर्दी खांसी आदि मरीजों का इलाज भी बिना भर्ती के किया जाए ऐसी शिकायत मिली कि चिकित्सकों के द्वारा शाम के समय कहा जाता है कि बिना भर्ती किए हुए आपका बुखार, सर्दी, खांसी आदि रोगों का इलाज नहीं किया जा सकता है जो सरासर ग़लत है। इसमें सुधार की आवश्यकता है। संसद द्वारा उपलब्ध करवाए गए वेंटिलेटर भी वार्ड में उपलब्ध नहीं है जिसके कारण मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। 108 एंबुलेंस की सेवा की व्यवस्था में सुधार हेतु सिविल सर्जन से कहा गया। उन्होंने आश्वस्त किया कि 108 एंबुलेंस की सेवा व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। निरीक्षण के क्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि प्रफुल्ल कुमार सांसद प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग ज्योति कुमार गुड्डू सांसद प्रतिनिधि विनोद कुमार विजन संसद के निजी सचिव हिमांशु कुमार सांसद जैन सिंह के मीडिया प्रभारी अनिल सिंह विशेष रूप से उपस्थित हुए इन तमाम कर्मियों को दूर करने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल मेडिकल कॉलेज के सुपरिंटेंडेंट से कल मुलाकात कर इन समस्याओं को कार्य के निदान हेतु प्रतिवेदन दिया जाएगा और साथ ही सांसद महोदय को भी इसकी सूचना प्रेषित की जाएगी।

नमो फुटबॉल टूर्नामेंट-2023

## कटकमसांडी प्रखंड का 21 दिनों बाद हुआ शानदार फाइनल





**दैनिक शुभ भास्कर सोहैल किरमानी हज़ारीबाग।** हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित हजारीबाग जिले का सबसे बड़ा और चर्चित लोकप्रिय फुटबॉल टूर्नामेंट नमो फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 के चर्तुथ चरण का 21 दिनों के बाद कटकमसांडी प्रखंड में गुरुवार को शानदार समापन हुआ। इस टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग में कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र की कुल 75 टीम और महिला वर्ग में कुल 4 टीमों ने भाग लिया। जिसमें पुरुष टीमों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर कटकमसांडी और बंझिया की टीम फाइनल में पहुंची वहीं महिला टीम में कस्तूरबा बालिका विद्यालय, कटकमसांडी और डाटो प्लस टू हाई स्कूल की टीम फाइनल पहुंची। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बेहद ही रोमांचक हुआ और झमाझम बारिश के बीच खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बना। पुरुष टीम का फाइनल कटकमसांडी बनाम बंझिया के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच बेहद रोमांचक और संघर्षपूर्ण मुकाबला हुआ जिसमें मध्यांतर के बाद कटकमसांडी की टीम ने 1 गोल दागकर बंझिया की टीम को पराजित किया और इस टूर्नामेंट का खिताब मेजबान कटकमसांडी की टीम ने 1-0 गोल से अपने नाम कर लिया। वहीं इससे पूर्व महिला टीम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कटकमसांडी की टीम बनाम डाटो प्लस टू हाई स्कूल टीम के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। जिसमें दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया और अंततः प्लेंटी शूटआउट के जरिए निर्णय हुआ जिसमें 1 गोल से आगे रहकर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कटकमसांडी की टीम विजयी हुई और टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। कुल मिलाकर दोनों वर्गों की विजेता टीम मेजबान कटकमसांडी की ही टीम बनी। विजेता, उपविजेता टीमों और उत्कृष्ट खिलाड़ियों को विधायक मनीष जायसवाल की ओर से पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया गया। टूर्नामेंट में मेन ऑफ द सिरीज़ शुभम कच्छप, गोल्डन बूट रामजीत उरांव और बेस्ट गोलकीपर साजन सिंह बनें। पुरुष वर्ग के विजेता टीम को 30 हज़ार का चेक और आकर्षक नमो ट्रॉफी एवं उपविजेता टीम को 20 हज़ार का चेक और आकर्षक नमो ट्रॉफी और बालिका वर्ग के विजेता टीम को तीन हज़ार का चेक और आकर्षक नमो ट्रॉफी एवं उपविजेता टीम को दो हजार नगर एवं आकर्षक नमो ट्रॉफी भेंट किया गया। टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों का उत्साह देखते ही बना। बारिश के बीच पारंपरिक नगाड़ों की थाप पर खिलाड़ी और दर्शक जमकर थिरके। पुरा मैदान दर्शकों से खचाखच भरा रहा और आतिशबाजी की गूंज से गुंजायमान रहा । फाइनल टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल और विशिष्ट अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया एवं फुटबॉल में किक मारकर फाइनल मुकाबले का शुरूआत कराया। दोनों विधायकों का नमो फुटबॉल टूर्नामेंट, कटकमसांडी आयोजन समिति द्वारा अभूतपूर्व स्वागत ढोल नगाड़े के साथ बालिका टीमों की।खिलाड़ियों ने थिरकते हुए और स्थानीय लोगों ने नारा-जयकारा लगाते हुए किया। मंच पर अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर और फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। टूर्नामेंट में बतौर उद्घोषक भाजपा नेता राकेश कुमार सिंह ने खोरठा और हिंदी में मैच का आंखों देखा हाल सुनाया वहीं निर्णायक की भूमिका में रेफरी गुड्डू खान उर्फ शरीफुल्लाह, विकास कुमार, रंजित अग्रवाल, कार्तिक कुमार, गौत्तम कुमार सहित अन्य लोगों ने सराहनीय भूमिका निभाया । मौके पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए मांडू विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा की नमो फुटबॉल टूर्नामेंट ने कम समय में जो लोकप्रियता हासिल की है उससे हमलोग भी प्रभावित हैं और हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल के इस सार्थक पहल की जितनी भी सरहना की जाय कम है। उन्होंने खिलाड़ियों से न सिर्फ खेल बल्कि समाज के हरेक क्षेत्र में सहभागिता निभाने का आग्रह किया साथ ही वर्तमान झारखंड सरकार को युवा विरोधी सरकार बताते हुए खूब कोसा। हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने बताया की साल 2016 से नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का शुरूआत कराया और वर्तमान में जिले का यह सबसे बड़ा टूर्नामेंट बनकर उभरा है। उन्होंने कहा की जब तक हमारी सांसे रहेंगी तबतक कोशिश करूंगा की यह टूर्नामेंट निर्बाध रूप से चलता रहें। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की जिस दिन इस टूर्नामेंट के खिलाड़ी जिला, राज्य और राष्ट्रिय स्तर पर ख्याति प्राप्त करेंगे उस दिन हमारे इस टूर्नामेंट के आयोजन का मकसद सफल हो जायेगा । मौके पर विशेषरूप कटकमसांडी प्रमुख संगीता कुमारी, विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, कटकमसांडी पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रितलाल यादव, कटकमसांडी पुर्वी मंडल अध्यक्ष जीवन प्रसाद मेहता, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष सह मुखिया रामकुमार मेहता, महामंत्री राकेश कुमार सिंह, भाजपा युवा मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष सुमन राय,प्रेम चंद प्रसाद , राजकुमार यादव, जयप्रकाश केशरी, विजय दांगी ,अनुराग मित्तल, कमलेश राणा ,आदित्य दांगी ,सुभाष दांगी ,खिरोधर यादव,रामचंद्र यादव ,रामकुमार मेहता, हलदर यादव ,महेंद्र पासवान,महावीर यादव,निर्मल साव, मुकुंद राना ,बसंत सिंह, सुंदर मुंडा ,किशोर राणा, आशीष यादव,संतोष राणा ,तिलेश्वर भुइयां, कृपाल सिंह ,कैलाश यादव,मुकेश सरयार, दिलचंद यादव, दुर्जय प्रसाद , समुंद्र राणा ,सरजू सिंह ,गंगाधर पांडेय, रामचरित्र पाण्डेय,दिनेश्वर यादव,गणेश यादव,बिजुल देवी,मिथलेश सिंह,महावीर सिंह,घनश्याम यादव ,नरेश पासवान , मथुरी मेहता, सुनील मेहता, शामलाल तूरी, अशोक राणा ,प्रकाश कुशवाहा ,अनिल साव, रामू राम ,मुनेश ठाकुर, मनीष ठाकुर ,मंजू नंदनी, बीरेंद्र कुमार बीरू, पचु प्रजापति,अजय राणा, परमेश्वर मेहता, लेखराज यादव, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित सैकड़ों अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

### साइबर क्राइम के कलंक को मिटाने, जामताड़ा पुलिस ने उठाए कदम



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** जामताड़ा पुलिस लोगों के बीच साइबर क्राइम के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस बाबत एसपी अनिमेष नैथानी ने बताया कि साइबर अपराधी साइबर अपराध करने के लिए नए-नए तरीके और पैंतरे अपनाते है। जिसके झांसे में आकर लोग साइबर अपराध के शिकार हो रहे हैं। इन अपराधियों के द्वारा लोगों से ठगी करने के लिए बिजली बकाया, बिजली कनेक्शन काटने,बैंक अकाउंट केवाईसी अपडेट के नाम पर मोबाइल में मैसेज भेज कर तो कभी फोन कॉल कर हजारों लाखों रुपए का चूना लगा रहे हैं। पुलिस ऐसे ठगवाजों के विरुद्ध अभियान चलाकर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार भी कर रही है। इसके अलावा अब जामताड़ा पुलिस ने लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। एसपी जामताड़ा अनिमेष नैथानी ने बताया कि जामताड़ा पुलिस लोगों को साइबर अपराध से बचाने के लिए गांव गांव शहर शहर जागरूकता अभियान चलायेगी। प्राय देखा जा रहा है कि साइबर अपराधी बिजली बिल बकाया के बाबत फोन कर कर ,बिजली लाइन काटने के नाम पर धोखाधड़ी कर रहे हैं। किसी भी तरह का कस्टमर कॉल आए तो उन पर भरोसा न करें। सबसे पहले सच्चाई जान ले। इसके अलावा भी मोबाइल पर किसी भी तरह के लिंक के माध्यम से पर्सनल डिटेल शेयर ना करें। जिससे लोग ठगी के शिकार होने से बच सकते हैं।

### मधुपुर बहुजन समाज पार्टी का मासिक समीक्षा बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** मधुपुर शहर के एक निजी होटल के सभागार में बहुजन समाज पार्टी की मासिक समीक्षा बैठक सह संगठन विस्तार पर चर्चा का आयोजन जिलाध्यक्ष नयन कुमार भारती के अध्यक्षता में आयोजित किया गया । मौके पर राज्य प्रभारी ग्याचरण दिनकर, प्रदेश कोषाध्यक्ष बलदेव दास, विधान सभा प्रभारी मोहम्मद जियाउल हक, जिला महासचिव अर्जुन दास, जिला उपाध्यक्ष इंद्राणी भारती , जिला सचिव संतोष दास, विधान सभा अध्यक्ष राजेंद्र दास , महेश दास प्रभारी समेत प्रखंड के सभी अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण उपस्थित थे। मौके पर राज्य प्रभारी दिनकर ने सेक्टर कमिटी और बुथ कमिटी का समीक्षा करते हुए पार्टी व संगठन को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही जियाउल हक ने भी गांव गांव जाकर पार्टी की मजबूती पर प्रकाश डाला तथा मधुपुर विधान सभा क्षेत्र से बसपा उम्मीदवार को भारी मतों से जीत के साथ विधान सभा जाने का संकल्प लिया । मौके पर सभी पदाधिकारी एवं उपस्थित साथियों ने भी पार्टी को जीताने का आश्वासन दिया।

### निशा को न्याय दिलाने के लिए स्वास्थ्य मंत्री से मिली शबाना



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर / देवघर।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सचिव शबाना खातून ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मिलकर बीते दिनों मधुपुर के अनुराग हॉस्पिटल में ऑपरेशन में हुई लापरवाही के कारण निशा की मौत पर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और दोषी डॉक्टर पर कार्रवाई को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेत्री शबाना खातून ने स्वास्थ्य मंत्री को इस घटना से अवगत कराते हुए बताया कि मधुपुर के अनुराग हॉस्पिटल में निशा की अस्पताल की लापरवाही से मौत हो गई थी। जिससे पुरा मधुपुर आक्रोशित है। निशा को न्याय दिलाने के लिए मधुपुर के विभिन्न मंच,संस्था, संगठन, अधिवक्ता संघ सभी लोग रोड पर आ चुके हैं। परंतु अभी तक दोषी डॉक्टरों एवं अस्पताल पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वासन दिया कि इस मामले को गंभीरता पूर्वक देखते हुए दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी और कोई भी आरोपी बख्शें नहीं जाएंगे।

### देवघर जॉन के खिलाड़ी जमशेदपुर रवाना



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** आई. सी.एस. सी. बोर्ड द्वारा आयोजित झारखंड / बिहार रीजनल खो - खो प्रतियोगिता जमशेदपुर स्थित तारापोर स्कूल के प्रांगण में 6 एवं 7 अक्टूबर तक आयोजित है। झारखंड बिहार रीजनल खो - खो प्रतियोगिता में देवघर जॉन के विजेता एवं उपविजेता टीम के खो- खो खिलाड़ी आज जामताड़ा स्टेशन से रवाना हुए।इस प्रतियोगिता में देवघर जॉन के आई. सी.एस. सी. बोर्ड के जामताड़ा जिले के दो मान्यता प्राप्त सेंट जोसेफ स्कूल जामताड़ा एवं एडवर्ड इंग्लिश स्कूल जामताड़ा के अंडर 14 बालक वर्ग से 12 खिलाड़ी एवं अंडर 17 बालक वर्ग से 12 खिलाड़ी खो- खो खेल खिलाड़ी देवघर जॉन की और से शामिल हो रहे है। टीम के साथ डी.मिशन चीफ़ सेंट जोसेफ स्कूल के खेल शिक्षक दीपक दुबे एवं टीम कौच एडवर्ड इंग्लिश स्कूल के खेल शिक्षक राजीव लोचन टीम के साथ रवाना हुए। टीम के बेहतर प्रदर्शन के लिए एडवर्ड इंग्लिश स्कूल के प्राचार्य एंथोनी रिंज , सेंट जोसेफ स्कूल के प्राचार्य फादर जोसेफ तपन एवं उप प्राचार्य फादर प्रेम प्रकाश ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

प्रशिक्षण | आजीविका उधमिता विकास कार्यक्रम के तहत 15 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

# उद्यमी बनकर बड़ा व्यवसाय करें महिलाएं: डीडीएम




**दैनिक शुभ भास्कर सोहैल किरमानी हज़ारीबाग।** नाबार्ड के सहयोग से स्वदेश संस्था द्वारा एसएचजी महिलाओं को एलईडीपी के तहत काष्ठ शिल्प का 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हजारीबाग सदर प्रखंड के सिंदूर पंचायत के करकरी ग्राम में किया गया जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि डीडीएम हजारीबाग प्रेम प्रकाश सिंह एवम एलडीएम हजारीबाग राकेश आजाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। डीडीएम हजारीबाग श्री प्रेम प्रकाश सिंह ने कहा कि महिलाएं प्रशिक्षण पाकर कौशल क्षमता का निर्माण कर सकती है और दूसरे को भी हुनर सीख सकती है। ग्रुप से प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार करने का सुझाव दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य को समझते हुए कुशल पूर्वक प्रशिक्षण से लाभांवनति हो बैंक से ऋण महिला समूह को आसानी पूर्वक उपलब्ध कराया जाएगा। क्लस्टर सेंटर का निर्माण किया जाएगा। व्यापार में सफल होना ही उद्देश्य रखना है। बाजार प्रबंधन का जानकारी दिया जाएगा। DIC से संपर्क कर भारत सरकार से भी सहयोग देने का प्रयास करना है। प्रशिक्षण में जो प्रशिक्षण निपुण होंगे उन्हें अपना कल का प्रदर्शन देश भर में लगने वाले मेला में मौका दिया जाएगा। एलडीएम महोदय राकेश आजाद ने महिलाओं को कोशिश करते हुए संबोधित कहा कि प्रशिक्षण को सुचारू रूप से प्राप्त कर कुशल उद्यमी बन जा सकता है। अपना आई को बढ़ाना होना चाहिए इसी से अपना एवं देश का विकास होना संभव है विश्वकर्म योजना का लाभ इसी प्रशिक्षण से प्राप्त करने के बाद महिलाएं ले सकती हैं हुनर प्राप्त कर महिलाएं दूसरे को बेरोजगार से जोड़ सकती है रजरप्पा एवं इटखोरी दर्शनीय स्थान में दुकान खोलकर बाजार में अपनी बनाई के उत्पाद को बिक्री किया जा सकता है। विनर विथ यू संस्था के सचिव श्री राजीव रंजन ने इस प्रशिक्षण को महिलाओं के लिए एक अवसर बतलाया। उन्होंने कहा कि कला की व्यक्तिगत पहचान होती है। जेएसएलपीएस की दिव्या सिन्हा ने इस प्रशिक्षण को सफल बनाने के महिलाओं की इच्छा इस परियोजना को सफल बनाएगी आय में बढ़ोतरी लाना ही उद्देश्य होना चाहिए। सरस मेला का आयोजन सरकार द्वारा वर्ष भर में 10 बार से अधिक ही लगता है उसे मेला में महिलाओं द्वारा तैयार उत्पाद को बेचने का अवसर दिलाने का आश्वासन दिया। स्वदेश संस्था के सचिव सुधीर कुमार ने कहा कि हमारी संस्था लगातार 15 वर्षों से सामाजिक कार्य कर रही है महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में संस्था द्वारा हजारीबाग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अनेक कार्यक्रम चलाया गया है। उन्होंने कहा महिलाएं अच्छी तरह से प्रशिक्षण प्राप्त करें अनेकों स्वरोजगार से जोड़ने का सफलता दिलाने के लिए संस्था हर संभव सहयोग करेगी। महिलाएं द्वारा तैयार उत्पाद को एस.एच.जी.ग्राम दुकान द्वारा लोकल बाजार में बिक्री कराया जाएगा। काष्ठ शिल्प प्रशिक्षण के उद्घाटन समारोह में रिंकू देवी बसंती देवी किरण देवी कमली देवी संगीता देवी एवम अन्य प्रशिक्षु शामिल थे। धन्यवाद ज्ञापन प्रभु दयाल द्वारा दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के पीयूष आनंद, विपुल कुमार,प्रिंस चंद्रा, रेखा देवी का अहम योगदान रहा।

## ख़ास ख़बर

### शौर्य जागरण यात्रा स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का किया गया आयोजन



**सम्वाददाता संतोष कुमार दुबे, जनपद बलरामपुर** । में विश्व हिंदू परिषद द्वारा बजरंग दल अवध प्रांत शौर्य जागरण यात्रा जो अयोध्या से चलकर बलरामपुर जनपद में आगमन हुआ अयोध्या से आए हुए संत महात्मा का स्वागत आयोजन किया गया जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष व अजय श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद बलरामपुर वह सुधीर श्रीवास्तव विभाग मंत्री .कमलेश त्रिपाठी विभाग विशेष संपर्क प्रमुख . निवेदक कुंवर सुमेर सिंह .कमलेश. लड्डू तिवारी आदि कार्यकर्ताओं द्वारा पुलिस लाइन रामलीला ग्राउंड पर बहादुरापुर में आयोजन किया गया जिसमें अयोध्या से आए संत महात्मा का स्वागत किया गया जलपान की व्यवस्था की गई फिर वहां से निकलकर वीर विनय चौराहे होते हुए मुख्य मार्ग से चौक होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर रमना पार्क पहुंची जहां पर एक सभा का आयोजन किया गया आयोजन में देश में फैले अनाचार जैसे लब्जिहाद . गौकाशी .धर्मांतरण आदि संकटों से निपटने के लिए बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद द्वारा आम जनमानस से आवाहन किया गया ।

### स्वागत समारोह का हुआ आयोजन, हिन्दू वाहिनी ने भाजपा जिलाध्यक्ष को किया सम्मानित



**सिकन्दरपुर (बलिया, उत्तर प्रदेश)**। विधान सभा क्षेत्र सिकन्दरपुर अंतर्गत करमौत्ता गांव मे स्वागत समारोह का आयोजन हुआ। हिन्दू वाहिनी के तत्वधान में गुरुवार को जिला बलिया के अध्यक्ष अखिलेश कुमार गुप्ता एवं हिन्दू वाहिनी के दर्जनों सदस्यों द्वारा भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष व निवर्तमान विधायक संजय यादव के आवास पर पहुंच कर संजय यादव का बुके व अंगवस्त्रम भेंट कर जोरदार स्वागत किया गया। इस स्वागत समारोह में मुख्य रूप से हिन्दू वाहिनी के जिलाध्यक्ष अखिलेश गुप्ता, राज कुमार राजभर, धर्मेंद्र राजभर, रामजी सोनी, ग्राम पंचायत धनौती के ग्राम प्रधान विजय शंकर राजभर, पशुपति राजभर, विजय बहादुर राजभर समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहें।

### जनपद बलरामपुर में सेवामित्र जागरूकता पखवाड़ा 15 अक्टूबर तक मनाया जायेगा

**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर, बलरामपुर**। जिलाधिकारी श्री अरविन्द सिंह के निर्देशानुसार जिला रोजगार सहायता अधिकारी आशा वर्मा ने बताया कि सेवामित्र जागरूकता पखवाड़ा 01 अक्टूबर से 15 अक्टूबर, 2023 तक मनाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत उ0प्र0 सरकार के द्वारा sewamitra.up.gov.in सेवामित्र पोर्टल तैयार किया गया है, जिस पर कई सर्विस प्रोवाइडर्स के माध्यम से ग्राहक को कार क्लीनिंग/रिपेरिंग, कारपेटर टूर एण्ड ट्रेवल्स/टैक्सी ऑपरेटर, इलेक्ट्रीशियन, 20 प्रकार के दैनिक जीवन से जुड़ी सेवाएं प्राप्त होगी। इसमें कुशल/अर्द्धकुशल/कामगार अपना पंजीकरण कराकर रोजगार प्राप्त कर सकते है। सेवामित्र हेल्पलाइन नम्बर-155330 एवं सेवामित्र ऐप भी उपलब्ध है, जिस पर फोन कर सेवा प्राप्त की जा सकती है।

### लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**सम्वाददाता संतोष कुमार दुबे , उत्तर प्रदेश बलरामपुर** । उतरौला क्षेत्राधिकारी श्रीमती ज्योतिश्री द्वारा पुलिस लाइन सभागार बलरामपुर में महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उ0प्र0 लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति (शक्ति दीदी) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जनपद के विभिन्न थानों से उपस्थित बीट प्रभारी /महिला आरक्षी/पुरूष बीट आरक्षी को शक्ति दीदी के कर्तव्य सम्बंध में विस्तृत जानकरी देते हुए, सभी को प्रशिक्षित किया गया तथा सम्बन्धित महिला बीट आरक्षी को शक्ति दीदी की उपाधि प्रदान करते हुए उन्हें बताया गया कि महिलाओं , बच्चों संबंधित समस्याओं को किस तरह से समझना है, और उनके बीच संवाद स्थापित कर समस्या का समाधान करना है तथा उनको बताया गया प्रशिक्षण मॉड्यूल की सहायता से शक्ति दीदी द्वारा विद्यालय एवं सार्वजनिक स्थान पर जाकर बच्चों व महिलाओं को उनसे संबंधित विषयों खासकर बाल एवं महिला अधिकार एवं शोषण, साइबर सुरक्षा ,एंटी रोमियो, हेल्पलाइन नंबर 1098,1090,112,181,1076, गुड टच बैड टच आदि के बारे में प्रमुख जानकारी दी गई व साथ ही साथ द्वारा पंपलेट के बारे में जानकारी दी गई और समस्त महिला बीट आरक्षी में वितरित किया गया। इस दौरान महिला थाना प्रभारी श्रीमती विनीता चतुर्वेदी व अन्य अधिकारी/ कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लगवाया जा रहे हैं सीसीटीवी कैमरे



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर** । पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा जनपद बलरामपुर में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे आपरेशन त्रिनेत्र अभियान को और अधिक प्रभावशाली बनाये जाने हेतु जनपद के समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष की अपील पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सम्भ्रान्त नागरिकों ,ग्रामप्रधानों, ग्राम प्रहरीगण द्वारा प्रमुख चौराहों, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे लगवाये गये। थाना ललिया ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरा लगवा कर अपराधियों की पहचान में मदद करने वाले त्रिनेत्रमित्र श्री राम शंकर सोनी नि0 ग्राम ललिया द्वारा आज दिनांक 04.10.23 को अपने दुकान पर मार्ग को कवर करते हुए कुल 04CCTV कैमरे लगवाए जाने पर थाना ललिया पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया। थाना कोतवाली देहात ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरा लगवा कर अपराधियों की पहचान में मदद करने वाले त्रिनेत्रमित्र श्री फैसल नि0 धुशाह द्वारा आज दिनांक 04.10.23 को माया होटल धुशाह पर मार्ग को कवर करते हुए कुल 16CCTV कैमरे लगवाए जाने पर थाना को0 देहात पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया। थाना कोतवाली देहात ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरा लगवा कर अपराधियों की पहचान में मदद करने वाले त्रिनेत्रमित्र श्री गंगा राम शर्मा नि0 बलुआ बलुई द्वारा आज दिनांक 04.10.23 को अपने मकान पर मार्ग को कवर करते हुए कुल 02CCTV कैमरे लगवाए जाने पर थाना को0 देहात पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया। थाना कोतवाली देहात ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरा लगवा कर अपराधियों की पहचान में मदद करने वाले त्रिनेत्रमित्र श्री रामजी नि0 रामपुर खगाई जोत द्वारा आज दिनांक 04.10.23 को अपने दुकान पर मार्ग को कवर करते हुए कुल 04CCTV कैमरे लगवाए जाने पर थाना को0 देहात पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया। थाना कोतवाली देहात ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरा लगवा कर अपराधियों की पहचान में मदद करने वाले त्रिनेत्रमित्र श्री हीरामणि शर्मा नि0 बहादुरपुर द्वारा आज दिनांक 04.10.23 को अपने पेट्रोल पम्प पर मार्ग को कवर करते हुए कुल 08CCTV कैमरे लगवाए जाने पर थाना को0 देहात पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया। थाना कोतवाली देहात ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरा लगवा कर अपराधियों की पहचान में मदद करने वाले त्रिनेत्रमित्र श्री दिलीप कुमार नि0 रामपुर खगाई जोत द्वारा आज दिनांक 04.10.23 को अपने दुकान पर मार्ग को कवर करते हुए कुल 07CCTV कैमरे लगवाए जाने पर थाना को0 देहात पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया। थाना कोतवाली नगर ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरा लगवा कर अपराधियों की पहचान में मदद करने वाले त्रिनेत्रमित्र श्री जय नारायण शर्मा नि0 भगवती गंज द्वारा आज दिनांक 04.10.23 को राम जानकी माता मंदिर पर मार्ग को कवर करते हुए कुल 07CCTV कैमरे लगवाए जाने पर थाना को0 नगर पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया। थाना कोतवाली देहात ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरा लगवा कर अपराधियों की पहचान में मदद करने वाले त्रिनेत्रमित्र श्रीअखिलेश सिंह नि0फरेंदा को0 देहात द्वारा आज दिनांक 04.10.23 को अपने घर के सामने मार्ग को कवर करते हुए कुल 01CCTV कैमरे लगवाए जाने पर स्थानीय पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया।

## कक्षा अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं को शील्ड देकर किया गया सम्मानित



**सिकन्दरपुर (बलिया)**। तहसील क्षेत्र के कटघरा बंशीबाजार स्थित आरएसएस गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी अकादमी में सत्र 2023-24 में कक्षा नर्सरी से 12वीं तक तीसरे राउंड का प्रार्थना समाप्त होने के बाद मैनेजमेंट जांच कमेटी द्वारा कक्षा की साफ-सफाई, अनुशासन और प्रार्थना सभा की जांच करने के बाद ग्रुप 'ए' से कक्षा एलकेजी की कक्षा अध्यापिका अस्मिता त्रिपाठी एवं रेनू सिंह और ग्रुप 'बी' से कक्षा तीसरी 'अ' की कक्षा अध्यापिका ज्योति कुमारी ग्रुप 'सी' से कक्षा सातवीं 'अ' की कक्षा अध्यापिका सुचित्र राय और ग्रुप 'डी' से कक्षा नौवीं 'अ' के कक्षा अध्यापक डीके राजभर को विद्यालय के प्रबंध निदेशक जय प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह के द्वारा शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया एवं सभी शिक्षक एवं छात्रों के द्वारा करतल ध्वनि से उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अजीत कुमार यादव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य विजय कुमार गुप्ता, उप प्रधानाचार्य विनोद कुमार दुबे सहित सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## कुर्की के लिये उदघोषित 01 नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार



**जनपद बलिया** । श्रीमान् पुलिस अधीक्षक बलिया श्री एस आनन्द महोदय के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सिकन्दरपुर श्री भूषण वर्मा महोदय के कुशल नेतृत्व में थाना सिकन्दरपुर पुलिस को मिली सफलता । उल्लेखनीय है कि आज दिनांक 05.10.2023 को थाना सिकन्दरपुर थानाध्यक्ष श्री दिनेश पाठक मय टीम द्वारा चेकिंग सन्दिग्ध वाहन/ सन्दिग्ध व्यक्ति, तलाश वांछित वारण्टी करते हुए कुर्की के लिये उदघोषित वारण्टी 01 नफर अभियुक्त 1. प्रमोद सिंह पुत्र अमेरिका निवासी हरदिया थाना सिकन्दरपुर जनपद बलिया को उसके घर से गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय बलिया भेजा गया ।

# जिलाधिकारी महोदय ने किया वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण,दिए आवश्यक दिशा- निर्देश



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर** । भारत निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देश के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी श्री अरविंद सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में ईवीएम- वीवीपीएटी वेयरहाउस का राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सुरक्षा के बीच में ईवीएम-वीवीपीएटी वेयरहाउस का डबल लॉक खोला गया। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी महोदय द्वारा मशीनों के रखरखाव एवं वेयरहाउस की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंन सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान अपर उपजिलाधिकारी संतोष कुमार ओझा,डीपीआरओ,अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, अधिशासी अभियंता आरएडी, सहायक निर्वाचन अधिकारी, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### हत्या के प्रयास के मामले में चार आरोपितों दोषमुक्त





**वाराणसी**। एक वर्ष पूर्व लाडी डंडे से मारकर हत्या करने के प्रयास के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश (सप्तम) अजय कुमार ¡¡¡ की अदालत ने चारों आरोपितों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया है। अदालत में आरोपितों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक कुमार दूबे ने पक्ष रखा। घटनाक्रम के बताया गया कि वादी मुकदमा जगदीश पटेल ने थाना लालपुर - पांडेपुर में लिखित तहरीर दी थी कि 3 अगस्त 2022 की रात करीब 9:00 बजे प्रतिवादी विजय कुमार पुत्र गोले पटेल, अश्वनी, अजीत तथा अमन पुत्रगढ़ विजय कुमार ने गाली गलौज दे रहे थे कि मना करने पर लाठी डंडा से मारे चोट लगी। बीच बचाव में जगदीश पुत्र जोखू राम, विवेक कुमार पुत्र जगदीश पटेल, विकास पुत्र जगदीश पटेल, निशा देवी पत्नी जगदीश पटेल को भी मारे चोट लगी। इस मामले में पुलिस ने ग्राम आदमपुर पोस्ट लमही थाना चोलापुर निवासी विजय पटेल, अश्वनी पटेल, अमन पटेल व अजीत पटेल के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित कई अन्य मुकदमा दर्ज कर विवेचना का आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया।

### पुलिस कार्यालय में शिकायती प्रार्थना- पत्र लेकर आये आम-जनों की समस्याएं सुनी गई



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर** । आज दिनांक- 05.10.2023 को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा जनसुनवाई के दौरान शहरी व ग्रामींण क्षेत्रों से शिकायतें/समस्याएं लेकर आये हुए शिकायत कर्ताओं/आम-जनों की समस्याओं का निस्तारण किया गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का अवलोकन कर गुणवत्तापूर्ण अविलम्ब निस्तारण हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

### जागरण यात्रा के संबंध में उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**सिकन्दरपुर (बलिया)** । आगामी 30 सितंबर से शुरू होने वाली शौर्य जागरण यात्रा के संदर्भ में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारी ने एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी रवि कुमार को सौंप कर शौर्य जागरण यात्रा के मार्गों पर समुचित सुरक्षा व्यवस्था व चिकित्सकीय व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की हैं। बताते चलें कि शौर्य जागरण यात्रा 20 सितंबर 2023 से प्रारंभ होकर 10 अक्टूबर 2023 को काशी में संपन्न होगी, जिसके तहत यह यात्रा 7 अक्टूबर 2023 को मालदह, बंशीबाजार, नवानगर, नवरतनपुर, रुद्रावार, करमौता व नगरा मोड़ होते हुए सिकन्दरपुर चौराहे पर भव्य सभा का आयोजन होगा। तदोपरांत यह यात्रा खेजूरी, सुखपुरा होते हुए जिला मुख्यालय बलिया के लिए प्रस्थान करेगी। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से प्रतीक राय बजरंगदल जिला सह संयोजक,संदीप सिंह एवम समस्त जिले के बजरंग दल कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पेंशनर के मृत्यु हो जाने के उपरांत परिवार के सदस्य कोषागार को जानकारी अवश्य दें

**सम्वाददाता सौरभ पांडेय,उत्तर प्रदेश बलरामपुर** । वरिष्ठ कोषाधिकारी ने सर्व साधारण को सूचित करते हुए बताया कि ऐसे प्रकरण कोषागारों के संज्ञान में आते रहे है , जिनमें पेंशनर / पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने के उपरान्त उनके परिजनों द्वारा इसकी सूचना संबंधित कोषागार को नहीं दी जाती है जिसके फलस्वरूप कोषागार द्वारा पेंशन / पारिवारिक पेंशन का भुगतान जारी रखा जाता है। बाद में जानकारी मिलने पर अधिक भुगतान की वसूली की कार्यवाही करनी पड़ती है। उन्होंने इस सम्बन्ध में समस्त सम्बन्धितों को सूचित करते हुए कहा कि यथास्थिति पेंशनर / पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने के उपरान्त इसकी सूचना सम्बन्धित कोषागार को तत्काल उपलब्ध करायी जाये। यह पेंशनर / पारिवारिक पेंशनर की परिजनों का नैतिक एवं विधिक कर्तव्य है । यह भी ध्यान रहे कि ऐसे किसी भी प्रकरण में अनियमित भुगतान की धनराशि अनाधिकृत है।

### कम्पोजिट विद्यालय, इण्टरलाकिंग कार्य, कनहरा में खेल के मैदान व पंचायत भवन का किया गया औचक निरीक्षण

**सौरव पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर** । जिलाधिकारी महोदय के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी श्री संजीव कुमार मौर्य द्वारा विकास खण्ड तुलसीपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत नन्हुवापुर में कम्पोजिट विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान इण्टरलाकिंग कार्य, कनहरा में खेल के मैदान, पंचायत भवन का मुआइना किया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि इण्टरलाकिंग का कार्य गुणवत्तापूर्ण कराते हुये कार्यों में तेजी लाए। इसके साथ ही विद्यालयों में शुद्ध पेयजल, साफ-सफाई, बच्चों को शतप्रतिशत किताबों, ड्रेसों का वितरण, गुणवत्तापूर्ण भोजन आदि के बारें में निर्देशित किया गया। उनके द्वारा कम्पोजिट विद्यालय में अध्यापक उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण करते हुये सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया है कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु बच्चों व अध्यापकों की उपस्थिति शतप्रतिशत होनी चाहिए इसका विशेष ध्यान दिया जाए।

सौगात | इस रोड के गंजडी समय माता मंदिर के निकट करोडो की लागत से पुल बनकर तैयार हुआ

# ग्रामीणो को मिली पीएम सड़क की सौगात



**संवादाता के बी गुप्ता, बलरामपुर**। तुलसीपुर विकास खंड अन्तर्गत महमूदनगर से महराजगंज तराई मुख्य मार्ग के सेमरी चौराहे से खैरहनिया गांव तक 6-100 किमी प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत दो ब्लाक मुख्यालय तुलसीपुर, हर्रैया सतघरवा के ब्लाक मुख्यालय शिवपुरा से होकर अन्तर्जनपदीय श्रावस्ती जिले को जोडने वाला सड़क का निर्माण शुरू हो गया है, जिससे आसपास के गांव सेमरी, मैनहवा, सर्रा, गंजडी, नरायनपुर भुजेहरा, उदईपुर, खैरहनिया, टेढीप्रास, चिरौंजीपुर, सहित सैकडो गांवो के आने जाने वाले तमाम लोगों की समस्याएं दूर होगीं।बताते चले कि बरसात के मौसम में सडक के बडे बडे गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने से आवागमन बाधित हो जाता था। इस मार्ग पर एम्बुलेंस बडे-बडे वाहन एवं स्कूली छात्र छत्राओ को जाने मे बडी कठिनाई होती थी। दो दशक से स्थानीय लोग सड़क बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। योगी सरकार मे इस रोड के गंजडी समय माता मंदिर के निकट करोडो की लागत से पुल बनकर तैयार हुआ तथा रविवार से पीएम सड़क का निर्माण कार्य शुभारंभ हो गया।क्षेत्रवासी रमेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, राजेश यादव, कृष्ण कुमार, बाबूलाल, प्रभुदयाल, रंजीत, आदि लोगो ने बताया कि इस सरकार मे रोड का निर्माण पूर्ण होता दिखाई दे रहा है।

## बुखार एव डेंगू के चपेट में शहर, मरीजों पर बरपा रहा है कहर




**वाराणसी** । को जिस प्रकार से रहस्यमयी बुखार एवं डेंगू ने जकड़ लिया है। सभी अस्पताल में मरीजों की तादाद लंबी कतार के साथ देखी जा सकती है। लोग इलाज और प्लेटलेट्स के लिए दर-दर भटक रहे हैं, उसको देखते हुए सामाजिक संस्था सुबह-ए-बनारस क्लब के बैनर तले संस्था के अध्यक्ष मुकेश जायसवाल, कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ० प्रियंका तिवारी, उपाध्यक्ष अनिल केसरी के नेतृत्व में मैदागीन स्थित श्री हरिश्चंद्र बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज के परिसर में छात्राओं के बीच रहस्मयी बुखार और डेंगू से बचाव के लिए एक जन जागरूकता अभियान चलाया गया। उपरोक्त अवसर पर सभी वक्ताओं ने कहा कि बरसात के मौसम के बाद डेंगू तो अपना कहर बरपा ही रहा है, लेकिन उसके अलावा एक रहस्यमयी बुखार ने लोगों के साथ डॉक्टर लोगों को भी हैरान कर दिया है। जिसने हर घर में किसी न किसी सदस्य को अपना शिकार बनाया है, इसका प्रकोप इतना भयानक है, कि इसके चपेट में आने के बाद मरीज का सारा शरीर असहनीय पीड़ा और बुखार के तपन से तड़प जाता है,जो की निरंतर कई दिनों तक रहता है। डॉक्टर भी हैरान और परेशान है,कि आखिर इसका किस तरह से इलाज किया जाए। शरीर के सारे हड्डी और जोड़-जोड में असहनीय पीड़ा इसका प्रमुख लक्षण है। साथ ही बुखार के तपन,पूरे शरीर में सूजन एवं एलर्जी से मरीज परेशान रहता है, लैब के पकड़ से बाहर इस रोग का इलाज डॉक्टर कभी चिकनगुनिया कभी डेंगू कभी मलेरिया के रूप में कर रहे हैं। जांच के नाम पर लोग पानी की तरह पैसा बहा रहे हैं,गौरतलब है कि इस बुखार का लक्षण डेंगू, चिकनगुनिया,मलेरिया से मिले झूले लक्षण हैं। ठंड देकर तेज बुखार आना बुखार का फिक्स हो जाना,सामान्य पेरासिटामोल से भी उसका ना उतरना, शरीर के सभी जोड़ों में असहनीय दर्द व अकरण होना, मांसपेशियों में असहनीय पीड़ा व अकड़न तेज सिर दर्द होना, शरीर पर लाल रैशेज होना रक्त में तेजी से प्लेटलेट्स का गिरना। इस रोग के से बचाव के लिए कोई भी वैक्सीन अभी उपलब्ध नहीं है। संस्था द्वारा सभी लोगों से हाथ जोड़कर पुरजोर ढंग से अपील किया जाता है कि वह संक्रमित कीड़ों से बचने के लिए फूल ट्राउजर शर्ट मोजे व जूते पहनकर ही बाहर निकले शरीर के खुले अंगों पर ओडोमॉस का प्रयोग करें,घर के आस-पास नाली कूड़े के ढेर, झाड़ियां घास-फूस आदि की भली प्रकार सफाई करवाए, कीटनाशक का छिड़काव करवाए, यह रोग एक रोगी से दूसरे रोगी में नहीं फैलता। सिर्फ और सिर्फ संक्रमित कीड़े के काटने पर ही व्यक्ति इससे संक्रमित हो सकता है।

## ख़ास ख़बर

### गंगापुर एकेडमी के पूर्व खिलाड़ी का अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर हुआ सम्मान

**वाराणसी**। मिर्जामुराद गंगापुर एकेडमी के पूर्व हाकी खिलाड़ी व शिक्षक लालबहादुर मौर्य को अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर गुरुवार को सम्मानित किये जाने पर एकेडमी के सदस्यों ने प्रसन्नता प्रकट की।बागपत बड़ौत की प्रसिद्ध संस्था चौधरी केहर सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह (शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी) में भारत के चार राज्य उत्तर प्रदेश, हरियाणा उत्तराखंड दिल्ली से आए हुए शिक्षा के क्षेत्र में डाक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन सम्मान खेल के क्षेत्र में मेजर ध्यानचंद सम्मान मोटीवेशन के क्षेत्र में चाणक्य सम्मान एवं स्वच्छ विद्यालय सम्मान से कुल चार क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 101 शिक्षको को संस्था की चयन समिति द्वारा चयनित किया गया।जिसमे चंदौली जिले के अति पिछड़े नक्सल प्रभावित क्षेत्र नौगढ़ के उच्च प्राथमिक विद्यालय रिठिया के प्रभारी प्रधानाध्यापक लाल बहादुर मौर्य को शिक्षा के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य के लिए डा.सर्वपल्ली राधाकृष्णन सम्मान दिया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहेंद्र सिंह विधायक बड़ौत, विशिष्ठ अतिथि अमित कुमार सिंह अपर जिलाधिकारी मेरठ, रविसरण गौतम क्षेत्राधिकारी, रमेश शर्मा अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा, आकांक्षा रावत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बागपत, अमर चंद वर्मा तहसीलदार बड़ौत एवम संस्था के निदेशक डा.मनीष तोमर की गरिमामई उपस्थिति रही।प्रधानाध्यापक को सम्मानित किए जाने पर गंगापुर एकेडमी से जुड़े व राजातालाब तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री प्रदीप कुमार सिंह (अधिवक्ता) समेत अन्य ने हर्ष जताया।

### बलिका विद्यालय को मर्ज करने के विरोध में व्यापार महासंघ दिया ज्ञापन

**दैनिक शुभ भास्कर रघुवीर सिंह पत्रकार कामां**। कामां व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों ने कस्बें के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय को सह शिक्षा अग्रेजी माध्यम में मर्ज करने नाराजगी जताते हुए उपखण्ड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। व्यापार महासंघ के महामंत्री लालचंद सिंघल ने बताया कि कामां कस्बें में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय काफी समय से सफलता पूर्वक चल रहा था। विद्यालय में अध्यापिकाओं की कडी मेहनत व व्यवहार के कारण इस विद्यालय का परीक्षा परिणाम अच्छा आ रहा है। इस विद्यालय में अब तक सिर्फ बालिकाओं को ही अध्ययन के लिए प्रवेश दिया जाता था। इससे अभिभावकों व स्थानीय पुलिस प्रशासन को भी आज तक कोई शिकायत नही मिलती थी। लेकिन अब इस विद्यालय को सह शिक्षा अग्रेजी माध्यम महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय किए जाने पर इस विद्यालय में छात्राओं के साथ साथ छात्रों को भी अध्ययन कराया जाएगा। इससे कस्बां व आसपास ग्रामीण क्षेत्र से आने वाली बालिकाओं के परिजनों में भारी आक्रोश व्याप्त है। अभिभावक अपनी बेटियों को विद्यालय भेजने से अब कतराएगे। पुलिस प्रशासन के सामने छात्राओं की सुरक्षा को लेकर शिकायतों के अम्बार लग जाएगे। इस विद्यालय को पूर्ववत की तरह बालिका विद्यालय में ही संचालित किया जाए। जिससे बालिकाएं सुरक्षित तरीके से अध्ययन कर सके।

### तमाड़ में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया राम रथ का भव्य स्वागत



**चंदन कुमार गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट रिपोर्टर, रांची झारखंड तमाड़**। रायडीह चौक वृहस्पतिवार को बजरंग दल,विश्व हिन्दू परिषद, हिन्दू क्रांति सेना तथा भाजपा कार्यकर्ताओं एवं माताओं बहनों द्वारा राम रथ का भव्य स्वागत किया गया। अयोध्या में भव्य भगवान राम का भव्य मंदिर निर्माण का कार्य जारी है जिसका उद्घाटन यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जनवरी 2024 में किया जाना है। इसी निमित्त पूरे भारत वर्ष में बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद आदि द्वारा बजरंग दल शौर्य जागरण यात्रा राम रथ परिभ्रमण किए जा रहे हैं। जमशेदपुर से राम रथ रायडीह चौक तमाड़ पहूंचा जहां राम भक्तों ने राम रथ में विराजमान भगवान राम का आरती एवं पुष्पांजलि अर्पित करते हुए जोरदार स्वागत किया गया।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम, बजरंग बली की जय का नारा लगा रहे थे। जमशेदपुर से तमाड़ आने के क्रम में राम रथ का रड़गांव,भुंइयाडीह चौक, दिउड़ी मंदिर, रायडीह चौक में भव्य स्वागत किया गया। बजरंग दल के किंकर महतो, अमित महतो, विश्व हिन्दू परिषद के अजय साहु,परसुराम दास, हिन्दू क्रांति सेना के प्रदीप पांडेय भाजपा के महावीर सोनी, विवेक गुप्ता, शंकर सोनार आदि के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने राम रथ का भव्य स्वागत किया।

# दुर्गा पूजा में विधि वेवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन एलर्ट



**मो. सदरे आलम नोमानी सीतामढी**। आगामी दुर्गा पूजा में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में डीएम मनेश कुमार मीणा एवं एसपी मनोज कुमार तिवारी ने जिले के सभी थानाध्यक्ष पुलिस पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारी,सीओ, प्रखंडो के नोडल पदाधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की। बैठक में संयुक्त रुप से तमाम थानाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया कि दुर्गा पूजा में विधि व्यवस्था को कायम रखने के लिए सभी पदाधिकारियों को अलर्ट रहना है। साथ ही निर्देश दिया कि दुर्गा पूजा में बाधा डालने वाले असामाजिक तत्व की पहचान कर उसके खिलाफ 107 की कार्रवाई की जाए। साथ ही वैसे तत्वों की पहचान कर एक लिस्ट बनाई जाए और उस पर पैनी नजर रखी जाए। जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभाग शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण दुर्गा पूजा आयोजन के मद्देनजर आपसी समन्वय के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी थाना वार शांति समिति की बैठक अनिवार्य रूप से कर ली जाए। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पूजा में किसी भी तरह की बाधा डालने वाले असामाजिक तत्वों को बक्शा नहीं जाएगा।निर्देश दिया की पूजा समितियां के साथ आवश्यक रूप से बैठक कर लेंआम नागरिकों का सहयोग प्राप्त करें बैठक में निर्देश दिया गया कि किसी भी सूरत में डीजे का प्रयोग वर्जित होगा।सभी पूजा समितियों को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। सभी थानाध्यक्ष तथा प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा रूट का वेरिफिकेशन किया जाना अनिवार्य है। सभी पंडालों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरा का अधिष्ठापन हो।अग्नि शमन का पुख्ता प्रबंध हाल में सुनिश्चित हो। वही एसपी ने तमाम थानाध्यक्षों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि विधि व्यवस्था को हर हाल में कायम करने के लिए सभी पुलिस पदाधिकारियों को अपनी थाना क्षेत्रों में गश्ती तेज करना है।साथ ही असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्ती से कारवाई का भी निर्देश दिया।उन्होंने निर्देश दिया कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर पैनी नजर रखें।अफवाह फैलाने वाले तत्वों को चिन्हित करते हुए कठोर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि थानावर गुंडा तत्वों को चिन्हित करते हुए विधि समस्त कठोर कार्रवाई करें।

**लाउडस्पीकर की अनुमति संबंधित एसडीओ देंगे**: रात 10 बजे के के बाद लाउडस्पीकर बजाने की अनुमति नहीं होगी ।सभी थानेदार संवेदनशील स्थलों पर नजर रखें। बैठक में अपर समाहर्ता जिला, भुअर्जन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, तीनों अनुमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी, नगर आयुक्त, पुलिस विभाग के वरीय पदाधिकारीगण , जिला जन संपर्क अधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## रंगदारी नही देने के कारण दिनदहाड़े गोली चलाने की घटना से मचा हड़कंप



**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा**। जिले में आसमान छूती जमीन की कीमत बढ़ने के कारण भूमि विवाद की समस्या दिनानुदिन बढ़ती ही जा रही है। वहीं जमीन विवाद के कारण मुकदमों का अंबार लगा हुआ है। साथ ही भू माफियाओं द्वारा आए दिन नए-नए कांड को अंजाम दिया जा रहा है। वहीं अब तक जमीन विवाद में भू माफियाओं द्वारा दर्जनों हत्याएं हो चुकी है लेकिन भू विवाद की समस्या सुलझने का नाम ही नहीं ले रहा है हालांकि प्रशासन के द्वारा भूमि विवाद को सुलझाने के लिए प्रत्येक थाने में शनिवार को अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी के द्वारा जनता दरबार भी आयोजित किया जा रहे हैं लेकिन भू माफिया अपनी करतूत से बाज नहीं आ रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को सदर थाना क्षेत्र के महावीर चौक स्थित सुनील टेकरीवाल की जमीन पर चल रहे निर्माण कार्य को रंगदारी नहीं देने के कारण बाउंड्रीवाल को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। वही दहशत फैलाने की नियत सें छह से सात राउंड गोली फायर किया गया। दिन के 2:00 बजे गोलीबारी की घटना से स्थानीय लोगों में हडकंप मच गया। वहीं अपराधियों ने सभी मजदूरों को काम बंद कर भगा दिया गया।सदर थाना में दिए गए आवेदन में अनीता टेकरीवाल ने कहा की गुरुवार को महावीर चौक स्थित अपने खतिहानी बंटवारा के हिस्से की जमीन को चार दिवारी का निर्माण करवा रही थी। जिसे बटराहा निवासी गोल्डी कुमार पिता स्वर्गीय विनोद मंडल तथा सौर बाजार निवासी गौरव कुमार उर्फ छोटू यादव पिता भूपेंद्र यादव, राजन राउत पिता रामचंद्र राउत एवं 5 -7 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मेरे चार दिवारी को पूरी तरह तोड़कर गिरा दिया। जिसके कारण एक लाख से अधिक का नुकसान हो गया। वही सीमेंट तथा राजमिस्त्री के औजार को भी लो लूट लिया। जिससे करीब 50 हजार का नुकसान हो गया।

## रोजगार मांग को ले अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने का निर्णय



**चतरा**। आम्रपाली कोल प्रबंधन से हक अधिकार व रोजगार मांग को लेकर गुरुवार को रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक टंडवा टाउन हॉल में किया गया। बैठक की अध्यक्षता लखन साहू व संचालन गणेश कुमार प्रसाद ने किया। बैठक में आंदोलित रैयतो ने प्रबंधन के दोगली नीति पर कई सवाल उठा कर विरोध किया। रैयत विस्थापित मोर्चा विगत दो महीनो से आंदोलित है। प्रबंधन ने रैयतों के साथ वार्ता कर मूलभूत सुविधा सहित रोजगार उपलब्ध कराने पर लिखित आश्वासन दिया था। आश्वासन के कुछ दिन बीत जाने बाद प्रबंधन रोजगार और मूलभूत सुविधा से मुकर कर गंभीर नहीं दिखीई दि। जिससे रैयतो में काफी आक्रोश है। प्रबंधन के उदासीन रवैया को देखते हुए रैयतों ने रैयत विस्थापित मोर्चा के बैनर तले मनोज चंद्रा जी के नेतृत्व में आगामी 27 अक्टूबर को सर्वसमिति से प्रबंधक कार्यालय के समीक्ष अनिश्चितकालीन धरनाप्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। साथ ही आंदोलन को धारदार एवं सफल बनाने के लिए विस्थापित प्रभावित गांवों मे बैठक कर प्रचार प्रसार के माध्यम से रैयतों को जागरूक करने का निर्णय लिया है। बैठक में लखन प्रसाद, अनिरुद्ध साहू,चंद्रदेव साहू, जागेश्वर दास, मोहम्मद आशिक, रमन पासवान, प्रकाश यादव, गोलू यादव, धीरज साहू, रामलाल उरांव,जयराम उरांव, सूदन गंझू, राजू साव, प्रकाश ठाकुर, कौलेश्वर साव, रूपलाल साहू,अमीन, अलकु यादव, सुरेश साहू समेत विस्थापित प्रभावित क्षेत्र के सैकड़ो पीड़िता रैयत उपस्थित थे।

## रामनगर में चला अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन का बुलडोजर



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा**। बगहा अनुमंडल के रामनगर के चर्चित अंबेडकर चौक के समीप नरकटियागंज जाने वाली मुख्य सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमणकारियों द्वारा कई दशकों से अतिक्रमण कर लिया गया था। जिसे विभागीय निर्देश के आलोक में गुरुवार को नगर कार्यपालक पदाधिकारी ऋषिकेश अवस्थी, दंडाधिकारी प्रतिनियुक्ति राजस्व कर्मचारी कुंदन कुमार तथा पुलिस जिला बगहा से भारी पुलिस बल महिला तथा पुरूष दोनों की तैनाती गई थी। साथ ही मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ऐश्वर्य चौबे भी मौके पर तैनात रहे। नप के समस्त कर्मचारियों के सहयोग से अतिक्रमण को हटाया गया। कहा जाता है कि बकरे की अम्मा कब तक खैर मनाएगी कहानी चरितार्थ साबित हुई। हालांकि प्रशासन को थोड़ी बहुत अतिक्रमणकारियों का विरोध का सामना करना पड़ा। लेकिन इसके बावजूद भी प्रशासन अपने काम में चुस्ती से डटी रही और प्रशासन का बुलडोजर गरजते हुए नरकटियागंज जाने वाली मुख्य सड़क के दोनों तरफ हुए अतिक्रमण को मुक्त किया। ईओ अवस्थी ने बताया कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण कर अवैध रूप से दुकान बना लिया गया था। जिससे आवागमन में लोगों को काफी समस्या उत्पन्न हो रही थी। खासकर जब शुगर मिल शुरू होता था। उस समय काफी जाम की समस्याओं से लोग जूझते थे। इस संदर्भ में खुलासा करते हुए ईओ ने बताया कि अतिक्रमणकारियों को पूर्व में कई बार कार्यालय द्वारा अतिक्रमण हटाने हेतु नोटिस निर्गत किया गया था। बावजूद इसके उनके द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया था। इधर दुकानदारों की माने तो उनका कहना है कि हम लोगों के छोटे-छोटे बच्चे हैं और हमारा जीवन यापन का यही एक मुख्य स्रोत था। अब घर परिवार कैसे चलेगा। सभी दुकानदारों ने ईओ से गुहार लगाई कि हमें दुकान लगाने हेतु कहीं आश्रय दिया जाए। जिससे हमलोगों के परिवार का भरण पोषण हो सके। इस मौके पर स्थानीय प्रशासन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नंदजी प्रसाद, पुलिस इन्स्पेक्टर सह रामनगर थानाध्यक्ष अनंत राम, एसआई मनोज प्रसाद समेत पुलिसकर्मियों की भारी तैनाती रहे।

### दस हजारी कुश्ती में विनय व महिला पहलवान निधि रही विजई



**वाराणसी, इन्द्र कांत संवाददाता दैनिक शुभ भास्कर**। कछवारोड मिर्जामुराद क्षेत्र के बिहड़ा गांव में गुरुवार को कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया जिसमें कुल 45 जोड़ी कुश्तियों में पहलवानो ने जोर अजमाइस किया।15 हजार रुपए की कुश्ती जौनपुर के निगम पहलवान एवं चंदौली के सदानंद बीच बराबरी पर छुटी।दस हजार की कुश्ती वाराणसी के विनय पहलवान ने गाजीपुर के राजेश पहलवान को हराकर इनाम जीता इसके अलावा दर्जनों पहलवानो ने कुश्ती दंगल में जोर अजमाइस किया।वही निधि ठठरा व तनु लख़नऊ के बिच हुई कुश्ती में निधि विजई रही।दंगल का उद्घाटन सपा जिलाध्यक्ष सुजीत यादव उर्फ लक्कड़ पहलवान व चौकी प्रभारी कछवांरोड अतुल मिश्रा ने अखाड़े में पहलवानों का मिलवाकर किया। दंगल समिति के राजू यादव, आशा यादव, मुन्ना यादव, प्रधान कमलेश यादव, लाल बहादुर यादव ,लाल यादव व शाहिद समेत अन्य समिति के पदाधिकारियो ने आये हुए अतिथियों का यथार्थ गीता देकर स्वागत किया।

### डीसीपी के निर्देश पर मिशन शक्ति (शक्ति दीदी) के तहत छात्राओं व आशाओं को किया गया जागरूक



**वाराणसी**। मिर्जामुराद महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के लिए शुरू किए गए अभियान मिशन शक्ति (शक्ति दीदी) के तहत गुरुवार को बेनीपुर (मुबारकपुर) गांव स्थित भारतीय शिक्षा निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व बेनीपुर गांव स्थित आयुष्मान भारत आरोग्य स्वास्थ्य केंद्र पर मौजूद आशाओं को जागरूक किया गया। मिर्जामुराद थाना के मिशन शक्ति व एंटी रोमियो व बाल कल्याण अधिकारी एसआई बलराम पाठक व महिला आरक्षी सोनी ने छात्राओं को जागरूक करते हुए सहायता हेतु शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर 1090, 112, 1076, 1098 व 108 की विस्तृत जानकारी व साइबर अपराधों से बचने व सतर्क रहने के लिए 1930 हेल्प लाइन नंबर का उपयोग करने की जानकारी दिया गया। वही छात्राओं को बताए कि अगर रास्ते में विद्यालय आते-जाते कोई भी लड़का परेशान करता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को बिना डरे दे पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई करेगी। एसआई बलराम पाठक ने बताया कि डीसीपी गौतमी जोन प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन पर छात्राओं व आशाओं को जागरूक किया गया है। वही बलराम पाठक ने बताया कि विद्यालय के आसपास सौ मीटर के अंदर मौजूद पान गुटका के दुकानों का नशा मुक्त अभियान के तहत चालान भी किया गया।इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता वर्मा, अध्यापिका पूनम सिंह, संगीता सिंह, अनामिका व अध्यापक रहमान व निमेश मौजूद रहे।

### छपरा में शिक्षा के मंदिर में प्राचार्य बनने को लेकर हुआ विवाद मारी गोली, दो घायल



**दैनिक शुभ भास्कर, छपरा ब्यूरो पवन कुमार सिंह**। जलालपुर प्रखंड के सूर्य देव सिंह इंटर कॉलेज में गोली लगने से 2 शिक्षक घायल हो गए दोनो शिक्षकों को प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया मौके पर मौजूद चिकित्सक ने नाजुक स्थिति देखते हुए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया, घायल शिक्षक भगवान बाजार थाना क्षेत्र के नैनी गांव निवासी अरविंद कुमार और रामपुर गांव निवासी जागेश्वर कुमार बताएं जाते हैं इस संबंध में कॉलेज के प्राचार्य सुनील कुमार ने जलालपुर थाने में आवेदन देकर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य के पुत्र रवि रंजन कुमार सिंह उर्फ कुणाल सिंह, उसके भाई मनमीत व दुर्गेश सिंह और पिता वह पूर्व प्राचार्य योगेंद्र नाथ सिंह को नामजद करते हुए प्राथमिक की दर्ज कराई है , दर्ज प्राथमिकी में सुनील कुमार ने कहा कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा निर्धारित माहवारी परीक्षा चल रही थी तभी पूर्व प्राचार्य के पुत्र स्कॉर्पियो से अंदर आए और पिता के कहने पर मारपीट करने लगे साथ ही गोली चला दिए जिसमें कॉलेज के दो शिक्षक घायल हो गए हैं जिनकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

### गांगेय डॉल्फिन के लिए किया जागरूक



**वाराणसी**। गांगेय डॉल्फिन के संरक्षण के लिए जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से 5 अक्टूबर को राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस के अवसर पर नमामि गंगे ने राजघाट पर मछुआरों सहित नागरिकों को प्रेरित किया। डॉल्फिन के संरक्षण के लाभ के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करना और संरक्षण के प्रयासों में मछुआरों सहित अन्य लोगों की भागीदारी अनिवार्य करने पर बल दिया गया। राजघाट पर गंगा किनारे की सफाई की गई। गंगा को प्रदूषण मुक्त रखने की अपील की गई। डॉल्फिन के चित्र के साथ जागरूक करते हुए नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि डॉल्फ़िन एक स्वस्थ जलीय पारिस्थितिकी तंत्र के एक आदर्श संकेतक के रूप में कार्य करती हैं, इस प्रकार डॉल्फ़िन का संरक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसा करने से न केवल प्रजातियों के अस्तित्व को लाभ होगा बल्कि उन लोगों को भी मदद मिलेगी जो अपनी दैनिक आजीविका के लिए जलीय प्रणाली पर निर्भर हैं। बताया कि गंगा नदी की डॉल्फिन को 2009 में राष्ट्रीय जलीय प्रजाति घोषित किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2020 में लाल किले की प्राचीर से डॉल्फिन के संरक्षण के लिए 'प्रोजेक्ट डॉल्फिन' की घोषणा की थी। आयोजन में प्रमुख रूप से नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला, महानगर सहसंयोजक बीना गुप्ता, महानगर प्रभारी पुष्पलता वर्मा, सीताराम, राधेश्याम केसरी, सुगम मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### नानपुर थाना कांड संख्या 66 / 22, के अभियुक्त अभी तक फरार

**अबरार नोमानी सीतामढी**। नानपुर थाना क्षेत्र के कोईली ग्राम के साजिद अनवर ने एस पी सीतामढी से आवेदन देकर कहा है कि मेरे बड़े भाई मो० दिलकश खान अधिवक्ता के उपर 14.02.2022 को कातिलाना हमला किया गया था इस संबंध में नानपुर थाना कांड सं 66/22 दर्ज कराया गया! इस कांड के चार अभियुक्तगण 1 एहनाज खान 2 दिलकश खान 3 मुश्ताक आलम 4 आशिफ खान अभी भी बिना जमानत के ही पुलिस के मेल से खुलेआम घुम रहा है माननीय उच्च न्यायालय पटना से CRI. MISC. NO-23787/22 के द्वारा 13.07.23 को उक्त अभियुक्तों का अग्रीम जमानत याचिका खारिज किया जा चुका है उसक बावजूद नानपुर थाना अध्यक्ष के अभियुक्तों के मेल मे रहने के कारण न गिरफ्तारी हुई है और न ही कुर्की जप्ति पूनः अभियुक्तों के द्वारा मेरे चाचा इंतेखाब आलम खान के मारबल / टाइल्स के दूकान पर 14.01.2023 को कातिलाना हमला किया गया घटना cctv कैमरा में कैद है इस संबंध में 14.01.23 को नानपुर थाना कांड सं० 21 / 23 दर्ज कराया गया है मगर अब तक किसी की गिरफ्तारी नही हुई हे अभियुक्त बिना जमानत के ही पुलिस के मिलीभगत से खुलेआम घुम रहे है। 30.09.23 को उक्त कांड के अभियुक्त को नानपुर थाना की पुलिस के साथ देखा गया है। जिसका विडियों शोसल मिडिया पर चल रहा है उक्त काड के अभियुक्तों के द्वारा मुझे केस उठाने के लिये तरह तरह से धमकाया जाता है साजिद अनवर ने ने पुलिस अधिक्षक से मांग किया है कि उक्त कांड के अभियुक्तों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए।

**उपलब्धि** डॉ शहाबुद्दीन की मौत के बाद से मुसलमानों की हो रही है उपेक्षाः मशकूर अहमद/सैफुल इस्लाम

# आबादी के अनुपात में मुसलमानों की हिस्सेदारी सुनिश्चित करे सरकारः नजरे आलम



**मधुबनी संवाददाता**। जाति आधारित जनगणना को रोकने की बीजेपी की साजिशों के बावजूद बिहार की महागठबंधन सरकार ने इस काम को पूरा कर इसका डेटा जारी कर दिया है, जो नीतीश कुमार और उनकी सरकार की बड़ी उपलब्धि है। ये विचार व्यक्त करते हुए ऑल इंडिया मुस्लिम बेदारी कारवाँ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नजरे आलम ने कहा कि इस सर्वे से यह स्पष्ट हो गया है कि किसकी कितनी जनसंख्या है और सरकारी संसाधनों से लाभ किसे मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस जनगणना ने राज्य में मुसलमानों की आबादी को भी स्पष्ट कर दिया है, क्योंकि इसका उद्देश्य आबादी के विभिन्न वर्गों के बारे में सटीक जानकारी प्राप्त करना और उसके अनुसार सरकारी योजनाएं बनाना है, इसका मुसलमानों को भी फायदा मिलना चाहिए और जनसंख्या के अनुपात में मुसलमानों के लिए भी सरकारी योजनाएं बननी चाहिए। श्री नज़रे आलम ने कहा कि आजादी के बाद से मुसलमानों को उनके अधिकारों से वंचित रखा गया है, लेकिन उनके मुंह भराई का ढ़िंढ़ोरा खुब पीटा गया।पार्लियामेंट और विधानसभाओं से लेकर नौकरियों तक में उनके साथ भेदभाव किया गया और हर जगह उनका प्रतिनिधित्व कम करने की कोशिश की गई।इसलिए, अब समय आ गया है कि मुसलमानों को भी आबादी के अनुपात में उनका हिस्सा मिलना चाहिए और उन्हें उनके वैध अधिकारों से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। मुसलमानों को भी अन्य वर्गों के साथ साथ उनका अधिकार दिया जाना चाहिए। बिहार शरीफ निवासी सामाजिक कार्यकर्ता मशकूर अहमद ने कहा कि जाति आधारित जनगणना करा कर नीतीश कुमार ने यह सबूत दे दिया है कि वह बिना भेदभाव के सभी वर्गों को लाभ पहुंचाना चाहते हैं और हर वर्ग को उसका हक दिलाना चाहते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री मुस्लिमों को भी उनकी आबादी के अनुपात में उनका हक दिलायेंगे। उन्होंने कहा कि इस जनगणना से यह स्पष्ट हो गया है कि आजादी के 75 साल बाद भी कुछ वर्ग और मुट्ठी भर लोग सरकारी संसाधनों पर कब्जा जमाए बैठे हैं और कमजोर वर्गों को उनके अधिकारों से वंचित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी इस बात से सबसे ज्यादा चिंतित है क्योंकि वह कुछ वर्गों को लाभ पहुंचाने में विश्वास करती है और इसलिए वह नहीं चाहती थी कि यह काम पूरा हो और उसने इसे रोकने के लिए हरसंभव कोशिश भी की थी। बलाई (बीरौल) के सामाजिक कार्यकर्ता सैफुल इस्लाम सरवर ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि धर्म का राजनीतिकरण करने वाली भाजपा ने जाति आधारित जनगणना के पूरा होने के बाद विपक्षी दलों पर जाति की राजनीति करने का आरोप लगाने लगी है। उन्होंने बिहार सरकार और केंद्र की मोदी सरकार से अन्य समुदायों के साथ-साथ मुसलमानों की भी हिस्सेदारी सुनिश्चित करने की मांग की।

## अलवर जिले में बागेश्वर बाबा के आने पर 6 से 8 अक्टूबर तक रूट डायवर्ट

**दैनिक शुभ भास्कर पप्पन सेनअलवर राजस्थान**। **अलवर**। अलवर स्थित लोहिया का तिबारा पर 6 से 8 अक्टूबर तक बागेश्वर धाम धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री हनुमंत कथा व दिव्य दरबार का आयोजन करेंगे। इस आयोजन में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की आने की संभावना है अतः आने वाले श्रद्धालुओं एवं आमजन की सुविधा के लिए यातायात व्यवस्था बनाये रखने के लिए निम्नलिखित व्यवस्था की गई है । दिनांक 05.10.2023 अलवर शहर मे प्रातः 6.00 बजे से हनुमंत कथा की कलश यात्रा के आयोजन के दौरान अलवर शहर मे प्रवेश करने वाले वाहनों का रूट डायवर्जन इस प्रकार रहेगा बस स्टैंड से मन्नी का बड़ की तरफ आने वाले वाहनों का रूट मनुमार्ग तिराहा से ज्योतिबाराव फूले सर्किल की तरफ व पुलिस कन्ट्रोल रूम से होप सर्कस की तरफ जाने वाले वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा व त्रिपोलिया की तरफ से होपसर्कस आने वाले वाहनो का प्रवेश निषेध रहेगा व एनईबी 60 फुट रोड (रूट डायवर्जन) मण्डी मोड (रूट डायवर्जन) जेल चौराहा से डायवर्ट होकर कला कालेज के सामने से पुलिया के नीचे रेलवे स्टेशन काली मोरी से संचालन रहेगा । कथा में आने वाले वाहनो के अतिरिक्त अन्य वाहनो के लिए दिनांक 06.10.2023 को प्रातः 10.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक, दिनांक 07.10.2023 को प्रातः 08.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक व दिनांक 08.10.2023 को प्रातः 07.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक यातायात व्यवस्था निम्न प्रकार रहेगी। कथा स्थल पर जाने वाले वाहनों के अलावा शेष वाहनों का हनुमान सर्किल, मन्नाका मोड, नमन होटल के पास सूर्य नगर कट, अम्बेडकर नगर के दोनो कट भूगोर बाईपास तिराहा से लोहिया तिबारा की तरफ जाने वाले रास्तो पर प्रवेश पूर्णत बन्द रहेगा। अलवर से भरतपुर की तरफ जाने वाले वाहनों को वाया मालाखेडा से लक्ष्मणगढ़ होकर भरतपुर के लिए डायवर्ट किया गया है। भरतपुर से अलवर आने वाले वाहन भी इसी रूट का उपयोग करे। अलवर से दिल्ली की तरफ जाने वाले वाहनो को किशनढबास, तिजारा, भिवाडी हाईवे से होकर डायवर्ट किया गया है।

## ख़ास ख़बर

### मिथिला स्टूडेंट यूनियन की बैठक



**दरभंगा से दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुमित झा**। मिथिला स्टूडेंट यूनियन की बैठक लहेरियासराय स्थित एमएसयू कार्यालय में हुई। इस बैठक में अविनाश सहनी को नगर अध्यक्ष बनाया गया। बैठक मे उपस्थित जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार झा ने बधाई देते हुए कहा दरभंगा नगर में संगठन को मजबूत किया जायेगा। थोरी सी बारिश में शहर जल जमाव का शिकार हो जाता है, कई वार्डों में पानी की समस्या गंभीर बनी हुई हैं वही नगर अध्यक्ष अविनाश सहनी ने कहा कि कई वार्डों में अभी तक नल जल योजना नहीं आया है, आने वाले दिनों में लोक आस्था का महापर्व छठ होने वाला है लेकिन अभी तक दरभंगा नगर क्षेत्र अंतर्गत कई वार्डों के तालाबों का साफ़ सफ़ाई नहीं हुआ है जल्द ही संगठन नगर निगम प्रशासन के खिलाफ़ मोर्चा खोलेगा।

### आठ माह में फटा राजपुर तुमकड़िया बना सौदागृह का फर्स



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता नरकटियागंज**। प्रखंड अंतर्गत विकास योजनाओं में धड़ल्ले से मनमानी वरती जा रही है। ताजा मामला प्रखंड के राजपुर तुमकड़िया पंचायत का है जहां पंचायत स्तर पर किए जा रहे विकास कार्यों में किस कदर अनियमितता बरती जा रही है, इसका बयां वार्ड संख्या- 13 में किए गए सौदागृह और उसके साथ लगाए गए पेवर ब्लॉक स्वतः कर दे रहा है। यह योजना करीब आठ माह पहले 15 वी वित्त आयोग के माध्यम से छह लाख 73,363 की लागत से बनाई गयी है। लेकिन आठ माह में ही इस शवदाह गृह का फर्श दरक गया है और पेवर ब्लॉक धस गया है। ऐसे में लाखो की लागत से बनी इस शवदाह गृह के फर्स का दरक जाना, पेवर ब्लॉक का धस जाना अपनी गुणवक्ता का प्रमाण स्वतः दे रहा है। इस संदर्भ में बीडीओ सतीश कुमार ने बताया कि यह जाच का बिषय है। पंचायत सचिव व जेई को जाच के लिए निर्देश दिया जा रहा है।

### अमृत कलश यात्रा : मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत 65 वीं वाहिनी एसएसबी ने किया अमृत कलश यात्रा का आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा**। 65वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के द्वारा गुरुवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत हर गाँव से इकट्ठा किए गए मिट्टी को राज्यों के राजधानी तथा नई दिल्ली ले जाने के लिए वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट अच्युत सिंह के मार्गदर्शन मे निरीक्षक सामान्य उदय सिंह की अगुआई मे बल कर्मियों के द्वारा प्रखण्ड कार्यालय भितहां तथा ठकराहा मे पहुँच कर मिट्टी को मिश्रित करने के लिए कार्यक्रम किया। इस कार्यक्रम मे वाहिनी के बल कर्मियों के अलावा उक्त प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा कर्मी मौजूद थे जिन्हे अमृत कलश सुपुर्द किया गया । भारत सरकार की महत्वाकांछी योजना मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत अमृत कलश यात्रा जो गाँव से शुरू होकर प्रखण्ड स्तर और राज्यों के राजधानी होते हुए नई दिल्ली पहुंचेगी । इस यात्रा के द्वितीय चरण मे 65वी वाहिनी के द्वारा गाँवों के हर घर से इकट्ठा किए गए चावल/मिट्टी को एक साथ मिलाया जा रहा है जिससे मिश्रित कलश को आगे ले जाया जा सके।

### ग्रामीण बैंक ने मनाया ग्राहक जागरूकता सप्ताह



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो बेतिया**। साठी में उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक के ब्रांच मैनेजर प्रवीण कुमार ने कहा कि बैंक अब सीधे ग्राहकों के साथ जुड़ने के लिए तत्पर है इसी के उद्देश्य से बैंक जागरूकता शिविर का आयोजन कर रहा है जहाँ पर सीधे ग्राहकों के साथ संवाद आदान-प्रदान हो रहा है उक्त बातें वे गुरुवार को मुशहरी अजय चौक पर आयोजित ग्राहक जागरूकता शिवर को संबोधित कर रहे थे इस दौरान उन्होंने बताया कि उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक के तत्वाधान में पूरे सूबे में विभिन्न जगहों पर 5 अक्टूबर से 5 नवंबर तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है इसमें सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी के साथ बीमा का भी जानकारी दिया जा रहा है शाखा प्रबंधक श्री कुमार ने बताया कि ग्राहक बैंक से किसी भी लाभकारी योजना का लाभ उठाने के लिए बिचौलियों का सहारा नहीं ले सीधे बैंक से जुड़ने का काम करें किसान क्रेडिट कार्ड मुद्रा लोन व्यापार लोन आवास लोन के अलावा कई तरह की योजनाएं बैंक ग्राहकों को सीधा लाभ पहुंचा रही है वही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अटल पेंशन योजना रुपए डेबिट कार्ड योजना आदि के, विषय में विस्तृत जानकारी दी मौके पर डिस्ट्रिक्ट को ऑर्डिनेटर आशीष पांडे , ग्रामीण बैंक साठी के सहायक अनूप अभिराज रिया जयसवाल, अनीश श्रीवास्तव, बी सी शाहिद आलम, बी सी अनुज कुमार राव ,बीसी हिमांशु आनंद, संतोष कुमार के अलावा सेवानिवृत शिक्षक बाबूलाल तिवारी विनय ठाकुर हीरा साह, बलिराम रावत बलिराम दास महिमा शाह मकसूदन तिवारी अमरेश तिवारी रिपसूदन तिवारी पारस शाह आदि मौजूद रहे।

# किशनगंज सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय की बैठक





**किशनगंज, (अली रेजा सिद्दिकी)**। डॉ मोहम्मद जावेद सांसद-सह-अध्यक्ष, जिला विकास समन्वय समिति (दिशा) के द्वारा बैठक में जनप्रतिनिधियों तथा पदाधिकारियों के तालमेल से सभी महत्वपूर्ण योजनाओं में जनभागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। जिला परिषद, सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय समिति (दिशा) की बैठक में अध्यक्षीय संबोधन कर रहे थे। किशनगंज सांसद डाक्टर जावेद ने कहा कि दिशा विकास योजनाओं के कार्यान्वयन की एक महत्वपूर्ण माध्यम है। तंत्र को जनोपयोगी एवं प्रभावी बनाने में इस बैठक की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। इससे प्रशासन व जन प्रतिनिधियों में समन्वय स्थापित करने में सहायता प्राप्त होती है एवं विकास की प्रक्रिया को अपेक्षित गति मिलती है। उन्होंने कहा कि आपसी समन्वय विकास के कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हम सबको मिलजुलकर समस्याओं का निदान करना चाहिए। इस अवसर पर सदस्य-सचिव, जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति-सह-जिला पदाधिकारी, किशनगंज,तुषार सिंगला ने सांसद-सह-अध्यक्ष, दिशा एवं अन्य उपस्थित जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि माननीय सांसद-सह-अध्यक्ष, दिशा के मार्गदर्शन से हमसब में एक नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार होता है। इससे जिले के विकास को नया आयाम मिलता है। उन्होंने सभी माननीय जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि दिशा की बैठक नियमित रूप से तीन माह में होती है,जो केंद्र प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा का बेहतर मंच है। उन्होंने कहा कि जिले के विकास में सभी माननीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग अपेक्षित है। हमसभी समाज के हर व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। समेकित प्रयास से सुगमता से लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बैठक में उठाए जाने वाले मुद्दों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही, जनप्रतिनिधियों के लोककल्याणकारी सुझाव को आत्मसात करते हुए उसे क्रियान्वित किया जाएगा। गौरतलब हो कि बैठक की शुरुआत बिहार गीत के साथ की गई। सभी सदस्य गीत के सम्मान में खड़े रहें। बैठक में स्थानीय विभिन्न मुद्दों पर विमर्श हुआ। सांसद डॉ मोहम्मद जावेद ने जिले में विभिन्न सब्जी (मशरूम आदि) की खेती पर जोर दिया।साथ ही उपस्थित माननीय विधायक गण ने पोठिया पंचायत अंतर्गत जहांगीरपुर में बने पुल की ऊंचाई अधिक होने तथा अप्रोच की ढाल अधिक होने के कारण दुर्घटना की ज्यादा संभावना होने का मुद्दा लाया गया। तदनुसार प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत ग्रामीण कार्य प्रमंडल 2 के कार्यपालक अभियंता को इसकी स्थिति रोकने एवं इस पर ध्यान देने का निदेश दिया है । उन्होंने किशनगंज के विभिन्न प्रखंड की सड़क की समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि जर्जर सड़को को रिपेयरिंग करना अति आवश्यक है। सिंचाई से संबंधित कार्य के लिए उत्पन्न समस्याओं को ठीक कराने एवं पंप की आधुनिक सुविधाओं को जल्द से जल्द ठीक कराने का भी निर्देश दिया गया। अटल मिशन फॉर रिजर्वेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉरमेशन (अमृत ) के जल मीनार से पानी की आपूर्ति नहीं होने का मामला प्रकाश में लाया गया है। विशेषकर किशनगंज शहरी क्षेत्र के वार्ड संख्या 31 और 32 के पेयजल में आयरन एवं स्वस्थ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्य योजनाओं में माननीय सांसद द्वारा टेढ़ागाछ प्रखंड अंतर्गत समेत अन्य उप स्वास्थ्य केंद्र का भवन व स्वास्थ्य कर्मियों के अपेक्षित संख्या में पदस्थापन नहीं होने के संबंध में सदन को अवगत कराया गया। तदनुसार असैनिक शल्य चिकित्सक - सह- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी किशनगंज को इस पर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा अंतर्गत माननीय सांसद के द्वारा सभी प्रखंडों में शिक्षक की कमी,विद्यालय भवन अनुपलब्धता, सीमांकन, भवन मरम्मती सुनिश्चित कराने तथा विद्यालय प्रबंधन समिति की नियमित बैठक का निर्देश दिया गया।

### ग्राम पंचायत को संविधान में निहित अधिकार मिलने तक जारी रहेगा आंदोलनः-राजीव चौधरी



**दरभंगा से दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुमित झा**। आज दरभंगा जिला मुखिया महासंघ की बैठक जिला अध्यक्ष राजीव कुमार चौधरी की अध्यक्षता में पोलो मैदान लहेरियासराय स्थित धरना स्थल पर हुई। जिसमें सर्वसम्मति से 10 अक्टूबर को पटना में आयोजित संविधान बचाओ पंचायत बचाओ महाधरना सह राजभवन मार्च में हजारों हजार की संख्या में दरभंगा से सभी पंचायत प्रतिनिधियों और आम जनता को गोल बंद कर भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु की गई। जिसमें सभी प्रखंड अध्यक्ष व मुखिया गण मौजूद थे। बैठक में राजीव कुमार चौधरी ने कहा की संविधान के 73वीं संशोधन को अक्षरशः लागू करने, प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम जोड़ने, पंचायत के योजना को बेचना बंद करने, पंचायत को पंचायत सरकार भवन को वापस करने, मनरेगा को पंचायती राज के तर्ज पर भुगतान लागू करने सहित 19 सूत्री मांगों को जब तक सरकार पूरा नहीं करती है। तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। इस बीच हम सभी मुखिया गण जनता के हितों में अपने पंचायत में रहकर जनता का सेवा करते हैं। मगर सरकार के कार्यक्रमों से हम दूरी बनाए हुए हैं और सभी सरकारी कार्यक्रम व आदेश का बहिष्कार करते हैं। सरकार को हम झुका कर अपने सभी मांगों को लागू करवाएंगे।

### एक और सम्मान वांछित फाउंडेशन के नाम




बाहरी दिल्ली नरेला क्षेत्र में सामाजिक संस्था हमारी मेहनत फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम सपनों की उड़ान जिसमें मुख्य महिला सशक्तिकरण एवं पर्यावरण संरक्षण की जागरूकता पर जोर डाला गया। हमारी मेहनत फाउंडेशन की अध्यक्षया श्रीमती सुषमा गौतम जी की टीम ने आए हुए सभी मेहमानो का आदर सम्मान और पुरस्कार से सम्मानित किया।वांछित फाउंडेशन की पूरी टीम डॉ .एस. पी .जून जी का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करती है कि उन्होंने इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में निमंत्रित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाज कल्याण एवं वृद्ध जनों की सेवा और अनाथ बच्चों को सही मार्ग दिखाने वाली (टीम वांछित फाउंडेशन) को भी बुलाया संस्थापिका - सुनीता मेहरोत्रा के साथ उनकी टीम के कई पदाधिकारी और कुछ कर्मठ लोग भी शामिल हुए। (नीरज मान, नेहा सिंह, बबली मान, विजय भारद्वाज मीना यादव, साक्षित मेहरोत्रा, दिव्यांशी) इन सभी पदाधिकारियों और कर्मठ सहयोगियों के साथ की वजह से ही वांछित फाउंडेशन सिर्फ दिल्ली ही नहीं अन्य कई राज्यों में भी सेवा करके अपनी पहचान बनता जा रहा है। आज दिल्ली की हर छोटी बड़ी संस्था वांछित फाउंडेशन को उनके सेवा कार्यों की वजह से जानती है। आदरणीय संस्थापिका सुनीता मेहरोत्रा जी का कहना है हम समाज कल्याण के लिए हमेशा तत्पर रहकर कार्य करते रहेंगे देश के किसी भी कोने में जरूरतमंद लोगों को जब भी हमारी जरूरत होगी हम हमेशा उनकी मदद करेंगे। डॉ. एस. पी. जून जी, व अरुण आर्य जी ने फ्रीडम ब्लड बैंक द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया और भारी संख्या में रक्तदान हुआ फ्रीडम ब्लड बैंक यमुना विहार दिल्ली की तरफ से ब्लड डोनेशन करने वाले दाता को उपहार स्वरूप में हेलमेट से सम्मानित किया गया एक बार पुनः डॉ. एस.पी जून व अरुण आर्य जी सुषमा गौतम जी का आभार व्यक्त करती हूं।

## माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण समिति की बैठक



**मोतिहारी, अशोक वर्मा**। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग,मोतिहारी के तत्वाधान में बुनियाद केंद्र सदर के सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी, मोतिहारी सदर की अध्यक्षता में माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई। प्रभारी सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा द्वारा माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण समिति के अधिनियम के बारे में जानकारी दी गयी । अनुमंडल पदाधिकारी, सदर द्वारा बैठक में आये सभी वरिष्ठ नागरिक को बताया गया कि प्रत्येक माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिक जो अपने निजी आय से भरण पोषण करने में असमर्थ है,वे अपने भरण पोषण का दावा कर सकते है. बच्चे/ उत्तराधिकारी द्वारा जीवन यापन का भार नहीं उठाने की स्थिति में भरण पोषण हेतु दावा भरण पोषण न्यायधिकरण अनुमंडल कार्यालय में आवेदन कर सकते है. भरण पोषण न्यायाधिकरण, माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिक को उसके बच्चे/उत्तराधिकारी द्वारा भरण पोषण भत्ते के रूप में 10000/ रुपए प्रति माह तक की राशि का भुगतान करने का आदेश दे सकते है . न्यायधिकरण को भरण पोषण सम्बन्धी आवेदन का निर्णय 90 दिनों के अन्दर करना अनिवार्य है . माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिक का परित्याग करना दंडनीय अपराध है जिसके लिए 3 माह का कारवाश अथवा 5000 रुपए तक का जुर्माना अथवा दोनों हो सकता है . माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिक अपने जान या सम्पति पर खतरा की स्थिति में जिला पदाधिकारी के कार्यालय में आवेदन दे सकते है. इस अधिनियम के नियम एवं शर्तो की अधिक जानकारी के लिए सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा ,पूर्वी चम्पारण ,मोतिहारी से संपर्क कर सकते है .प्रभारी सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा द्वारा सभी वरिष्ठ नागरिक एवं बुनियाद केंद्र के कर्मी से अनुरोध किया गया कि सभी लोग उक्त अधिनियम का प्रचार प्रसार अपने अपने क्षेत्र में करेंगे. अंत में सभी वरिष्ठ नागरिकों को समानित भी किया गया।

## जीमुतवाहन पुजा के लिए निकाली कलश शोभा यात्रा



**बेनीपट्टी, भदुली**। मिथिलांचल की प्रसिद्ध जितिया पूजा को लेकर बेनीपट्टी प्रखंड के परकौली पंचायत के रणटोल (भदुली) गांव में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, 151 कलश के साथ कन्याओं ने परकौली दुर्गा मंदिर स्थित तलाब से कलश में जल भरकर दुर्गा मंदिर की परिक्रमण करते हुए भदुली बम्होतरा होते हुए पूजा स्थल पर पहुंचकर कलश की स्थापना किया। यह तीन दिवसीय पूजा हर साल की भांति इस बार भी परकौली पंचायत के रणटोल भदुली गांव में मनाया जा रहा है इस गांव में लगातार 13 वर्षों से जितिया पुजा का आयोजन किया जा रहा हैं कलश शोभा यात्रा में जितिया पूजा समिति के अध्यक्ष दिनेश यादव सचिव राजेंद्र यादव, युवा राजद नेता समाजसेवी ओम प्रकाश यादव, विजय यादव रामवृक्ष यादव राजकुमार यादव दिलीप यादव लालू यादव श्याम सुंदर यादव कमलेश यादव गुलाब साह, दिलिप साह सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। जीमूतवाहन के नाम पर ही जीवित्पुत्रिका व्रत का नाम पड़ा है यह व्रत तीन दिनों की होती हैं पहला दिन महिलाएं सुबह तलाब पर स्नान के बाद झिमनी के पत्ता पर सरसों का तेल और खली चढ़ते हैं उसके बाद रात में चूड़ा दही की प्रसाद चढ़ाते हैं और अगले दिन निर्जला व्रत रखती हैं फिर तीसरे दिन पुजा के बाद इस व्रत का समापन होता हैं। पुत्र की रक्षा के लिए किया जाने वाला व्रत जीवित्पुत्रिका या जीमूतवाहन (जितिया) व्रत को लेकर ऐसी मान्यताएं हैं कि महिलाएं अपनी संतान की रक्षा और कुशलता के लिए निर्जला व्रत करती हैं।

### दयाल सिंह महाविद्यालय, डीयू के प्रो. विजय कुमार वर्मा का 9 अक्टूबर को मिथिला विश्वविद्यालय में ऐतिहासिक व्याख्यान



**दरभंगा से दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुमित झा**। विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग के कौटिल्य कक्ष में 9 अक्टूबर 2023 को "भारत-चीन के राजनीतिक संबंध" पर होगा विशेष व्याख्यान। लनामिवि दरभंगाः- मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरेंद्र प्रताप सिंह के अथक प्रयास का ही नतीजा है कि मिथिला विश्वविद्यालय भी राष्ट्रीय स्तर पर धीरे-धीरे ही सही लेकिन अब अपना छाप छोड़ने लगा है। इसी क्रम में इस बार दिल्ली विश्वविद्यालय के दयाल सिंह महाविद्यालय के शिक्षक प्रो. विजय कुमार वर्मा सुर्खियों में छाएं हुए हैं। आगामी 9 अक्टूबर 2023 को दोपहर 12 बजकर 15 मिनट से प्रो. वर्मा का मिथिला विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग के कौटिल्य कक्ष में "भारत-चीन राजनीतिक संबंध" पर ऐतिहासिक व्याख्यान आयोजित होने जा रहा है।इस बाबत पूछे जाने पर विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. मुनेश्वर यादव ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि हमारे आमंत्रण पर प्रो. वर्मा ने विशेष व्याख्यान के लिये सहर्ष अपनी स्वीकृति दी है। राजनीति विज्ञान विभाग अपने छात्र-छात्राओं व शोधार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिये प्रतिबद्ध है। हम अपने विभाग में एक से एक व्याख्यान का आयोजन कराते आ रहे हैं और आगामी भविष्य में भी कराने के लिये प्रतिबद्ध हैं। मिथिला विश्वविद्यालय के उप-परीक्षा नियंत्रक (तकनीकी व व्यावसायिक शिक्षा) सह विभाग के युवा व्याख्याता डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि माननीय कुलपति प्रो. सुरेंद्र प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व में मिथिला विश्वविद्यालय में नित्य नये-नये आयाम रच रहा है। माननीय कुलपति के दूरदर्शी सोच का ही नतीजा है कि मिथिला विश्वविद्यालय राष्ट्रीय पटल पर उभर कर आ रहा है। इसका ज्वलंत उदाहरण प्रो. वर्मा का हामी है।

प्रशिक्षण | संप्रेक्षण गृह में जिस प्रकार बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, वह काफी प्रशंसनीय है

# संप्रेक्षण गृह, हजारीबाग के बच्चों को फिर मिलेगा कौशल विकास प्रशिक्षण




**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग**। संप्रेक्षण गृह, हजारीबाग में आवासित किशोरों के लिए विशेष केन्द्रीय सहायता मद से इलेक्ट्रीकल एवं घरेलू उपकरण जैसे पंखे, फ्रिज, कुलर, वाशिंग मशीन, मिक्सी आदि के मरम्मती का तीस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन गौरव खुराना, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग के द्वारा किया गया। श्री खुराना ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि संप्रेक्षण गृह में जिस प्रकार बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, वह काफी प्रशंसनीय है। व्यवसायिक प्रशिक्षण के लिए कोई विशेष शैक्षणिक योग्यता की जरूरत नहीं होती है बच्चे यदि चाहे तो अपनी लगन व कुशलता से भविष्य में इसे अपनी जीविका का साधन के रूप में अपना सकते हैं। उन्होनें बच्चों को प्रशिक्षण प्राप्त कर हुनरमंद बनने एवं रोजगार से जुड़कर तरक्की करने के लिए कहा। जे.एस.एल.पी.एस. हजारीबाग की डी.पी.एम शांति मार्डी ने बच्चों को बताया कि यदि बच्चे यहाँ से छुटकर घर जाने के बाद यदि चाहे तो अपने-अपने गृह जिला या संबंधित प्रखंडों में जे.एस.एल.पी.एस. के. द्वारा चलाये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपना निबंधन करा सकते हैं जहाँ उन्हें प्रशिक्षण तो दिया जायेगा साथ ही साथ उन्हें ऋण भी उपलब्ध कराते हुए प्लेसमेंट भी कराया जाएगा। इस अवसर पर सुमिता श्वेता मिंज, प्रधान दंडाधिकारी किशोर न्याय बोर्ड, हजारीबाग ने सप्रेक्षण गृह में बच्चों को पुरी लगन से प्रशिक्षण प्राप्त करने की बात कही। इन्दु प्रभा खलखो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग ने बच्चों को संप्रेक्षण गृह,हजारीबाग में दैनिक दिनचर्या का पालन करने एवं अनुशासन में रह कर प्रशिक्षण में भाग लेने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में मोबाइल रिपेयरिंग एवं सर्विसेज का प्रशिक्षण प्राप्त किशोरों को अतिथियों के द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया जिससे बच्चे काफी उत्साहित थे। प्रशिक्षण जे.एस.एल.पी.एस. हजारीबाग के द्वारा उपलब्ध कराया गया। समस्त कार्यक्रम का मंच संचालन जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी संजय प्रसाद के द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन गृहपिता जयप्रकाश यादव ने दिया। इस कार्यक्रम में किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य प्रीति सिन्हा एवं बिनिता जैन, पीओआई. सी. संगीता कुमारी शिक्षक नवीन कुमार, जयन्त कुमार, अशोक कुमार, धर्मवीर धीरज, कविन्द्रनाथ ठाकुर एवं सोनी कुमारी गुप्ता उपस्थित थे।

## जिले के शीर्ष भाजपा नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह और सर्व दलीय विधान पार्षद महेश्वर सिंह का लिवास आज भी धोती हीं है, दोनों राजपूत जाति से आते हैं

**मोतिहारी, अशोक वर्मा**। बिहार में ठाकुर का कुआं आज वैचारिक स्तर पर चर्चा का विषय बनकर रह गया है। हर दल के राजपूत जाति से आने वाले लोग ठाकुर का कुआं विषय पर बोलने के लिए मजबूर हो गये है। है।बदले हुए दौर में आज भी ठाकुर का कुआं पर चर्चा होना बहुत सा प्रश्न छोड़ रहा है ।ठाकुर शब्द सिर्फ राजपूतों के लिए नहीं है बल्कि समाज के सभी जाति के शक्तिशाली लोगो का सिंबल है। और इस दुनिया के सभी लोग जानते हैं कि शक्तिशाली जो होते हैं उनका दो पक्ष होता है एक सकारात्मक और दूसरा नकारात्मक का । मनोज झा ने यद्यपि अपनी बातों में खोल करके कहा है कि हममे भी ठाकुर है,और जहां-जहां भी ठाकुर है उस ठाकुर को खत्म करना समय की मांग है । इस विषय पर राजपूत समाज बहुत ही आक्रोशित है। आनंद मोहन तो फेंटा कशकर मैदान में उतर चुके है । नीतीश कुमार एवं लालू प्रसाद ने जिस कानूनी प्रक्रिया से मुक्त कर उन्हें जेल से बाहर कराया , आज ठाकुर के मुद्दे पर आनंद मोहन विरोध मे है। ठाकुर के कुआं को आधार बनाकर बिहार में एक नया आंदोलन खड़ा कर दिया गया है। आज बिहार और देश ठाकुर -शोषन के दायरे से काफी ऊपर निकल चुका है । दलित और पीड़ित वर्ग की लड़ाई लगभग सभी दलों ने लड़ी है, आरक्षण का कानून ठाकुर बिरादरी से आने वाले प्रधानमंत्री बीपी सिंह ने हीं लागू किया था, इन बातों को नहीं भूलना चाहिए। किसी भी जाति के परिवार में जन्म लेना मनुष्य के अपने हाथ में नहीं होता, यह प्रकृति का नियम और खेल है ,लेकिन व्यक्ति जन्म लेकर क्या करता है किस वर्ग की लड़ाई लड़ता है यह मायने रखता है ।आज अगर ध्यान से देखा जाए तो दलित उपेक्षित और गरीबों की लड़ाई लड़ने वालों में मुख्य रूप से जो वाम दल का नाम आता है ,उसके शीर्ष नेताओं पर अगर ध्यान दिया जाए तो वहां भी ज्यादातर उच्च जाति के लोगों का ही नेतृत्व है। चाहे भाकपा माले हो या सीपीआई, सीपीएम कोई भी दल हो सभी के ज्यादातर नेता उच्च जाति से ही आते हैं ,और वे उस लड़ाई को लगातार लड़ रहे है । उनकी लड़ाई के बदौलत हीं दलितों और उपेक्षितों को बहुत तरह का कानूनी लाभ मिल रहा है । दलित उपेक्षित वर्ग से बहुत से नेता निकले हैं लेकिन उस लड़ाई को गंभीरता और गहराई से नही लड़े। उस लड़ाई को उच्च जाति के लोगों ने अपने हाथों में थाम लिया। इन सब बातों को बिहार या देश के बुद्धिजीवी से लेकर हर राजनीतिक दल के लोगों को नहीं भूलना चाहिए। जिस दौर मे कविता कहानी लिखी गई वह दौर कुछ और था। उस दौर मे विधवा और सती प्रथा थी, शोषण का तरीका अलग था। अब तो न वह देवी है न कराह है ।अगर गौर से देखा जाए तो अनू जाति और दलित उपेक्षित वर्ग से बहुत से जो लोग निकलकर बड़े-बड़े प्रशासनिक एवं सत्ता के पद पर आसीन हो चुके हैं उसमे बाबू जगजीवन राम,रामविलास पासवान, कांशीराम ,मायावती शरीखे कई ऐसे नाम है। आज अगर मूल्यांकन किया जाए कि उन लोगों ने आज के दिन अपने निजी संपत्ति से दलित उपेक्षित और पीड़ित वर्ग के लिए क्या कर रहे हैं ? क्या उनके या उनके वंशजों के अंदर ठाकुर आज विद्यमान नहीं है? आम पिछड़े बर्ग के जीवन स्तर को सुधारने के लिए प्रयासरत पूर्वी चंपारण के वर्तमान नेताओं को देखा जाए तो भाकपा माले के भैरो दयाल सिंह,रामबचन तिवारी ,विजय सिंह, भाग्य नारायण चौधरी ,ध्रुव त्रिवेदी, रामाश्रय सिंह, त्रिवेणी तिवारी का नाम मुख्य रूप से आता है। ये लोग राजपूत, ब्राह्मण, भूमिहार, कायस्थ जाति से आते हैं । तमाम वाम दलों का नेतृत्व मुख्य रूप से ऊंची जाति के लोगों के हाथ में हीं है ।ये लोग अति संवेदनशील हैं और इमानदारी पूर्वक उनकी लड़ाई को लड़ रहे हैं।पूर्वी चंपारण के विभिन्न दलों के बड़े-बड़े नेताओं पर धयान दिया जाय तो सीपीआई के कई बार विधायक रह चुके त्रिवेणी तिवारी का भी नाम आता है । इनके अलांवा अन्य दो नेताओं के जीवन और कार्य शैली को देखा जाए तो दोनों आज भी अति साधारण है। राधा मोहन सिंह जो भाजपा से आते हैं और वे 1974मे जयप्रकाश छात्र आंदोलन के अनुशासन समिति के अध्यक्ष थे। जेपी की सभा गांधी मैदान में हुई थी उस सभा में अनुशासन और मंच की जिम्मेदारी उनके उपर हीं थी। उन्होंने उस जिम्मेवारी का अच्छे ढंग से निर्वाहन किया।वे लगातार संघर्ष और सेवा से जुड़े रहे ।वे केंद्र सरकार में कैबिनेट कृषि मंत्री के पद पर रहकर अपनी सेवा पूरे देश को दी, लेकिन उन्होंने अपना मूल पहनावा धोती नहीं छोड़ी। आज भी उनका मुख्य लिवास धोती ही है। उनकी कमजोरी खैनी भी है । खैनी सामाजिक समरसता का का एक बहुत बड़ा परिचायक है।

## ख़ास ख़बर

### करंट के चपेट में आने से एक भैंस की मौत

**शुभ भास्कर, बबुरी,चंदौली**। क्षेत्र के डंवक गांव में मंगलवार की रात एक खम्भे में लगे अर्थिंग की तार में करेंट उतरने से उसकी चपेट में आकर एक भैंस की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार डंवक गांव निवासी रामनारायण की भैंस मंगलवार की रात रस्सी तुड़ा कर घर के बाहर लगे खम्भे के पास घास चरने लगी।खंबे में लपेटे गए अर्थिंग के तार में करंट उतर रहा था। जिसकी चपेट में भैंस आ गई और देखते ही देखते उसकी मौत हो गई। रामनारायण ने बताया कि भैंस को जब करंट लगा तो तूरंत उपकेंद्र को बिजली काटने के लिए फोन किया गया लेकिन आधे घंटे बाद लाइन काटी गई तब तक भैंस की मौत हो चुकी थी ।

### धानापुर का धनुष जग आज भी है प्रचलन मे ये तीन खंड मे है टूटता



**धानापुर**। क़स्बा स्थित बाज़ार मे रामलीला मैदान पर धानापुर का धनुष जग आज भी है प्रचलन मे ये तीन खंड मे टूटता है । इसको देखने के लिए दर्शक की भीड़ भी काफी होती है लोग दूर दूर से भी देखने आते है। रामलीला समिति के अध्यक्ष श्री अरविन्द कुमार मिश्रा जी ने बताया कि धनुष की सहायता से बाण चलाना निस्संदेह बहुत प्राचीन कला है, जिसका चलन आज भी है। आहार और आत्मरक्षा के लिए संसार के सभी भागों में अन्य हथियारों की अपेक्षा धनुष-बाण का प्रयोग सर्वाधिक और व्यापक हुआ है। आदिकाल से लेकर 16वीं शताब्दी तक धनुषबाण मनुष्य के निरंतर सहायक रहे हैं यहाँ तक कि जब आग्न्यस्त्रों ने इनकी उपयोगिता समाप्त कर दी, तब भी खेल, शौक और मनोरंजन के रूप में इनका प्रयोग चलता रहा है। यह दूर तक मार करनेवाला अस्त्र है, जिसका उपयोग सहस्त्रों वर्षों से होता आ रहा है। इसके प्रसार का इतिहास अज्ञात है। सांस्कृतिक प्रगति में भाप और आग उत्पन्न करने की कला के आविष्कार का जो महत्व है, वही महत्व धनुष के आविष्कार का भी है। यह आविष्कार आज के लगभग 30 से 50 सहस्त्राब्दी पहले हुआ। धनुष का आविष्कार कैसे हुआ, यह अनुमान का विषय हो सकता है, लेकिन इसका जन्म पूर्व में हुआ, यह निर्विवाद है। इसे एशिया माइनर के यूनानियों और अरबों ने संभवतः ईरान मार्ग से भारत से प्राप्त किया। विश्व के प्राचीनतम साहित्य संहिता और ब्राह्मणों में इंद्र के वज्र और धनुष-बाण का उल्लेख मिलता है। प्राचीन समय में सैन्य विज्ञान का नाम ही धनुर्वेद था, जिससे सिद्ध होता है कि उन दिनों युद्ध में धनुष बाण का कितना महत्व था। रामलीला समिति के पदाधिकारीयों ने बताया की धानापुर का धनुष जग 12/10/2023 दिन गुरुवार को होना निश्चित किया गया है। इस धनुष के बारे मे एक और चर्चा होती है की धनुष को लेने के लिए काशी के महाराजा ने अपने दूतो को भेज कर मुँह मांगी कीमत पर इसको ले कर आने की बात कही थी। पर यहा के पुरखो ने इसको देने से साफ इंकार कर दिया था।

### पैदल गस्त के साथ की जा रही चेकिंग



**शुभ भास्कर, चंदौली**। पुलिस अधीक्षक चन्दौली डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में चन्दौली जनपद में चाक चौबन्द सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा बालिका/महिला सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद के समस्त अधिकारी व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारीगण द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए सायंकाल पैदल गश्त किया जा रहा है,पैदल गश्त के दौरान प्रमुख मार्गो, चौराहों,बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति,वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की जा रही तथा इस दौरान आमजन को आश्वस्त कराया जा रहा है कि चन्दौली पुलिस शांति,सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है।

### चोरी के चार मोबाइल बरामद एक गिरफ्तार



**शुभ भास्कर, पीडीडीयू नगर**। रेलवे सर्कुलेटिंग रिया एवं ट्रेनों में अपराध नियंत्रण अपराधियों की गिरफ्तारी वह बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सुरेश कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी डीडीयू वह आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत के निर्देशन में जीआरपी वह आरपीएफ डीडीयू की संयुक्त टीम द्वारा प्लेटफार्म संख्या 1/2 के पास से एक चोर को चोरी के चार मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया।पकड़ा गया अभियुक्त सरजू कुमार जिला गाजीपुर निवासी बताया जाता है जो ट्रेनों वह स्टेशन परिसर में यात्रियों के समानो की चोरी करता था।जिसपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

# ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित






**चहनिया।चंदौली**। बेसिक शिक्षा विभाग ब्लॉक चहनिया द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय महुअर कलां में एक दिवसीय ग्राम प्रधान, स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों व प्रधानाध्यापक का ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय कैली व महुअर कलां की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत गीत व नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम आयोजको ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया ।भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने कहा कि उन्मुखीकरण कार्यक्रम का उद्देश्य बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों, योजनाओं व सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म, स्कूल बैग, व स्टेशनरी क्रय हेतु धनराशि अभिभावकों के बैंक खाते में प्रेषित किया जाना है व आपरेशन कायाकल्प एवं निपुण भारत अभियान के प्रति जागरूक करना है । अधिकांश परिषदीय विद्यालयों मे आपरेशन कायाकल्प की कड़ी में 19 पैरामीटर मानक के अन्तर्गत विधालयों मे प्रधान लोगों के सहयोग से कायाकल्प कार्य हुआ है । जिसमें विद्यालयों मे बाउंड्री वाल, फर्श टाइल्स, पीने का स्वच्छ पानी, रनिंग वाटर सप्लाई, समरसेबुल, शौचालय आदि संतृप्त हुए हैं व हो रहें हैं,तथा जहाँ कार्य शेष है वहाँ शीघ्र ही कार्य पूरा कर लिया जायेगा। विद्यालय की साज-सज्जा, विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था और विद्यालय में छात्र संख्या को बढ़ाने में शिक्षकों ने भरपूर प्रयास किया है। अब विद्यालयों मे शिक्षा गुणवत्ता को उच्च श्रेणी का बनाने का प्रयास करें। इस दौरान उपजिलाधिकारी मनोज पाठक, क्षेत्राधिकारी सकलडीहा राजेश राय,ब्लॉक प्रमुख अरुण जायसवाल ,बनवारी पाण्डेय,बिरेन्द्र यादव,नन्द कुमार शर्मा, मनोज गुप्ता, अनामिका सिंह, प्रतीक्षा मौर्या, अशोक चौहान, आत्मप्रकाश पाण्डेय, प्रेमशंकर मिश्रा सहित ग्राम प्रधान, प्रधानाध्यापक, जनप्रतिनिधि व शिक्षक आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश चतुर्वेदी ने किया ।

## सभी रोगों की एक दवाई घर में रखो साफ सफाई - कैलाश जायसवाल



**चकिया चंदौली**। स्वच्छ भारत के निर्माण एवं देश को स्वच्छ बनाने के लिए सभी को बढ़ चढ़ कर भाग लेना है और देश को स्वच्छ बनाना है । स्वच्छता का अभियान न केवल नागरिकों को स्वच्छता संबंधी आदतें अपनाने बल्कि हमारे देश को स्वच्छ सुंदर बनना है । समाजसेवी कैलाश प्रसाद जायसवाल ने कहा की सभी रोगों की एक दवाई घर में रखो साफ सफाई। हम सभी को स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखना होगा। लोगो को जागरूक रहना होगा । अपने घर के आस पास कूड़ा करकट इकठ्ठा ना होने दे । घर की छतों पर बाल्टी , डब्बा, टायर एवं खाली बर्तन में पानी इकठ्ठा ना होने दे। इकठ्ठे पानी से कीटाणु उत्पन्न होते है। गंदे पानी से मच्छर उत्पन्न होते है इसलिए साफ सफाई का विशेष ध्यान रखे । अपने घर को दैनिक सफाई करते रहे। शहरों में डेंगू के मरीज अत्यधिक पाए जा रहे है। अपने घर के पास नालियों को भी साफ सफाई करते रहे । गंदे पानी को इकठ्ठा ना होने दे। स्वस्थ रहना स्वच्छ शरीर कीटाणुओं से बेहतर तरीके से लड़ सकता है। इससे रोगों के खतरे कम होते हैं और आप स्वस्थ रहते हैं। सकारात्मक माहौलः साफ-सुथरे वातावरण में रहने से मानसिक शांति और सकारात्मकता का माहौल बनता है।

## उमरा कर वापस घर लौटे जायरीन, मल्यार्पण कर लोगों ने किया स्वागत





**चंदौली**। विकासखंण्ड शहाबगंज क्षेत्र के गांव सिहोरिया व बडगांवा से उमरा यात्रा पर गए यात्रियों के वापस घर आने पर लोगों रिश्तेदारों व परिजनों ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। आप को बताते चलें कि बिकासखण्ड शहाबगंज क्षेत्र के गांव सिहोरिया निवासी अब्दुल रजीक पत्नी जमीना बेगम बहालुद्दीन व बडगांवा निवासी अब्दुल क्यूम व हाफिज एजाज वीतते 18 सितंबर 2023 को दिल्ली होते हुए सऊदी अरब मक्का मदीना के लिए उमरा यात्रा पर मक्का मदीना पहुंचे थे। आज घर वापसी हुई अब्दूल रजिक व जमीना बेगम ने कहा कि अल्लाह के घर जाकर घर, परिवार, पड़ोस अपने वतन व पूरी दुनिया के लिए अमन चैन की दुआ मांगी। जायरीनों ने बताया हज वर्ष में केवल एक बार होता है, लेकिन उमरा के लिए पूरे वर्ष कभी भी जाया जा सकता है ।वहीं उमरा कर जायरीन 14 दिन में लौट सकते हैं।हज यात्रियों के बापस घर आने पर हेसामुद्दीन शेख,अनीस खान, तहसीलदार शेख सैफ सूफियान, इसराज शेख़ टेसामुद्दीन शहांशाह शेख, हवलदार शेख़ निसार फिरोज आरिफ इमरान शाजिया शाहीन, कैशर नेहा गुलप्सा, आइसा खातून तमन्ना आदि लोगों ने उनका फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

## पंपलेट बाटकर महिलाओं बालिकाओं को किया गया जागरूक



**शुभ भास्कर, पीडीडीयू नगर**। "मिशन शक्ति"अभियान के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता हेतु पूर्व में चलाए गए सफल अभियान के उत्साहवर्धक परिणामों के दृष्टिगत शासन के निर्देशानुसार मुख्यालय महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, लखनऊ के आदेश के क्रम में पुनःविशेष महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण अभियान चलाया जा रहा है।जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/ बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। अब महिलाओं/बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थाना,पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नहीं आना पड़ेगा अपितु"शक्ति दीदी" नियमित अन्तराल पर ग्राम चौपाल के माध्यम से विभिन्न गांवों में उपस्थित होकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही उनसे संवाद कर उनकी शिकायतों का गुण-दोष के आधार पर निराकरण कराया जा रहा है।महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव की महिलाओं के साथ एक"शक्ति दीदी"के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त व सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है।समस्या कोई भी हो कभी भी,कहीं भी ग्रामीण महिलाएं "शक्ति दीदी"से निसंकोच बात कर सकती हैं।उसी क्रम में दिन बुधवार को जनपद के विभिन्न गांवों में चौपाल लगा तथा विद्यालयों में जाकर महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति( नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वावलंबन )के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर, जैसे- 1090,112, 1076,1098,108 आदि की विस्तृत जानकारी देते हुए आवश्यकता पड़ने पर इनके प्रयोग हेतु बताया गया।साथ ही साइबर अपराधों के संबंध में अवगत कराते हुए इससे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। सरकार द्वारा महिलाओं से संबंधित संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर उन्हें जागरूक किया गया।

### जीवित्पुत्रिका व्रत को लेकर फलों की खरीदारी में जुटी महिलायें

**सकलडीहा**। संतान की लंबी आयु और स्वस्थ्य जीवन के लिये महिलायें 24 घंटा की निर्जला उपवास करती है। शुक्रवार को जीवित्पुत्रिका व्रत को लेकर कस्बा में सुबह से ही महिलाओं द्वारा फल और जितिया की खरीदारी में जुटी रही। इस दौरान महिलाओं ने सर्राफा दुकानों पर भी सोने चांदी की जितिया के साथ धागे की जितिया की खरीदारी किया। हर साल अश्वनि माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि के दिन जीवित्पुत्रिका व्रत संतान की लंबी आयु और स्वस्थ्य जीवन के लिये महिलायें 24 घंटा की निर्जला उपवास करती है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक जितिया व्रत को करने से संतान दीर्घायु होते है। उनपर आने वाला हर संकट टल जाता है। महाछठ पर्व के बाद जितिया को ही सबसे कठिन व्रतों में से एक माना गया है। जितिया व्रत को कई जगह जीवित्पुत्रिका और जीउतिया के नाम से भी जाना जाता है। छठ की तरह ही जितिया व्रत का आरंभ भी नहाय खय के साथ होता है। व्रत को लेकर सुबह से ही महिलाये फल के साथ विभिन्न पूजा सामाग्री की खरीदारी में जुटी रही।

### लगातार हो रहे बारिश के कारण कच्चे मकान ढहे





**शुभ भास्कर, बबुरी,चंदौली**। लगातार हो रही बारिश के कारण बुधवार को क्षेत्र के बौरी गांव में चार लोगों के कमजोर हो चुके रिहायशी कच्चे मकान ढह गए।उस समय मकान में कोई नहीं था नहीं तो बहुत बड़ी घटना घट जाती। जानकारी के अनुसार बुधवार को बौरी गांव निवासी नरसिंह बियार, दुलारे बियार, अलियारी देवी, राजेश बियार अपने खेतों में काम करने गए थे। दो दिन से हो रही बरसात के कारण कमजोर हो चुके उनके कच्चे मकान उसी समय भरभरा कर गिर गए। मकान ढहते देख ग्रामीणों की भारी-भारी इकट्ठा हो गई। घटना में संयोग अच्छा था कि मकान में कोई भी नहीं था, नहीं तो बहुत बड़ी घटना हो सकती थी। घटना में चारों परिवार के राशन, कपड़े, बिस्तर आदि जरूरी सामान मलबे में दब गए ।

### अखिलेश यादव की सरकार में भैंस खोजने वाली पुलिस...योगी की सरकार में खोज रही कुत्ता






**अशोक कुमार जायसवाल, शुभ भास्कर**। चन्दौली सदर कोतवाली में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। जहां एक महिला का पालतू कुत्ता लापता हो गया। अपने कुत्ते की तलाश में वृद्ध मालकिन ने उसे खोजकर लाने वाले को उचित इनाम देने का ऐलान कर दिया। यही नहीं मालकिन ने कुत्ते का मिसिंग पोस्टर जारी करवा दिया। लेकिन कभी अखिलेश यादव की सरकार में भैंस खोजने वाली पुलिस योगी आदित्यनाथ की सरकार में कुत्ता खोज रही है। चन्दौली पुलिस ने 24 घण्टे के अंदर कुत्ते को सकुशल बरामद कर उस परिवार सौंप दिया। जिसको लेकर चन्दौली पुलिस काफी चर्चा में है।आपको बता दें की बुधवार को टहलने के दौरान विकास भवन के समीप से लेब्रा डोर कुत्ता लापता हो गया। काफी तलाश के बाद भी कुत्ता नहीं मिला तो महिला पुलिस ने पुलिस से संपर्क कर कुत्ता खोजने की गुहार लगाई। साथ ही मालकिन ने कुत्ते का मिसिंग पोस्टर जारी कर कुत्ते को खोजकर लाने वाले को उचित इनाम देने का भी ऐलान कर दिया। शांति देवी से मिली तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार पुलिस ने कुत्ते को खोज निकाला। जिसके बाद पुलिस ने बाकायदा लिखा पढ़ी कर बरामद कुत्ते को उसकी मालकिन को सौंप दिया।

बैठक — क्षेत्र पंचायत की बैठक में नारी शक्ति वंदन कानून के लिए प्रधानमंत्री को दिया गया बधाई

## भारत के इतिहास में मिल का पत्थर साबित होगा नारी शक्ति वंदन अधिनियम- शम्भूनाथ सिंह यादव





**चकिया,चंदौली**। बीते दिनों आयोजित विशेष सत्र में मोदी सरकार द्वारा ऐतिहासिक कदम उठाते हुए भारत के महिलाओं व बेटियों को संसद व विधान सभाओं में समूचित प्रतिनिधित्व देने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद से पारित कराया गया। राष्ट्रपति द्वारा इस कानून को मंजूरी भी मिल गया। जिसपर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आधी आबादी द्वारा बधाई दिया जा रहा है। इसी क्रम में चकिया ब्लाक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक लोकप्रिय ब्लाक प्रमुख शंभू नाथ यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें महिला आरक्षण के कानून के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सदस्यों ने बधाई प्रस्ताव पारित करते हुए बधाई दिया। सभी लोगों ने एक शुर में कहा कि भारत के लोकतंत्र में यह कदम मिल का पत्थर साबित होगा। सालों से इसे पास कराने की इच्छा शक्ति किसी में नहीं थी। हमारे प्रधानमंत्री मोदी ने यह करके दिखा दिया। बीडीसी को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख शम्भूनाथ यादव ने कहा कि यह सच है कि भारत में महिला शक्ति को सदैव से नमन किया जाता है व उन्हें पूजा जाता है। आधी आबादी कंधे से कंधा मिलाकर आज हर क्षेत्र में प्रतिनिधित्व कर रही हैं। वर्षो से उनके हक के लिए पेडिंग 33 प्रतिशत आरक्षण का बिल हमारे दृढ़ इच्छा शक्ति वाले प्रधानमंत्री मोदी ने संसद में पेश कराकर पास करवा दिया। भाजपा ही आधी आबादी के हक की बात करती है। अब भारत 33 फीसदी महिला सांसद आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हुए आवाज उठायेंगे। वहीं उन्हें यह भी कहा कि महिला आरक्षण कानून के लागू होने मात्र से ही महिला शक्ति को राजनीतिक, सामाजिक क्षेत्र में आगे बढ़ने का अत्यधिक अवसर मिलेगा। सभी सदस्यों ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण पर मोदी सरकार की प्रशंसा की। इस दौरान एडीओ कोआपरेटिव सरद सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि संजय यादव, एकाउंटेंट सिया लाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य, सीतल कुमार, अशोक कुमार, विनोद कुमार, सलमान, उसार अली, बबलू, कुंवर जीत सिंह, संदीप कुमार, कुसूम देवी, सालू जायसवाल, सुनिल कुमार, मनीषा, मनोज, सुरेश, कन्हैया, चंद्रप्रकाश, रंगलाल मौर्या, मंजीरा यादव, अशोक, सरीता, जय प्रकाश, विजय सोनकर सहित दर्जनों क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहें।

## संकल्प सप्ताह के तहत कस्बा में हुई साफ सफाई, लिया संकल्प





**चहनियां।चंदौली**। संकल्प सप्ताह के तहत प्रमुख अरुण जायसवाल ने चहनियां कस्बा में सफाई कर्मियों व ब्लाक कर्मियों के साथ साफ सफाई किया । वही इसके पूर्व ब्लाक परिसर स्थित प्रमुख कार्यालय में पंचायत कार्यालय कर्मियों ने स्व्च्छता की शपथ ली । केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा हर जगह संकल्प सप्ताह के तहत आये दिन कहीं न कही स्व्च्छता का कार्यक्रम नेताओ, निजी व सरकारी कर्मियों द्वारा चलाया जा रहा है । इसी क्रम में गुरुवार को ब्लाक प्रमुख अरुण जायसवाल ने सर्वप्रथम समस्त ब्लाक कर्मियों को गांव, बाजार,सार्वजनिक स्थल व घर के आसपास साफ सफाई रखने का संकल्प दिलाया । इसके बाद सभी न्याय पंचायत के करीब दो सौ सफाई कर्मियों,ब्लाक कर्मियों को लेकर पूरे कस्बे में झाड़ू लगाया । इस दौरान कस्बावासियों से अपील करते हुए प्रमुख अरुण जायसवाल ने कहा कि संकल्प सप्ताह के तहत सरकार द्वारा साफ सफाई का अभियान प्रतिदिन चल रहा है । हम अपने गांव,बाजार,सार्वजनिक स्थल को साफ स्वच्छ रखने लिए कम से कम एक घण्टे का समय दे । निश्चित ही साफ सफाई से गांव घर सुंदर तो लगेगा ही साथ ही बीमारियां भी दूर होंगी । यदि मन बनाया जाय तो इंसान क्या नही कर सकता है। इस अवसर पर एडियो पंचायत राकेश दीक्षित,एडियो एसडी सन्तोष मिश्रा,एडियो आईएसबी रवि प्रकाश सिंह, रामअवतार सिंह,अनीश सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह, आनन्द यादव,जागृति यादव,प्रधानपति सतीश गुप्ता,आनन्द सिंह,वीरेंद्र यादव,पवन शर्मा आदि लोग उपस्थित थे ।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324

सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।